RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 344
फरीदाबाद, बुधवार, 25 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



मंधाना-हरमनप्रीत के अर्धशतक से भारतीय महिला टीम जीती

पेज - 12

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,978 | ▲ 37.08 |
| निफ्टी | 18,130 | ▲ 50 |
| सोना | 57,075 | ▲ 260 /10 gm |
| चांदी | 68,564 | ▲ 600 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 20.00°C
न्यूनतम 13.00°C

## क्विक न्यूज

### रॉ-आइबी रिपोर्ट्स सार्वजनिक करना राष्ट्र सुरक्षा को खतरा



**नई दिल्ली।** जजों की नियुक्ति को लेकर बनाए गए कॉलेजियम पर सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार के बीच तल्खी बढ़ती जा रही है। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को देश की खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट्स को सार्वजनिक करने पर कहा, यह देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। रिजिजू ने कहा, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आइबी) और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) की संवेदनशील रिपोर्ट के कुछ हिस्से सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा सार्वजनिक डोमेन में डाल दिए गए। खुफिया एजेंसी के अधिकारी देश के लिए गुप्त तरीके से काम करते हैं और अगर उनकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाती है तो वे भविष्य में इसे लिखने पर दो बार सोचेंगे। यह गंभीर चिंता का विषय है।

### चंडीगढ़ के जिला कोर्ट में मिली बम की सूचना

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ की जिला कोर्ट में बम की सूचना मिली है। जिसके बाद पूरे परिसर को खाली करा लिया गया है। पुलिस को बम के बारे में कॉल आई थी। जिसके बाद पुलिस काम्बिंग ऑपरेशन चला रही है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया।


### खेमका ने मांगी विजिलेंस विभाग में नियुक्ति

**चंडीगढ़।** आइएएस अशोक खेमका ने हरियाणा सतर्कता विभाग (विजिलेंस) में नियुक्ति की मांग की है। उन्होंने 23 जनवरी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल को चिट्ठी लिखकर अपनी यह इच्छा जताई है। कहा है कि वह अपने इस कार्यकाल में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म कर देंगे। साथ ही लिखा कि काम का एकतरफा बंटवारा जनहित में नहीं होता। आइएएस अशोक खेमका अपने तबादलों को लेकर खासे चर्चा में रहते हैं। हाल ही में राज्य सरकार ने नौ जनवरी को उनका तबादला कर अभिलेखागार का मुखिया नियुक्त किया है।

विस्तृत खबर पेज-9 पर

## दिल्ली-एनसीआर समेत पांच राज्यों में कांपी जमीन

# 30 सेकेंड तक हिली धरती नेपाल में था भूकंप का केंद्र



आइआइटी कानपुर ने की ताजा भूकंपीय घटनाओं पर रिसर्च

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली-एनसीआर** में मंगलवार को दोपहर 2.28 बजे 30 सेकेंड तक भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र नेपाल के कालिका से 12 किलोमीटर दूर बाजूरा में था। इसकी तीव्रता 5.8 आंकी गई। भूकंप का असर दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान के भी कुछ इलाकों में महसूस किए गए।

चीन में भी कई इलाकों में धरती कांपी है। नए साल के शुरुआत से लेकर अब तक राजधानी में भूकंप की यह तीसरी घटना है। इससे पहले पांच जनवरी को दिल्ली-एनसीआर और कश्मीर में शाम 7.56 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए थे।

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 थी। इसका केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 79 किमी दूर हिंदू कुश इलाका था। भूकंप दिल्ली में नए साल के पहले दिन यानी रविवार देर रात भी आया था, तब राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि देर रात 1.19 बजे 3.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। इसकी गहराई जमीन से पांच किमी नीचे थी। हालांकि इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ था। इससे भी पहले 29 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस समय तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.5 मापी गई थी।

दिल्ली का पश्चिमी क्षेत्र भूकंप का केंद्र रहा था, जिसकी गहराई पांच किलोमीटर थी। 12 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर और उत्तराखंड में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। भूकंप आने के बाद लोग घरों और दफ्तरों से बाहर आ गए थे। तब दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, बिजनौर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में तीन फॉल्ट लाइन हैं।

जहां फॉल्ट लाइन होती है, वहीं पर भूकंप का एपिसेंटर बनता है। दिल्ली-एनसीआर में जमीन के नीचे दिल्ली-मुरादाबाद फॉल्ट लाइन, मथुरा फॉल्ट लाइन और सोहना फॉल्ट लाइन हैं। भूगर्भ वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप की असली वजह टेक्टोनिकल प्लेटों में तेज हलचल होती है।

### हिमालय शांत, पर ये तूफान से पहले की शांति जैसा

**उत्तर-भारत** और नेपाल में बार-बार भूकंप आने को लेकर आइआइटी कानपुर की रिसर्च में बड़ा दावा किया है। इसके अनुसार, भारत के हिमालयन राज्यों में कभी भी भयावह भूकंप आ सकता है। यह भूकंप 1505 और 1803 में आए भूकंप जैसा हो सकता है। आइआइटी कानपुर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर प्रोफेसर और जियोसाइंस इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ प्रो. जावेद एन मलिक ने बताया कि हिमालय रेंज में टेक्टोनिक प्लेट अस्थिर हो गई है। इसके चलते अब लंबे समय तक इस तरह के भूकंप आते रहेंगे। इस बार आए भूकंप का भी यह एक बड़ा कारण है। नेपाल में ये झटके उत्तराखंड से सटे हिमालयन रेंज पर आते हैं। यही कारण है कि इसका असर दिल्ली एनसीआर तक देखने को मिलता है। दरअसल, हम लोग (भारत) भूकंप की साइकिल जोन में पहले से ही प्रवेश कर चुके हैं। मतलब हम लोग उस टाइमलाइन में दाखिल हो चुके हैं, जब कभी भी किसी भी वक्त उत्तराखंड और हिमाचल में भयावह भूकंप के झटके आ सकते हैं। हिमालय भी इस ओर इशारा कर रहा है। हिमालय अभी पूरी तरह से शांत बैठा है। ये तूफान के आने से पहले वाली शांति है।

# हंगामे के बाद टाला गया दिल्ली मेयर चुनाव, मेज पर चढ़े, बोतलें फेकीं

### छह जनवरी को हुई बैठक हंगामे के चलते हुई थी स्थगित



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनावों की प्रक्रिया मंगलवार को स्थगित कर दी गई। एमसीडी के सिविक सेंटर में वोटिंग शुरू होते ही हेडक्वार्टर में भारी हंगामा शुरू हो गया। आप-भाजपा मेंबर्स ने नारेबाजी की, बैरिकेड्स पर चढ़ गए और एक दूसरे पर बोतलें फेंकी। हंगामे के कारण सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके पहले एमसीडी में 10 मनोनीत सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान भी आप नेताओं ने नारेबाजी की। भाजपा नेताओं ने भी जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाए।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि बहुत दुख का विषय है कि वोट डालने के लिए सभी बैठे थे लेकिन फिर हंगामा हो गया। ऐसा नहीं होना चाहिए, लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। आप ने महापौर पद के लिए शैली ओबेरॉय और भाजपा ने रेखा गुप्ता को मैदान में उतारा है। ऐसे में राजधानी को एक महिला मेयर मिलना तय है। भाजपा सांसद हंसराज हंस ने दावा किया कि मेयर भाजपा का होगा। एमसीडी चुनाव के बाद सदन की पहली बैठक छह जनवरी को हुई थी, लेकिन हंगामे के कारण मेयर का चुनाव नहीं हो पाया था। आप नेता मुकेश गोयल ने कहा कि संवैधानिक तरीका यह है कि पहले चुनाव जीतकर आए पार्षदों को शपथ दिलाई जाए, बाद में मनोनीत पार्षदों को। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा नेता शिखा राय ने कहा कि सदन की कार्यवाही जहां छोड़ी गई थी, वहीं से शुरू होगी। सदन में सबसे पहले मनोनीत पार्षद विनोद फिर लक्ष्मण ने शपथ ली। इसके बाद मुकेश मान, सुनील चौहान, राजकुमार भाटिया, संजय त्यागी को शपथ दिलाई गई। मनोज कुमार जैन, रोहताश कुमार, श्वेता कमल खत्री के बाद वार्ड संख्या एक से चुनाव जीतकर आए पार्षदों का शपथ ग्रहण शुरू हुआ। आप नेता सौरव भारद्वाज ने कहा, भाजपा आज नगर निगम में कब्जा करने के लिए लाठी डंडों के साथ फोर्स लाई है। क्या किसी सदन में ये देखा है ? क्या भाजपा डरा-धमकाकर जबरदस्ती एमसीडी पर कब्जा करना चाहती है। वहीं, संजय सिंह ने कहा कि एमसीडी में भाजपा का 'डंडा लोकतंत्र' चलने नहीं देंगे।

विस्तृत खबर पेज 10 पर

### एक ही परिवार के सात लोगों के शव मिले

**पुणे।** पुणे में एक ही परिवार के सात लोगों के शव मिले हैं। परिवार आर्थिक तंगी में था। पुलिस के अनुसार पहली नजर में मामला आत्महत्या का लग रहा है। मामला पुणे जिले के दौंड तालुका के परगांव का है। यहां की भीमा नदी से सोमवार को परिवार के चार सदस्यों के शव मिले। वहीं नदी में तलाश के दौरान मंगलवार दोपहर परिवार के तीन और बच्चों के शव मिले हैं। मृतकों में 50 साल के पुरुष से लेकर तीन साल तक के बच्चे के शव हैं। बताया जाता है कि नदी में मछली पकड़ने के दौरान मछुआरों को एक महिला का शव मिला। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जब नदी में तलाशी ली तो और शव मिले। शवों की तलाश के लिए गोताखोरों की मदद ली गई है।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी बने जवाहर यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**मुख्यमंत्री** कार्यालय (सीएमओ) में नियुक्तियों की सिलसिला जारी है। तरुण भंडारी को सीएमओ में पब्लिसिटी एडवाइजर बनाने के बाद अब जवाहर यादव को मुख्यमंत्री मनोहर लाल का ओएसडी नियुक्त किया गया है। इसको लेकर ऑर्डर भी जारी कर दिए गए हैं। सीएमओ में यह उनका दूसरा कार्यकाल होगा।

इससे पहले हरियाणा हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन और सीएम के ओएसडी भी जवाहर यादव रह चुके हैं। 2019 में इस्तीफे के बाद वह भाजपा के प्रचार एवं संपर्क प्रमुख का कार्यभार भी देख चुके हैं। हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन पद पर कार्यकाल पूरा होने के बाद पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने यादव को प्रचार एवं संपर्क प्रमुख नियुक्त किया था।

जवाहर यादव 2008 से 10 तक बीजेपी के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। 2013 में प्रदेश प्रवक्ता के तौर पर जिम्मेदारी निभाई और 2014 में बीजेपी सरकार आने के बाद सरकार में भी मुख्यमंत्री के ओएसडी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

## भाजपा डेरा प्रमुख का इस्तेमाल कर रही या श्रद्धावान : सेलजा

**हिसार।** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सेलजा मंगलवार को कांग्रेसी नेता स्वर्गीय जगदीश नेहरा को श्रद्धांजलि देने के लिए सिरसा पहुंची। सेलजा ने कहा कि भाजपा नेताओं का राम रहीम के आगे नतमस्तक होना नई बात नहीं है।

सरकार ने यह पहली बार नहीं किया। इससे आप सोच सकते हैं कि सरकार का उनके प्रति रवैया कैसा है। यह सोचने का विषय है कि भाजपा उनमें श्रद्धा रखना चाहती है या फिर केवल उनका केवल इस्तेमाल करना चाहती है। भाजपा हर मोड़ पर विफल रही है। चाहे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात हो या बेरोजगारी की बात हो, हर स्तर पर भाजपा की विफलता रही है।

## विनेश-साक्षी-पूनिया सरकार के फैसलों से नाखुश

# ओवरसाइट कमेटी पर हमसे नहीं ली सलाह 28 रेफरी हैं नौसिखिए : बजरंग पूनिया



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**भारतीय** कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआइ) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाने वाले पहलवानों ने अब केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओर से बनाई गई ओवरसाइट कमेटी पर सवाल उठाए हैं। डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष के खिलाफ दिल्ली में धरना देने वाले पहलवानों की अगुआई करने वाली पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने मंगलवार दोपहर ट्वीट कर इस बारे में अपनी आपत्ति जताई।

विनेश और पूनिया ने दोपहर तीन बजे एक साथ ट्वीट किए जबकि साक्षी ने दोपहर 3.40 बजे अकेले ट्वीट किया। तीनों पहलवानों ने एक ही मैसेज ट्वीट किया। तीनों ने लिखा, हमें आश्वासन दिया गया था कि ओवरसाइट कमेटी के गठन से पहले हमसे परामर्श किया जाएगा। बड़े दुख की बात है कि इस कमेटी के गठन से पहले हमसे राय भी नहीं ली गई। तीनों पहलवानों ने अपने ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग भी किया है।

बता दें, केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने 20 जनवरी को डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष के खिलाफ धरना देने वाले पहलवानों के साथ नई दिल्ली में अपने सरकारी आवास पर मीटिंग की थी। देर रात तक चली इस मीटिंग के बाद अनुराग ठाकुर ने पहलवानों के साथ मीडिया के सामने आकर कहा कि खेल मंत्रालय पूरे विवाद की जांच के लिए कमेटी बनाएगा जो चार हफ्ते में रिपोर्ट देगी। कमेटी की जांच पूरी होने तक बृजभूषण सिंह डब्ल्यूएफआइ का कामकाज नहीं देखेंगे।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन, 23 जनवरी को अनुराग ठाकुर ने पांच मेंबरी ओवरसाइट कमेटी बनाने की जानकारी देते हुए उसके सदस्यों के नाम का ऐलान किया। कमेटी का प्रमुख विश्व चैंपियन मुक्केबाज मैरी कॉम को बनाया गया जबकि इसके सदस्यों में ओलंपिक मेडल विजेता रेसलर योगेश्वर दत्त, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित तृप्ति मुरगुंडे, टॉप्स सीइओ राजगोपालन और राधा श्रीमन शामिल हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह कमेटी डब्ल्यूएफआइ का कामकाज देखेगी।





अब पहलवानों ने खेल मंत्रालय की इसी ओवरसाइट कमेटी के गठन को लेकर किसी तरह की कोई चर्चा न किए जाने पर सवाल उठाए हैं। उधर अनुराग ठाकुर से हुई मीटिंग के बाद तीन दिन पहलवानों ने किसी से कोई बातचीत नहीं की। मंगलवार सुबह विनेश फोगाट ने एक के बाद एक दो ट्वीट किए, जिसके बाद मामला फिर गर्मा गया। विनेश ने पहले ट्वीट में लिखा, सत्य को परेशान किया जा सकता है, लेकिन पराजित नहीं। इसके बाद उनका दूसरा ट्वीट आया, मुकाम बड़ा हो तो हौसलों में बुलंदी रखना। इस मामले को लेकर यूजर्स भी पहलवानों का हौसला बढ़ा रहे हैं। कुछ यूजर्स का कहना है- विनेश, आप आयरन लेडी हो, जीत अवश्य ही मिलेगी। वहीं, कुछ यूजर ने लिखा कि सत्य आरोप लगाकर सबूत भी देता है। आपको सबूत देने के साथ आरोपी के खिलाफ एफआइआर भी करवानी चाहिए थी।

याद रहे, इससे पहले अर्जुन अवॉर्डी कुश्ती कोच कृपाशंकर बिश्नोई ने अपने आरोपों में कहा था कि कुश्ती में कई गड़बड़ियां हैं, मैंने भी शिकायत की थी, मगर सुनवाई नहीं हुई। बिश्नोई ने 17 दिसंबर 2022 को भारतीय कुश्ती संघ को मेल के जरिए 28 रेफरी के नाम सहित जानकारी दी थी और उन्हें नौसिखिया कहा था। उन्होंने कुश्ती के नए नियमों पर भी सवाल खड़े किए थे, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। नियमों को लेकर जब उन्होंने आपत्ति दर्ज करवाई तो उन्हें हटा दिया गया था।



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 20.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 13.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल में स्पाईस मैसी कार्यक्रम : सुबह 10.30 बजे
- शाहपुर और खादर में एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम: सुबह 11 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन शिविरों का आयोजन: सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**म्यूचुअल** फंड बचत करने का शानदार जरिया है। इसमें 500 रुपये की छोटी रकम से भी बचत शुरू की जा सकती है। नियमित निवेश करने पर लंबी अवधि में यह छोटी बचत बड़ी रकम बन जाती है। ऐसा चक्रवृद्धि ब्याज के कारण होता है। इसमें तमाम निवेशक मिलकर रिटर्न पाने के लिए पैसा लगाते हैं। यह पैसा समय के साथ बढ़ता है। निवेशकों से जुटाए गए पैसे का प्रबंधन एक फंड मैनेजर करता है। फंड मैनेजर इनवेस्टमेंट प्रोफेशनल होता है। यह पैसा विभिन्न प्रतिभूतियों जैसे बॉन्ड, शेयर, गोल्ड और अन्य एसेट में निवेश किया जाता है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### छात्रवृत्ति के लिए करें आवेदन

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग हरियाणा द्वारा राज्य/राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक विजेता/प्रतिभागी खिलाड़ियों के वर्ष 01 अप्रैल 2022 से 31 दिसंबर 2022 तक की अवधि की खेल उपलब्धियों के आधार (एससी और एससी के अलावा) छात्र/छात्रा खिलाड़ियों को छात्रवृति देने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, संधू बाला ने बताया गया है कि पात्र खिलाड़ी 28 फरवरी 2023 तक जिला खेल कार्यालय फरीदाबाद में आवेदन जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के बाद किसी भी खिलाड़ी का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। छात्रवृति के आवेदन पत्र व शर्तें विभाग की वेबसाइट http://www.haryanasports.gov.in/ पर उपलब्ध है।

**क्विक न्यूज**

### आर्य समाज ने मनाया स्थापना दिवस

**फरीदाबाद।** आर्य समाज स्थापना दिवस महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान तथा आर्य केंद्रीय सभा फरीदाबाद के तत्वावधान से सोमवार को आर्य समाज नेहरू ग्राउंड के प्रांगण में मनाया गया। मुख्य अतिथि संस्थान के अध्यक्ष आनंद महता थे। कार्यक्रम का आरंभ यज्ञ से हुआ। विभिन्न केएल मेहता दयानंद विद्यालय की शिक्षिकाओं ने महर्षि दयानंद के भजनों के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किए। आनंद महता ने आर्य समाज के इतिहास पर चर्चा की। बताया कि आर्य समाज को नेहरू ग्राउंड में आरम्भ हुए 69 वर्ष हो गए हैं। आर्य समाज नेहरू ग्राउंड की स्थापना में महता परिवार के साथ अन्य परिवार ने अपना योगदान दिया एवं संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# लापरवाही : सीवर जाम से त्रस्त हैं भाखड़ी रोड की सोसायटियों के हजारों लोग

## विकास शुल्क और ईडीसी के करोड़ों रुपये जमा कराने पर भी झेलनी पड़ रही परेशानी

**राजेश दास। फरीदाबाद**

**ग्रेटर** फरीदाबाद की विभिन्न सोसायटियों में रहने वाले लोगों को प्रशासन की लापरवाही से रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन बड़खल विधानसभा क्षेत्र में स्थित सोसायटियों में भी कुछ कम समस्याएं नहीं हैं। यहां भाखड़ी नवादा रोड पर स्थित सोसायटियों में रहने वाले हजारों लोग सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं। यह समस्या यहां पर स्थित दिल्ली पुलिस सोसायटी में रहने वाले हजारों लोग सबसे ज्यादा त्रस्त हैं।

सोसायटी के गेट के सामने से गुजर रही सड़क पर हर समय सीवर का गंदा पानी हुआ रहता है। जिससे सोसायटी के निवासियों के साथ साथ आसपास की सोसायटियों और गांवों में रहने वाले लोगों को रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली पुलिस सोसायटी में रहने वाले लोगों का कहना है कि वे विकास शुल्क और ईडीसी का करोड़ों रुपये निगम के पास जमा करवा चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद लंबे समय से समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि डबुआ नवादा रोड पर सीवर की लाइन तो डाली हुई है। लेकिन निगम की लापरवाही के कारण सीवर का कनेक्शन नहीं जोड़ा गया। स्थानीय लोग निगम के ऐप 311 पर अनेक शिकायतें डाल चुके हैं। लेकिन फिर भी समाधान नहीं हुआ।


गंदे पानी के भराव से परेशान है इलाके के लोग।


भाखड़ी रोड पर सीवर का गंदा पानी।

### व्यर्थ हो रही है सीवर लाइन

**नवादा** भाखड़ी रोड पर सीवर का पानी भरने की समस्या कोई नई नहीं है। इस सड़क पर वर्षों से इसी तरह सीवर का पानी भरा रहता है। यहां गंदे पानी की निकासी के लिए एक नाला मौजूद है। लेकिन सफाई के अभाव और अतिक्रमण की वजह से यह नाला जगह जगह से बुरी तरह जाम हो चुका है। वहीं आगे चलकर यह नाला पूरी तरह बंद हो चुका है। जिससे गंदे पानी की निकासी नहीं हो पाती। ऐसे में नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर जमा होना शुरू हो जाता है। लोगों की इस परेशानी को देखते हुए समस्या के समाधान के लिए करीब तीन साल पहले यहां 95 लाख रुपये की लागत से सीवर लाइन डालने की योजना बनाई थी। उसी दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और इलाके की विधायक सीमा त्रिखा ने संयुक्त रूप से सीवर लाइन निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया था। काफी समय तक तो काम शुरू ही नहीं हो पाया था। लेकिन बाद में सीवर लाइन का काम पूरा तो हो गया। लेकिन इसका कनेक्शन नहीं जोड़ा गया।

### विकास के नाम पर विनाश

**नगर** निगम द्वारा नवादा भाखड़ी रोड पर सीवर लाइन डालने का काम तो ठेकेदार से करवा दिया। लेकिन इसके बाद लापरवाही करते हुए इस काम की तरफ ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। सीवर लाइन निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद निगम के ठेकेदार ने इसके कनेक्शन को अन्य लाइनों से जोड़ने की जरा भी जरूरत महसूस नहीं की। इसके अलावा ठेकेदार ने यहां सड़क खोद कर सीवर की लाइन डालने का काम किया था। काम पूरा होने के बाद ठेकेदार ने खोदे गए गड्ढे आधे अधूरे तरीके से बंद कर दिये। जिससे जहां सड़क पर गड्ढे तो बने ही हुए हैं। साथ ही सड़क भी उबड़ खाबड़ हो चुकी है। बताया जाता है कि विकास कार्यों के दौरान होने वाली टूट फूट की मरम्मत करवाने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है। लेकिन ठेकेदार ने सड़क की मरम्मत नहीं करवाई। जिससे सोसायटियों में रहने वाले लोगों को रोज परेशानी होने लगी। ऐसे में पिरामिड सोसायटी के बिल्डर ने लोगों की समस्या को देख कर सामने की सड़क का निर्माण करवा दिया है।


दिल्ली पुलिस सोसायटी के गेट पर भरा गंदा पानी।

### कोई भी सुनने को तैयार नहीं

**यहां** की सोसायटियों में रहने वाले लोगों ने बताया कि नालियों के पानी से पहले ही काफी परेशान रहते हैं। बरसात आने पर यहां और बहुत बुरी स्थिति हो जाती है। लगातार गंदा पानी भरा रहने से पहले ही सड़क पर गड्ढे बने हुए हैं। जलभराव की वजह से यह गड्ढे दोपहियां वाहन चालकों को नजर नहीं आते और वे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। वहीं यहां पानी में फंस कर वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। जलभराव की वजह से यहां मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। सोसायटी वासियों का कहना है कि इस गंदे पानी के भराव की शिकायत वे पिछले करीब एक साल से नगर निगम के साथ साथ पार्षद, विधायक और संबंधित अधिकारियों से करते आ रहे हैं। उन्होंने विधायक को सोसायटी में बुलाकर समस्या से अवगत भी कराया था। लेकिन आज तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। नगर निगम की लापरवाही के कारण सोसायटी वासी नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

### लंबे समय से परेशानी



**दिल्ली** पुलिस सोसायटी में रहने वाले वरिष्ठ नागरिक जसमेर सिंह नरूला ने बताया कि जलभराव की समस्या के कारण इलाके के हजारों लोग तीन साल से परेशान हैं। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों के साथ साथ एप 311 पर कई बार शिकायत की है। वे इलाके की विधायक और पार्षद को भी समस्या से कई बार अवगत करवा चुके हैं। लेकिन कोई भी उनकी समस्या को गंभीरता लेने को तैयार नहीं है।

# एनआईटी विस क्षेत्र के लिए 10 करोड़ की राशि मंजूर

## विधायक नीरज शर्मा ने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला को सौंपा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**उप** मुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला ने घोषणा कर कहा था कि वर्षा से प्रदेश की सड़कें टूट गई हैं। सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों जो कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती है उनको दुरुस्त करने के लिए 25-25 करोड़ रुपये जारी करने का निर्णय लिया है। इसी को लेकर विधायक नीरज शर्मा ने अपने कार्यालय के पत्र क्रमांक 498 दिनांक 19 अगस्त 2022 को अपनी विधानसभा के गांवों की 20 सड़कों को रिपेयर एवं दुरुस्त करने के लिए मांग पत्र दिया था। एनआईटी विधानसभा के गांवों की 11 सड़कों को विभाग द्वारा मंजूर किया गया है जिनको दुरुस्त किया जाएगा, जिसकी लागत लगभग 10 करोड़ रुपये आएगी। जिसमें नेकपुर लिंक रोड, आलमपुर से सिरोही,


विधायक नीरज शर्मा उप मुख्यमंत्री को पत्र सौंपते हुए।

### ग्रामीण क्षेत्र की 11 सड़कों की जल्द शुरू होगी मरम्मत

आलमपुर से धौज, लिंक रोड नया गांव, लिंक रोड सरकारी स्कूल धौज, लिंक रोड सिलाखडी, लिंक रोड सिरोही, नया गांव से मोहताबाद, सरूरपुर से मादलपुर, सिलाखडी से गांव धौज बंद, लिंक रोड से मादलपुर की सडकों को दुरस्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जो सड़कें रह गई है उनके टेंडर की मियाद अनुसार ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है कि खराब की तय सीमा के तहत सडको को रिपेयर करें। विधायक नीरज शर्मा ने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला से उनके कार्यालय चण्डीगढ़ मिलकर उपरोक्त 11 सडको की राशि जारी करने बारे मांग पत्र सौंपा।

# गोल्ड मेडल विजेता आरती का फतेहपुर में जोरदार स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**पंजाब** के बंगा शहर की नेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित दूसरी नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप में फरीदाबाद की टीम ने 5 गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं ओपन कैटेगरी की फीमेल कैटेगरी में आरती चंदीला ने ट्रॉफी अपने नाम किया है।

दूसरी तरफ फरीदाबाद के ही प्रेम मनोचा ने मेल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। ओपन कैटेगरी की फीमेल कैटेगरी में आरती चंदेला ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर ना केवल फरीदाबाद बल्कि अपने स्कूल जीवा पब्लिक स्कूल का और अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है।

इसको लेकर फतेहपुर चंदीला ओल्ड फरीदाबाद चौक से आरती चंदीला के जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने नाच गाकर बच्ची का हौसला अफजाई किया और उसे बधाई दी। इस मौके पर जो है पूरे सेक्टर 21डी और फतेहपुर चंदीला में खिलाड़ी आरती चंदीला के जोरदार स्वागत में एक स्वागत जुलूस भी निकाला गया। इसके अलावा दृष्टि स्वर्ण पदक, अकाश स्वर्ण पदक, साक्षी रजत पदक जीते। वही कोच हरीश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 6 राज्यों के लगभग 216 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पंजाब हरियाणा राजस्थान दिल्ली उत्तरप्रदेश व हिमाचल की टीम में कांटे की टक्कर रही। जिसमें फरीदाबाद हरियाणा की टीम प्रथम रही पंजाब दूसरे स्थान पर और दिल्ली तीसरे स्थान पर रही शहर पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत हुआ है।


गोल्ड विजेता को गोद में उठा स्वागत करती महिलाएं।

### फरीदाबाद के प्रेम मनोचा ने मेल ट्रॉफी पर जमाया कब्जा, आरती ने पांच गोल्ड मेडल जीते

# बालिकाओं ने जाने अपने अधिकार-उत्तरदायित्व

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**राष्ट्रीय** बालिका दिवस पर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मंगलवार को बालिका रक्षा एवं सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय के महिला प्रकोष्ठ और हरियाणा पुलिस के प्रवक्ताओं ने बालिकाओं को उनके अधिकार, उत्तरदायित्व और कानून और सरकार की ओर से उनके लिए किए गए सुरक्षा उपबंधों की जानकारी दी। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. गीता गुप्ता ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जागरूकता पैदा करने और एक उज्जवल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने लड़कियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण बनाने पर जोर दिया। सुशीला फोगाट, उप-निरीक्षक, महिला पुलिस स्टेशन एनआईटी जोन ने लड़कियों की सुरक्षा के विभिन्न अधिनियमों और विनियमों की जानकारी दी। पोक्सो और साइबर कानून से भी अवगत कराया। कांस्टेबल जसवंत सिंह ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, दुर्गा शक्ति एप और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। कॉन्स्टेबल चंदर मोहन ने लंग के आधार पर भेदभाव को दूर करने के लिए जागरूक किया। डॉ. रेखा सेन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में छात्राओं की जिज्ञासाओं का भी जवाब दिया गया।


कार्यशाला का शुभारंभ करवाते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

# जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू करेगा आंदोलन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**सरकार** की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू आंदोलन चलाएगी। पूर्व निधारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पावटा गांव के रजिया धर्मशाला, रजिया मोहल्ले में ग्रामीणों की एक सभा हुई। इस सभा की अध्यक्षता रतिराम ने की।

सभा में सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने कहा कि सरकार ने बड़ी संख्या में परिवार पहचान पत्र में अशुद्धियों को ठीक करने के नाम पर निर्धन और गरीब परिवारों के बीपीएल कार्ड काट दिए हैं। बीपीएल कार्ड में कटौती होने से लोगों को राशन मिलना बंद हो गया है। जिन लोगों के राशन कार्ड काटे गए हैं। उनके पास आय के कोई भी स्रोत नहीं हैं। सरकार ऐसे लोगों के बीपीएल कार्ड काटकर उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

सीटू जिला कमेटी ने सरकार की नीतियों के खिलाफ आगामी दो फरवरी को खण्ड एवं विकास अधिकारी तिगांव, 3 फरवरी को बल्लभगढ़, और 4 फरवरी को खंड विकास एंड पंचायत अधिकारी फरीदाबाद के कार्यालयों पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। तब तक गांव में सभाएं करने का सिलसिला जारी रहेगा।

उन्होंने सरकार से जिन लोगों के परिवार पहचान पत्रों में गड़बड़ियां करके बीपीएल कार्ड काटे गए हैं। उनका फिर से सर्वे करने की मांग की। डंगवाल ने बताया कि गांव में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। उसकी निकासी के उचित इंतजाम सरकार द्वारा नहीं किए जा रहे हैं। नालियां और पक्की गलियों का निर्माण नहीं हो रहा है। ग्रामीण लोगों की समस्याओं पर सरकार का ध्यान नहीं देती है। आज की बैठक को जिला कमेटी के सदस्य दीपक, नरेश कुमार, आदि ने भी संबोधित किया।


ग्रामीणों की सभा को सम्बोधित करते हुए सीटू के जिला सचिव वीरेन्द्र।

### परिवार पहचान पत्र के सत्यापन के नाम पर बीपीएल राशन कार्ड रद्द किए

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है, तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद, एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा, पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

जमीं में धंसते शहरों को बचाकर कोई दिखलाये
मिटे नफ़रत दिलों से कोई ऐसा पाठ सिखलाये
चमत्कारी यहाँ भूखों को रोटी क्यूं नहीं देते
किसी के पास है इस प्रश्न का उत्तर तो बतलाये

# छात्राओं और अध्यापकों को पुलिस ने किया जागरूक

## पुलिस टीम ने बैंक पहुंचकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की

## सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक किया

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**थाना** एनआईटी प्रभारी सुनीता और उनकी टीम ने एनआईटी के गर्ल्स स्कूल पांच नंबर में 500 से अधिक छात्राओं और अध्यापकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। पुलिस टीम ने बैंक पहुंचकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर सुरक्षा का जायजा भी लिया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आमजन को साइबर अपराध तथा उससे बचने के तरीकों के बारे में लगातार जागरूक कर रही है। इसके तहत साइबर अपराध थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता ने एनआईटी स्थित गर्ल्स स्कूल, एनआईटी 5 नम्बर में शिक्षक तथा छात्राओं को साइबर अपराध प्रति जागरूक किया और इससे बचने के उपाय भी बताए।

स्कूल प्रिंसिपल ने पुलिस टीम का स्वागत किया और छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करने के लिए स्टेज पर आमंत्रित किया। इंस्पेक्टर सुनीता ने बताया कि जब आप सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा एक्टिव रहते हैं तो यह अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति आपके द्वारा अपलोड की गई जानकारी का गलत फायदा उठाकर अपने लालच के लिए उसका गलत उपयोग करते हैं। आजकल फेसबुक व्हाट्सएप या अन्य बहुत सारी सोशल साइट्स पर वीडियो कॉल स्कैम चल रहा है जिसमें कोई लड़का या लड़की आपको अश्लील वीडियो कॉल करने का ऑफर देते हैं जिसके झांसे में आकर कुछ युवा उनके साथ अश्लील वीडियो कॉल पर बात कर लेते हैं।

वीडियो कॉल के दौरान अपराधियों द्वारा यह कॉल रिकॉर्ड कर ली जाती है जिसमें वीडियो कॉल करने वाले का चेहरा दिखाई देता है। इसके पश्चात अपराधियों का पीड़ित को ब्लैकमेल करने का सिलसिला शुरू होता है। अपराधी उस व्यक्ति की वीडियो को फेसबुक या व्हाट्सएप के माध्यम से उसके दोस्तों या रिश्तेदारों को भेजने की धमकी देते हैं और ब्लैकमेल करके उनसे पैसे मांगते हैं। बदनामी के डर के कारण जब व्यक्ति एक बार इन अपराधियों को पैसे दे देता है तो वह उसे फिर से ब्लैकमेल करते हैं और बार-बार पैसे लेते हैं। इस प्रकार व्यक्ति इनके चंगुल में पूरी तरह फंस जाता है और इन्हें बहुत सारे पैसे दे देता है इस प्रकार आजकल के युवा इन साइबर अपराधियों के झांसे में आ रहे हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की कि वह किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ इस प्रकार की वीडियो कॉल या चैट करने से बचें तथा इस प्रकार की रिक्वेस्ट आने पर उन्हें तुरंत ब्लॉक कर दें।


थाना प्रभारी सुनीता गर्ल्स स्कूल में छात्राओं और अध्यापकों को जागरूक करते हुए।

# कैबिनेट मंत्री ने की एमसीएफ के विकास कार्यों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़**

**प्रदेश** के परिवहन, खनन, चुनाव एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ में चल रहे विकास कार्यों को लेकर के अधिकारियों के साथ बीती शाम बल्लबगढ़ के रेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक ली। बैठक में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मुख्यमंत्री घोषणा के तहत कार्यों के बारे में समीक्षा की गई। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को चले हुए विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के दिशा निर्देश दिए। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बैठक में अधिकारियों को बल्लभगढ़ विधानसभा बची हुई खराब गलियों को बनाने के लिए भी जल्द से जल्द स्टीमेट तैयार करने के दिशा निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर जितेंद्र दहिया सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.01.2023 को एक व्यक्ति ने अपना नाम बच्चू सिंह पुत्र देव प्रकाश निवासी श्रमिक विहार सेक्टर 30 फरीदाबाद लिखवाकर बीके अस्पताल फरीदाबाद में इलाज के लिए दाखिल हुआ था जिसकी दोराने इलाज बीके अस्पताल फरीदाबाद में मृत्यु हो गई है जो बीके अस्पताल से **BROUGHT** डेड का रुक्का प्राप्त होने पर बच्चू सिंह के वरिसान की तलाश की गई लेकिन बच्चू सिंह को श्रमिक विहार में किसी ने नहीं पहचाना इस लिए बच्चू सिंह के परिवार वालों का पता नहीं चल सका है बच्चू सिंह की नाश बीके अस्पताल फरीदाबाद की मोरचरी में शिनाख्त हेतु रखी है अगर आप किसी को इस व्यक्ति बारे कोई सुराग या परिवार वालो बारे पता चल्ले तो **एसएचओ थाना सेक्टर 31 को मोबाइल नं0 9582200122** पर सूचित कर।

# बच्चों और महिलाओं को खिलाएंगे एल्बेंडाजोल की गोलियां

कविता। फरीदाबाद

**साल** में दो बार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (नेशनल डी वॉर्मिंग डे) मनाया जाता है। जिसके तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूली बच्चों और 20 से 24 वर्ष की आयुवर्ग की महिलाओं को पेट में कीड़े मारने की एल्बेंड़ाजोल नामक गोलियां खिलाई जाएगी। ताकि बच्चों और महिलाओं को बीमारियों से बचाया जा सके। यह बात डिप्टी सीएमओ डॉ. एके यादव ने कही। डॉ. यादव ने बताया कि 10 फरवरी को नेशनल डी वार्मिंग डे और आगामी 17 फरवरी को मॉकअप डे मनाया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (नेशनल डी वार्मिंग डे) और मॉकअप डे पर बच्चों और महिलाओं को पेट में कीड़े मारने की दवाईयां खिलाई जाती है।

### प्रदेश में 1,43,165 और जिले में 8644 को एल्बेंडाजोल गोलियां खिलाने लक्ष्य

**प्रदेशभर में मनेगा डे :** डिप्टी सीएमओ डॉ. एके यादव ने बताया कि प्रदेशभर के 22 जिलो में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा।


डॉ. एके यादव।

जिसमें स्वास्थ्य मुख्यालय की तरफ से एक से 19 आयुवर्ग में 12801890 बच्चों को और 20 से 24 आयुवर्ग में 1514610 महिलाओं को एल्बेंडाजोल की 14316500 गोलियां खिलाई जाएगी। जिले में 864040 गोलियां खिलाई जाएगी। जिसमें एक से 19 आयुवर्ग में 764100 बच्चे और 99940 महिलाओं को शामिल किया गया है। नेशनल डी वार्मिंग डे पर गोली खाने से वंचित बच्चों के लिए सरकार की तरफ से मॉकअप डे मनाया जाता है। जिसमें सभी को कवर किया जाता है।

**टीमें रहेगी अलर्ट :** उप सिविल सर्जन (आरकेएसके) डॉ एके यादव ने बताया की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मोबाइल टीमें अलर्ट पर रहेगी और ऐड्वर्स इवेंट मैनजमेंट के लिए तत्पर रहेंगी। ताकि कार्यक्रम को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। इस अभियान के दौरान सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों समेत आंगनवाडी में पढ़ने वाले बच्चों और 20 से 24 आयुवर्ग की महिलाओं समेत स्लम इलाकों में रहने वालो को एल्बेंड़ाजोल नामक गोली खिलाने की योजना बनाई गई हैं। डॉ. एके यादव ने बताया कि इसके लिए आरबीएस की 11 टीमे बनी है। जिसमें एक टीम में चार सदस्य है। 44 सदस्यों के अलावा जिले में मौजूद सभी पीएचसी, सीएचसी के इंचार्ज के अलावा आरकेएसके काउंसलरों को निरीक्षण के लिए लगाया जाएगा। इसके अलावा किसी प्रतिकुल परिस्थिति से निपटने के लिए डायल 112 को तैनात किया गया है।

**ऐसे खाऐंगे गोली :** डॉ. एके यादव ने बताया कि प्रदेशस्तर से आए प्लान के अनुसान एक से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली चूरा बनाकर खिलाई जाएगी। वहीं दो से तीन वर्ष तक की आयुवर्ग के बच्चों को पूरी गोली चूरा बनाकर खिलाई जाएगी। वहीं तीन से 19 आयुवर्ग के बच्चों को एक गोली चबाकर खाने के लिए दी जाएगी। इसके अलावा 20 से 24 आयुवर्ग की महिलाओं को भी एक गोली खाने को दी जाएगी।

# मैं जब-जब जन्मूं मुझको हिन्दुस्तान मिले

**फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल**

### 74वें गणतंत्र दिवस को लेकर तीन स्थानों पर की गई रिहर्सल


सेक्टर-12 में अग्रवाल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी रिहर्सल करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मैं** जब-जब जन्मूं इस धरती पर मुझको हिन्दुस्तान मिले. . . .कुछ इस तरह के देशभक्ति गानों से 74वें गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइल रिहर्सल में हुई। जिसमें मंगलवार को ध्वज फहराया गया और परेड भी की गई।

जिले में सेक्टर-12 के अलावा उपमंडल बल्लभगढ़ और बड़खल तहसील में रिहर्सल की गई। जिसमें तीनों स्थानों पर एमडीएम ने ध्वज फहराया और खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। मंगलवार को अंतिम रिहर्सल में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम क्रमवार आयोजित किए गए। बल्लभगढ़ उपमंडल में 26 जनवरी को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर होंगे। एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने उपमण्डल स्तरीय समारोह के फाइनल रिहर्सल के दौरान सुबह 9:58 पर ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। फरीदाबाद में एसडीएम परमजीत चहल ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की अध्यक्षता की। यहां विधायक सीमा त्रिखा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। बड़खल उपमंडल में एसडीएम पंकज सेतिया ने गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल में ध्वज फहरा कर परेड की सलमी ली। 26 जनवरी को बड़खल के दशहरा ग्राउंड में आयोजित होने वाले 74वें उपमंडल स्तरीय समारोह में पलवल के विधायक दीपक मंगला बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।


दशहरा ग्राउंड में फुड ड्रेस रिहर्सल करते पाली सरकारी स्कूल के विद्यार्थी।

**कदमताल ने पैदा किया रोमांच:** परेड कमाण्डर एसीपी विनोद कुमार के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस टुकड़ी (पुरुष), हरियाणा पुलिस टुकड़ी (महिला), हरियाणा होमगार्ड टुकड़ी, एनसीसी सीनियर डिवीज़न विंग टुकड़ी, एनसीसी जूनियर डिवीज़न विंग टुकड़ी, सैंट जोहन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड टुकड़ी, भारतीय स्काउट टुकड़ी, भारतीय गाइड टुकड़ी, हिन्दुस्तान स्काउट टुकड़ी, हिन्दुस्तान गाइड टुकड़ी और प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी द्वारा मार्च पास्ट में भाग लिया गया।

**देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों ने झुमाया :** समारोह में देशभक्ति व देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत गीतों पर राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों ने विजयी भव गीत पर, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ की छात्राओं द्वारा हरयाणवी लोकगीत धूममची हरियाणे की, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य हरियाणा के छोरे छाये, सैन्ट जोन पब्लिक स्कूल सैक्टर-7 के विद्यार्थियों ने शिव ताण्डव पर, शिव पब्लिक स्कूल सैक्टर-56 के विद्यार्थियों ने आरम्भ है प्रचण्ड गीत पर तथा विद्या सागर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इग्जाम वैरियस फ्री पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें हरियाणा के अलावा पंजाब व राजस्थान की समृद्ध सहित भारत वर्ष की संस्कृति की झलक देखने को मिली।



बल्लभगढ़ में एसडीएम त्रिलोक चंद सलामी देते हुए

फाइल रिहर्सल का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ। इस अवसर पर सीटीएम अमित मान, एसीपी कुशल पाल सिंह, एसीपी मुनीश सहगल, एसीपी जगबीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेष चौधरी, डीआईपीआरओ राकेश गौतम व पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# दिन भर छाए रहे बादल कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी

**फरीदाबाद।** शहरभर में बीती रात से मौसम का बदला मिजाज देखने को मिला। सोमवार रात को और मंगलवार सुबह कुछ इलाकों में जहां बूंदाबांदी हुई वहीं मंगलवार को पूरे दिन बादल छाए रहे और हवाएं चलती रहीं। इससे तापमान में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला। लेकिन वायु प्रदूषण का स्तर थोड़ा कम हो गया। वहीं हवा चलने से सुबह और शाम के समय मौसम ठंडा रहा लेकिन दिन के समय ठंड से राहत रही। ऐसे में लोग सुबह और शाम को हीटर और अलाव का सहारा लेते नजर आए। बाजारों में कुछ खास भीड़ देखने को नहीं मिली।

कृषि यूनिवर्सिटी हिसार ने 23 से 26 जनवरी तक फरीदाबाद में बादल छाए रहने का अनुमान जारी किया था। सोमवार को तो मौसम पूरी तरह से साफ रहा, लेकिन मंगलवार को इसमें बदलाव देखने को मिला। वहीं


दिनभर छाये बादलों का दृश्य।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार मंगलवार को फरीदाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 280 दर्ज किया गया। हालांकि यह भी सामान्य से लगभग साढ़े पांच गुना अधिक है, लेकिन पिछले दिनों की तुलना में यह थोड़ा कम है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दिन में कभी-कभी हल्की धूप दिखाई देती रही, लेकिन अधिकतम समय आसमान में बादल छाए रहे। हवा चलने से सुबह व शाम के समय ठंड बनी रही। मौसम विभाग मंगलवार को फरीदाबाद का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री व अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 'बच्चों के मनोसामाजिक कल्याण' पर ध्यान केंद्रित कर रही है रिपोर्ट

### टीआरएसी 2022 सभी बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा, मज़बूती और इससे निपटने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कोविड**-19 के बीच सारा ध्यान बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक कल्याण पर केंद्रित होने के साथ, बाल रक्षा भारत ( सेव द चिल्ड्रन) ने अपनी रिपोर्ट टीआरएसी 2022- द राइट्स एंड एजेंसी ऑफ चिल्ड्रन के पहले संस्करण को लॉन्च किया है। चार यूएनसीआरसी (बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन) अधिकारों- उत्तरजीविता, विकास, संरक्षण, और सहभागिता, पर केंद्रित बच्चों के अधिकारों की प्राप्ति पर बच्चों की



स्थिति और दृष्टिकोण पर इस रिपोर्ट का फोकस है। इस साल टीआरएसी रिपोर्ट कोविड 19 के बीच 'बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक कल्याण' पर है।

इस रिपोर्ट को राकेश रंजन, अतिरिक्त सचिव एवं मिशन डायरेक्टर, आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम, नीति आयोग, के द्वारा अन्य विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों, जैसे प्रो. एके शिवकुमार, विकास अर्थशास्त्री एवं नीति विश्लेषक, सोलेडाड हेरेरो, बाल संरक्षण प्रमुख, यूनिसेफ, डॉ. गौरी दीवान, निदेशक, बाल विकास समूह, संगठ और दीपक कपूर, अध्यक्ष, बाल रक्षा भारत की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। दीपक कपूर, अध्यक्ष, बाल रक्षा भारत, ने सभी हितधारकों को एक साथ आकर यह रिपोर्ट तैयार करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा, 'महामारी के बीच भारत के बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए भारत सरकार और सभी महत्वपूर्ण विकास संस्थाओं द्वारा किए गए सुसंगत और सफल प्रयासों की इस अवसर पर हम सराहना करते हैं।

## बालिका दिवस पर दिया हाइजीन का संदेश

**फरीदाबाद।** शहर की संस्था संभार्य फाउंडेशन और जज्बा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बालिका दिवस मनाया गया। संस्थाओं ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सेक्टर 12 अचअसवीपी के पीछे बसी झुग्गी में जरूरतमंद महिलाओं को सैनिटरी पैड बांटे। जज्बा फाउंडेशन के अध्यक्ष हिमांशु भट्ट ने बताया बालिका दिवस के खास मौके पर अपनी संस्था की पूर्व सदस्या सोनाक्षी व प्रमिला को समर्पित ये कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बालिका दिवस को सफल बनाने के लिए जरूरी है लड़को को भी अपनी जिम्मेदारी का एहसास हो और लड़कियों के मान सम्मान में हर मुमकिन काम करें उन्होंने ये भी बताया कि आज लगभग 55 महिलाओं को सैनिट्री पैड दिए गए। संभार्य फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक देशवाल ने बताया यह दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश की लड़कियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

# मांगें पूरी न होने पर तीन फरवरी से होगा अंदोलन : शास्त्री

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ, हरियाणा जिला कमेटी ने मंगलवार को निगम आयुक्त को उनके कार्यालय में मिलकर मांग पत्र सौंपा।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि निगम दो फरवरी तक मांगों का समाधान करे अन्यथा 3 फरवरी से निगम मुख्यालय पर आंदोलन करेंगे। संघ नेताओं ने कहा कि नगर निगम प्रशासन सरकार के छह जनवरी 2023 को जारी किए गए पत्र के अनुसार अनुबंधित आधार पर लगे सफाई कर्मचारियों एवं सीवर मैनो को सीधी भर्ती के माध्यम से नियमित करने की प्रक्रिया में विलंब कर रहा है। अप्रैल 2022 से ईएसआई जमा न होने से कर्मचारियों का ईएसआई अस्पताल ने इलाज बंद कर दिया है, नियमित कर्मचारियों का भी जीपीएफ पिछले कई वर्षों से जमा न होने से लाखों रुपए का ब्याज का नुकसान कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है।


निगमायुक्त को मांगपत्र सौंपते निगम कर्मी।

निगम आयुक्त से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि, जिला के कार्यकारी प्रधान सुदेश कुमार, जिला सचिव नानक चंद खेरालिया ने किया साथ में सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांड्या,सचिव कृष्ण चिंडालिया, राकेश चिंडालिया, बेलदार यूनियन के प्रधान शहाबुद्दीन, इलेक्ट्रिशियन यूनियन के प्रधान मनोज शर्मा, वाटर सप्लाई यूनियन के प्रधान देवी चरण शर्मा, क्लर्क यूनियन के प्रधान रंजीत शुक्ला, ड्राइवर यूनियन के प्रधान परसराम आधाना, वेद भड़ाना, सैनिटेशन स्टाफ यूनियन के सचिव अनिल चंडालिया, जेई यूनियन के सचिव अजय शास्त्री, माली विभाग के प्रधान विनोद कुमार, अग्निशमन विभाग के प्रधान मेघ श्याम शामिल थे। संघ ने मांग पत्र में सफाई सीवर हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किए गए कर्मचारियों व इलेक्ट्रिशियन, जेई, वाटर सप्लाई, बेलदार, चालक तथा महिला कर्मचारियों की मांगों को शामिल किया है।

# सीएम फ्लाइंग ने किया बीके अस्पताल का औचक निरीक्षण

### टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष की हाजिरी की जांच, कई स्वास्थ्य कर्मी मिले अनुपस्थित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीएम** फ्लाईंग टीम ने मंगलवार सुबह बीके सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सीएम फ्लाईंग से उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार, सतबीर सिंह के संग ड्यूटी मजिस्ट्रेट नयाब तहसीलदार बड़खल, सुरेश कुमार, सीएम फ्लाईंग से बृजेश, राजेश और प्रभुदयाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। जहां उन्होंने ड्यूटी मजिस्ट्रेड की निगरानी में हाजरी रजिस्टरों की जांच की। हालांकि टीम ने किसी को परेशान नहीं किया, लेट आने वालों से कारण पूछा तो पता चला कि वह अस्पताल में अपातकालीन मरीज की जांच करने रुक गए थे। जिस पर टीम ने रिकॉर्ड लिया और लौट गई। इस दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले तो वहीं कुछ देरी से आने वाले मिले। डीएसपी राजेश चैची ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बादशाह खान सामान्य अस्पताल में काफी कर्मचारी देरी से कार्यालय में आते हैं। जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पडता है। यदि अचानक चैकिंग की जाये तो सच्चाई सामने आ सकती है। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक


बीके अस्पताल में हाजरी की जांच के बाद विचार विमर्श करते सीएम फ्लाईंग के सदस्य।

राजेन्द्र कुमार, सतबीर सिह साथी कर्मचारियों द्वारा सुरेश कुमार नायब तहसीलदार बड़खल एवं डयूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में अस्पताल की कुछ शाखाओं में कर्मचारियों की उपस्थिति को चैक की। चैकिंग के दौरान अस्पताल की पुरानी ईमारत में चल रहे खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय में कुल तीन कर्मचारियों में से दो कर्मचारी 10 बजे के बाद, जिला वैक्सीन केन्द्र में 6 कर्मचारियों में 4 कर्मचारी 9.50 के बाद व एक कर्मचारी गैरहाजिर, लेखाशाखा में कुल 22 कर्मचारियों में से 4 गैरहाजिर, जिला टीबी विभाग में कुल 31 कर्मचारियों/अधिकारियों में से 5 कर्मचारी 9.30 बजे के बाद आते पाये गये। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, डी.एन.बी. छात्र, पैरामैडिकल स्टाफ व डाक्टर स्टाफ समय पर उपस्थित मिले।

# संक्षिप्त समाचार

### शौक पूरे करने के लिए चुराता था स्मार्ट सिटी के सीसीटीवी सिस्टम



**फरीदाबाद।** स्मार्ट सिटी के तहत नागरिकों को सुरक्षा देने के लिए लगाए गए सीसीटीवी सिस्टम के कैमरों की बैटरी, सीपीयू आदि चोरी करने के आरोप में पुलिस ने सुनील निवासी एनआईटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह के अनुसार 50 वर्षीय सुनील जुआ खेलने और नशा करने का आदी है। इसके लिए धन जुटाने की लालच में वह रातों में अपनी स्कूटी से निकलता था और स्मार्ट सिटी के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की बैटरी, स्विच और सीपीयू खोल कर ले जाता था। इसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। चार दिन पहले पुलिस को मुखबिरों ने जानकारी दी कि नीलम चौक के पास एक व्यक्ति सीसीटीवी कैमरों की बैटरी खोलने की फिराक में है। इस पर क्राइम ब्रांच सेक्टर तीस की टीम ने उसे मौके से गिरफ्तार किया। पकड़े गए सुनील को तीन दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। उसने फरीदाबाद के थाना खेड़ी पुल, ओल्ड फरीदाबाद, सेंट्रल, सेक्टर 58, सेक्टर 8 और कोतवाली में एक एक चोरी की वारदात अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की गई 16 बैटरी, 3 सीपीयू, 4 नेटवर्क स्विच तथा वारदात में प्रयोग स्कूटी बरामद की। सुनील ने पुलिस को बताया कि वह नशा करने और जुआ खेलने का आदी है, अपने शौक पूरे करने के लिए वारदात अंजाम देता था।

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** नाबालिग छात्रा को जान से मारने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म करने के आरोपी सोहेल उर्फ साहिल निवासी तिगांव को महिला थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह के मुताबिक तिगांव थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा के स्कूल के पास ही आरोपी साहिल रहता था। आरोपी पीड़िता को स्कूल आते जाते टॉर्चर करता था। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म किया था। आरोपी पीड़िता के परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। आरोपी पीड़िता पर शादी करने का दबाव बनाता। शादी न करने पर किसी दूसरी जगह उसकी शादी नहीं होने देने और छुड़वाने की धमकी देता था। पीड़िता ने परिजनो के साथ महिला थाना बल्लभगढ़ में शिकायत दी थी। लीगल एड के सामने पीड़िता के बयान करवाए गए। बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर महिला थाना पुलिस टीम ने आरोपी साहिल को तिगांव से गिरफ्तार किया।

### वेदो का सार है भागवत: बबली

**फरीदाबाद।** श्रीमद्भागवत कथा वेदो का सार है यह कथा अवश्य श्रवण करनी चाहिए। गांव लखलावनी मे आयोजित श्रीमद्भागवत मे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत व मान सम्मान व्यास पण्डित शिवकुमार शास्त्री जी महाराज व भागवत पूजन कर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली और उनकी टीम ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर बबली ने कहा कि कथा अमृत रसपान है श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से जीवन सुखमय बनता है। इस अवसर पर सुरेन्द्र बबली के संग परमानन्द, सुन्दर, वेदप्रकाश, अनिल, सुनील, रामजीलाल, नितिन उपस्थित रहे।

### बैठक में किसानों ने रखी अपनी समस्याएं

**फरीदाबाद।** किसान संघर्ष समिति नहरपार फरीदाबाद की मीटिंग प्रधान जगबीर सिंह नागर की अध्यक्षता में रखी गई। मीटिंग का संचालन महासचिव सत्यपाल नरवत द्वारा किया गया। मीटिंग में सम्मिलित हुए किसानों ने अपनी अपनी समस्याएं व सुझाव रखे। मीटिंग में जो समस्याएं सामने आई उनमें काफी किसानों का सेशन कोर्ट का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार जो मुआवजा किसानों को दिया गया है उसमें दो महीने की ब्याज की राशि नहीं दी गई है। प्रतिवर्ष मिलने वाली रॉयल्टी भी किसानों के खाते में नहीं आ रही है। महासचिव सत्यपाल नरवत ने किसानों को आश्वस्त किया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद के प्रशासक व संपदा अधिकारी को लंबित रह गई मांगों का ज्ञापन दिया जाएगा। किसानों के मुआवजे की राशि से जो टीडीएस काटा है उसको वापस लेने के लिए अपना सीए से सलाह मशविरा कर लें । मीटिंग में राजकुमार आर्य, भूपसिंह, हरपाल, चंद्रसिंह, महेंद्र नरवत, वेदपाल, जगदीश, धीरज, बाबूराम, हरिचंद, परमानंद कौशिक, अरुण त्यागी, जुगला नम्बरदार, राकेश, उमेद सिंह आदि ने भाग लिया।

### डबुआ सब्जी मंडी पार्किंग के ठेके में हुआ घोटाला: शर्मा

**फरीदाबाद।** जिले की सबसे बडी डबुआ सब्जी मंडी काफी समय से लगातार घोटालों को लेकर चचाओं में है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि फरीदाबाद की डबुआ सब्जी मंडी में पार्किंग का टेंडर निकाला गया था। जिसमें 5 व्यक्तिओं के द्धारा आनलाईन आवेदन किया गया था। एच 1.1111101, एच 2.1430708, एच 3.1477711, एच 4.1567777, एच 5.1612111 थी। नियमानुसार एच 5 को टेंडर दिया जाना चाहिए था और अगर किसी स्थिति में एच .5 वाला व्यक्ति टेंडर नहीं लेता तो टेंडर एच .4 वाले को अलाट किया जाना चाहिए था। अगर एच .5 और एच .4 दोनो ही टेंडर नही लेते तो नियमानुसार पुन टेंडर किया जाना चाहिए था जोकि नही किया गया और अधिकारियों ने मिलीभगत करके एल.3 मलिक टेड्रिंग कम्पनी को ठेका दे दिया गया। जब एच .5 और एच .4 द्धारा टेंडर नही लिया गया तो उसकी ईएमडी की राशि जब्त की जानी चाहिए थी जोकि जब्त ना करके वापिस कर दी गई। ईएमडी की राशि किसके आदेशो के तहत जारी की गई और पुन टेंडर प्रक्रिया क्यों नही किया गया यह जांच क विषय है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि उन्होंने मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुख्य प्रशासक को लिखित इसकी शिकायत की दी गई थी। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि इस पूरे मामले में लगभग 50 लाख रूपए का घोटाला है सरकार को इसकी पूर्ण जांच करके दोषी अधिकारियों से घोटाले की राशि वसूली जानी चाहिए।

### सड़क बंद होने से बढ़ी परेशानी, फरवरी में खुलेगी एंट्री

**फरीदाबाद।** सेक्टर-दो की मुख्य सड़क को दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे लिंग रोड की सर्विस रोड का निर्माण कार्य के कारण बंद कर दिया गया है। ऐसे में लोगों को सेक्टर-तीन की तरफ से आईएमटी के सामने वाली सड़क से सेक्टर-दो में एंट्री करनी पड़ रही है। वहीं रोड का निर्माण कर रही कंपनी के प्रबंधक हर्ष के अनुसार जरूरत के कुछ जगहों पर रास्तों को बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। हम जल्द ही यहां पर काम पूरा कर सड़क को खोल देंगे। उम्मीद है फरवरी माह में एंट्री खोल दी जाएगी। बाईपास रोड को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे लिंक रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत मुख्य सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के साथ ही दोनों तरफ तीन-तीन लेन की सर्विस रोड भी बनाई जा रही है। बाईपास रोड के साथ फरीदाबाद शहर के कई सेक्टर भी बसे हुए हैं। ऐसे में निर्माण कार्य के चलते कई बार इन सेक्टरों के रास्तों को कुछ दिनों से लिए बंद करना पड़ता है। इसी क्रम में फिलहाल सेक्टर दो की मुख्य सड़क को बंद किया गया है। दरअसल इस जगह पर सर्विस रोड बनाने का काम किया जा रहा है। सर्विस रोड बनने के बाद ट्रैफिक को उस पर डायवर्ट कर मुख्य सड़क बनाने का काम किया जाएगा। सड़क बंद होने के चलते अब लोगों को सेक्टर तीन की तरफ से आने वाली सड़क और ढ्रस्झ के सामने बनी सड़क से सेक्टर दो में एंट्री करनी पड़ रही है। उम्मीद है कि फरवरी महीने में यहां पर सर्विस रोड बनाने के बाद इस सड़क पर एंट्री को खोल दिया जाएगा।

### 90 लोगों ने कराई स्वास्थ्य की जांच

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र द्वारा सोहम चैरिटेबल ट्रस्ट गांव मिर्ज़ापुर में निःशुल्क स्वास्थ एवं आंखों की जांच का शिविर लगाया गया। इस कैंप में 90 लोगों की जांच की गयी। जिसमे से 18 लोगों को मोतियबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस सभी लोगों का ऑपरेशन डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र में किया जायेगा। इस मौके पर सोहम चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से प्रतिमा गर्ग, इशिता गर्ग, गांव के सरपंच महिपाल, रमेश भोलू और डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र का स्टाफ उपस्थित रहा।


गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम स्थित चौधरी सुरेंद्र सिंह क्रिकेट पैवेलियन में गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

**गुरुग्राम।** गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामयी रूप से मनाने के लिए मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह गुरुग्राम के सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल खेल परिसर के चौधरी सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट पवेलियन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में इस बार हरियाणा के कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल मुख्य अतिथि होंगे। वे 26 जनवरी को गुरुग्राम में ठीक 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे।

मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल को उपायुक्त निशांत कुमार यादव तथा पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन ने देखा और प्रतिभागियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक टीमों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनके माध्यम से देश की अनेकता मे एकता की छवि प्रस्तुत की जाएगी। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कादीपुर के छात्र छात्राओं द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर एक भारत श्रेष्ठ भारत गीत पर जोश एवं उत्साह से भरी हुई प्रस्तुति दी जाएगी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्जुन नगर की छात्राओं द्वारा द्वापर युग में अधर्म पर धर्म की जीत के परिचायक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

हरियाणा की समृद्ध परंपरा से रूबरू करवाने के लिए, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुशांत लोक सेक्टर-43 के छात्र-छात्राओं द्वारा हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत नृत्य का शानदार दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्दी में वंचित लोगों को दान करें कंबल व कपड़े : सुधीर सिंगला


राजेंद्रा पार्क में कंबल वितरित करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने मंगलवार को राजेंद्रा पार्क में लोगों को ठंड से निजात पाने के लिए कंबल वितरित किए। इस दौरान उनके साथ अनुराग त्रिवेदी, दीपक शर्मा, सुमेर सिंह तंवर, अभिषेक गौड़, गणपत राठौड़, सुधीर भदौरिया समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। इस दौरान विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि ठंड का मौसम है, ऐसे में हमें ऐसे तबके को कंबल, कपड़े वितरित करने चाहिए जो कि संसाधन जुटाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम शहर में दानियों की कमी नहीं है। समय-समय पर लोग किसी न किसी रूप में दान करते हैं। अन्न, कपड़े, धन के अलावा यहां रक्तदान करने में भी लोग आगे रहते हैं। कोई दिन नहीं जाता, जब शहर में कहीं न कहीं रक्त दान शिविर लगता हो। ऐसे दानी जिस शहर में हों, वहां पर सुविधाओं से वंचित लोगों को दिक्कत नहीं आनी चाहिए। गर्मी के मौसम में तो व्यक्ति किसी तरह से समय बिता लेता है, लेकिन सर्दी जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने बेघर लोगों को रैन बसेरों में जाकर रहने के लिए कहा। स

### इनसो ने रवि मसीत को प्रदेश प्रभारी व अजय राव को बनाया प्रदेश अध्यक्ष



**गुरुग्राम।** छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट आर्गेनाइजेशन (इनसो) ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। इनसो ने रेवाड़ी निवासी रवि मसीत को प्रदेश प्रभारी तथा यमुनानगर निवासी अजय राव को प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इसकी घोषणा मंगलवार को गुरुग्राम में जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके की। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल ने जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इनसो संस्थापक डॉ. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष स. निशान सिंह व अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करके की गई हैं। इस अवसर पर इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल, वरिष्ठ नेता अनंतराम तंवर, राष्ट्रीय प्रचार सचिव व प्रवक्ता दलबीर धनखड़, जिला अध्यक्ष रिशीराज राणा, प्रदेश सह सचिव सुरेंद्र ठाकरान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश सहरावत आदि मौजूद रहे।जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि इनसो आम परिवार के युवाओं को राजनीतिक मंच देकर उन्हें आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आज युवा इनसो के माध्यम से युवाओं की आवाज बुलंद कर रहे है। दिग्विजय ने इनसो के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को नई जिम्मेदारी की बधाई देते हुए कहा कि दोनों युवा नेता इनसो को नई बुलंदियों की ओर लेकर जाएंगे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि दोनों ही छात्र नेता सामान्य परिवार से जुड़े है। इनसो के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी रवि मसीत कोसली हलके के सेखा रखते हैं और इनके पिता किरयाना की दुकान चलाते है। रवि ने बीए, हिस्ट्री और हिंदी में डबल एमए की है। वर्तमान में आइजीयू रेवाड़ी में एलएलबी सेकंड ईयर की शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

### संदीप नेहरा के सिर पर सजा नेहरा खाप का ताज

**गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री, नेहरा खाप व नेहरा खाप ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश नेहरा को मंगलवार को हजारों गणमान्य व्यक्तियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उनके पुत्र संदीप नेहरा को नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। संदीप नेहरा ने कहा कि वे पूरे मनोयोग से इस जिम्मेदारी को सम्भालेंगे। गौरतलब है कि गत 18 जनवरी को संक्षिप्त बीमारी के चलते वयोवृद्ध नेता जगदीश नेहरा का देहांत हो गया था। मंगलवार को उनकी रस्म पगड़ी पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव कुमारी सैलजा, पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, पूर्व विधायक बलवान दौलतपुरिया, प्रसिद्ध उद्योगपति जगमोहन मित्तल समेत हजारों गणमान्य लोगों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नेहरा खाप व नेहरा खाप के सर्वसम्मति से जगदीश नेहरा के पुत्र संदीप नेहरा के सिर पर नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष की पगड़ी बांधकर उन्हें नेहरा गौत्र के सभी सामाजिक कार्यों की कमान सौंप दी। इस मौके पर एडवोकेट सतवीर नेहरा निंदाना रोहतक, कर्नल डीबी नेहरा नियाना हिसार, कर्नल ओपी नेहरा गुढ़ा झज्जर, सुलोचना नेहरा, अमित नेहरा वरिष्ठ पत्रकार गुड़गांव, सोनाराम नेहरा नेहरो की ढाणी बाड़मेर, गोमाराम नेहरा राजस्थान, कुलवंत एडवोकेट यमुनानगर, पवन नेहरा भूडका, यशपाल नेहरा यमुनानगर, महेंद्र सिंह नेहरा हिसार, प्रदीप नेहरा प्रसिद्ध उद्योगपति हिसार, सुरेंद्र नेहरा पहलवान चांग भिवानी व कृष्ण नेहरा सुल्तानपुर समेत हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश व पंजाब समेत पूरे भारत के नेहरा गौत्र के सैंकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे स्वर्गीय जगदीश नेहरा ने नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर रहते हुए पूरे नेहरा समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया था। उपस्थित सभी नेहरा गौत्रीय लोगों ने संदीप नेहरा को सामाजिक कार्यों के लिए हरसंभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

# ग्राम पंचायत चमनपुरा के हिस्से में आया 148 कनाल 12 मरले रकबा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/सोहना

**जिले** के खंड सोहना के अनुसूचित जाति के गांव चमनपुरा की सरपंच आशा पत्नी विजयपाल ने सरपंच बनते ही गांव के हिस्से की दूसरे गांव में शामिल जमीन को अपने गांव की पंचायत के कब्जे में लाने के प्रयास शुरू किये। उनके प्रयासों से अब 148 कनाल 12 मरले जमीन का रकबा अधिकारिक रूप से उनकी पंचायत में शामिल कर लिया गया है।

आजादी के बाद पहली बार लोहसिंघानी गांव से अलग होकर चमनपुरा गांव की पहली बार पंचायत बनीं चमनपुरा की नवगठित ग्राम पंचायत को प्रचंड बहुमत से विजयी आशा पत्नी विजयपाल पहली महिला सरपंच मिली। इसके बाद उन्होंने अपने गांव की जमीन के बारे में कार्यवाही शुरू की। सरपंच आशा का कहना है कि हरियाणा सरकार व जिला उपायुक्त गुरुग्राम आदेशानुसार हदबस्त नम्बर 226 में विद्यमान साल 2018-2019 की जमाबंदी अनुसार लोहसिंघानी ग्राम पंचायत का कुल रकबा 374 कनाल 7 मरले का बंटवारा हुआ है। लोहसिंघानी ग्राम पंचायत के हिस्से में 225 कनाल 15 मरले रकबा और नवगठित ग्राम पंचायत चमनपुरा के हिस्से में 148 कनाल 12 मरले रकबा दिया है। ग्राम पंचायत चमनपुरा के हिस्से के 148 कनाल 12 मरले रकबा आया है।

सरपंच आशा का कहना है कि रकबे के बंटवारे की खास बात यह है कि सरकार ने पंचायत के आम चुनाव से पहले दोनों गांव में शांतिपूर्ण व भाई चारे को कायम रखने के लिए प्रशासकीय स्तर पर इस रकबे का बंटवारा उपायुक्त गुरुग्राम ने 2011 की जनगणना अनुसार किया है। लोहसिंघानी गांव की कुल आबादी 1159 यानी 62 प्रतिशत व चमनपुरा गांव की कुल आबादी 700 यानी 38 प्रतिशत जनसंख्या के अनुपात अनुसार तथा गांव लोहसिंघानी के भूतपूर्व ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों व ग्राम सभा के चमनपुरा गांव के हिस्से के रकबे देने के पारित प्रस्ताव नियम अनुसार किया गया। रकबे के इस बंटवारे के दौरान गांव चमनपुरा व लोहसिंघानी दोनों को अलग-अलग श्मशान घाट रास्ता सहित दिया चमनपुरा को खसरा नम्बर 74 (4-1) श्मशान घाट रास्ता सहित तथा लोहसिंघानी को खसरा नम्बर 73 (3-18) रास्ता सहित दे दिया। पहले इन दोनों श्मशान घाट पर लोहसिंघानी के लोग उपयोग करते थे। चमनपुरा गांव के लोग बिना रास्ते वाला खसरा नम्बर-75 का मरघट में शव दाह-संस्कार करने को मजबूर थे।


सरपंच आशा।

### शिक्षक कल्याण सिंह भारत के प्रयास सराहनीय: आशा

**सरपंच** आशा का कहना है कि चमनपुरा को पंचायत का दर्जा दिलाने व रकबे का बंटवारा करवाने में चमनपुरा के पेशे से शिक्षक, शिक्षाविद् व समाजसेवी कल्याण सिंह भारत ने लम्बा संघर्ष करके अहम भूमिका अदा की है। उनके प्रयास सराहनीय हैं। कल्याण सिंह भारत इस सब का श्रेय अपने मार्गदर्शक बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर को देते हैं, जिनसे उनको इस बारे प्रेरणा मिली।

# सूचीबद्ध आधार पर रखे जाएंगे लोक कलाकार




**गुरुग्राम।** सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा जिला गुरुग्राम सहित करनाल, रोहतक, हिसार, फरीदाबाद में लोक कलाकार यूनिटों तथा लोक कलाकारों को सूचीबद्ध आधार पर रखने बारे आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सूचीबद्धता तीन वर्ष के लिए होगी और उसमें निम्नलिखित पार्टियां, कलाकार दिए गए भुगतान दर अनुसार सूचीबद्ध किए जाएंगे।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि पहली श्रेणी में ड्रामा यूनिटें, जिसमें लोक नाटक पार्टियां नाटक संगीत इत्यादि शामिल हैं। इस श्रेणी की पार्टी में 10 से 15 कलाकार होंगे, जिनको 5510 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। दूसरी श्रेणी में सांस्कृतिक मण्डलियां जिसमें सामूहिक कार्यक्रम जिसमें संगीत, लोक नृत्य तथा अन्य विविध कार्यक्रम इत्यादि शामिल हैं। इस श्रेणी की पार्टी में 10 से 15 कलाकार होंगे, जिनको 5510 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। तीसरी श्रेणी में लोक कलाकार मण्डली/ पार्टी जिसमें भजन पार्टी, परम्परागत लोक गायन पार्टी/ आलहा/ जंगम और कठपुतली पार्टी इत्यादि शामिल हैं। इस श्रेणी की पार्टी में 3 से 5 कलाकार होंगे, जिनको 1378 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। चौथी श्रेणी में एकल कलाकार शामिल हैं। एकल कलाकार को 458 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। उपरोक्त दरों में एक वर्ष बाद 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि की जाएगी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि जो पार्टी/ मण्डली / कलाकार अपने कार्य में दक्ष हों।

# गणतंत्र दिवस के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल में बहाया पसीना


सोहना के राजकीय कन्या वरि-नवजयठ माध्यमिक स्कूल में छात्राएं फुल ड्रेस रिहर्सल करते हुए।


सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में पुलिस कर्मी गणतंत्र दिवस को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गणतंत्र** दिवस की तैयारी को लेकर मंगलवार को स्कूली विद्यार्थियों और पुलिस कर्मियों ने फुल ड्रेस रिहर्सल की। पुलिस कर्मियों ने देवीलाल खेल स्टेडियम में तथा स्कूली विद्यार्थियों ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रिहर्सल की।

स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में खंड स्तर पर मनाया जाने वाले गणतंत्र दिवस की तैयारियों को मंगलवार को अंतिम रुप दे दिया गया। मंगलवार को देवीलाल खेल स्टेडियम में पुलिस कर्मी और एनसीसी के विद्यार्थियों ने संयुक्त रुप से पूर्वाभ्यास किया। जबकि स्कूली विद्यार्थियों ने शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फुल ड्रेस में रिहर्सल किया। जिसमें 9 स्कूलों से आए करीब 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देश की आजादी के गणतंत्र दिवस को अमर शहीदों को सम्मान देने का उद्देश्य को रखा गया है। इसके अलावा सामूहिक व एकल डांस व गीत शामिल है। इसके अलावा युवाओं द्वारा देश के प्रति कर्तव्य को संगीत के माध्यम से दर्शाया जाएगा। स्कूली छात्राओं ने भी अपने डांस के माध्यम से देश और देश की संस्कृति को बखूबी तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। मंगलवार को देवीलाल खेल स्टेडियम में पुलिस कर्मियों की फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान डीसीपी साऊथ गुरुग्राम उपासना सिंह ने शामिल होते हुए पूर्वाभ्यास की तैयारी का जायजा लिया।

> **एनसीसी** के विद्यार्थी पुलिस कर्मियों के साथ कदमताल मिलाई। विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी कर ली हैं। विद्यार्थियों द्वारा 11 कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।
>
> **फिरदौस, खंड शिक्षा अधिकारी सोहना**

> **पुलिस** और एनसीसी विद्यार्थियों की फुल ड्रस रिहर्सल सफल रही है। यह रिहर्सल बुधवार को भी जारी रहेगी।
>
> **उपासना सिंह डीसीपी साऊथ गुरुग्राम**

# नवनियुक्त डीआईपीआरओ का सामाजिक संस्थाओं ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नवनियुक्त** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी (डीआईपीआरओ) बिजेंद्र कुमार का मंगलवार को शहर की अग्रणी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वागत और सम्मान किया। उनकी गुरुग्राम में नियुक्ति की बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उनके साथ यहां संयुक्त निदेशक (एनसीआर) आरएस सांगवान का भी सम्मान किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी, मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन व एक उड़ान संस्था की ओर से दोनों अधिकारियों का सम्मान किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार, मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन से पंकज रोहिल्ला, दीपक गुप्ता, देवर्षि सचान और एक उड़ान संस्था की ओर से कल्याणी सचान ने उन्हें बुके व स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया।

### सोशल मीडिया का करें सही उपयोग: आरएस सांगवान

**आरएस** सांगवान ने कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सरकार और जनता के बीच की एक कड़ी है। आज मीडिया, सोशल मीडिया का यह जमाना है। सरकार और सरकारी विभाग भी इस प्लेटफार्म पर सक्रिय रहते हैं। हमें एक जिम्मेदारी नागरिक होने के नाते सोशल मीडिया का इस्तेमाल सकारात्मक तरीके से करना चाहिए। अच्छी सूचनाओं को एक प्लेटफार्म पर डालें। गलत, भ्रामक चीजों को फैलाने से बचना चाहिए। एक बार फिर से उन्होंने नवनियुक्त जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार को यहां नियुक्ति पर बधाई दी।


गुरुग्राम में सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के नवनियुक्त डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार व विभाग के संयुक्त निदेशक (एनसीआर) आरएस सांगवान का स्वागत व सम्मान करते सामाजिक संगठनों के सदस्य।

### सरकारी योजनाओं से अपडेट रहें

**डीआईपीआरओ** बिजेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का प्रमुख कार्य है। सरकार के कामकाज और योजनाओं को मीडिया, सोशल मीडिया के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी विभाग द्वारा जन-जन तक पहुंचाया जाता है। समय के साथ विभाग में भी बदलाव आए हैं। सरकार से संबंधित सूचनाएं अब सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर उपलब्ध रहती हैं।

# मंडी परिसर के रास्तों से जल्द हटेगा अतिक्रमण: प्रदीप मलिक


सोहना अनाज मंडी परिसर के आम रास्ते में लगा गेट।

**सोहना।** अनाज मंडी के रास्तों में हो रहा अतिक्रमण का जल्द ही सफाया होगा। मार्केट कमेटी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जल्द ही कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। अनाज मंडी परिसर के आम रास्तों में आढ़तियों से लेकर छोटे दुकानदारों ने सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। जिससे पैदल चलने वालों काफी परेशानियां हो रही हैं।

आढ़तियों ने आम रास्तों पर पक्के गेट और ताला लगाकर अवैध कब्जे किए हुए है। इसके अलावा दो से चार फीट तक चबूतरे निकालकर फड़ बनाकर आम रास्तों पर कब्जा जमाया हुआ है। इतना ही नहीं मंडी परिसर में से जा रहे एक नाले पर कंकरीट की फर्श डाल उसे पाट कर कब्जा जमाए हुए हैं। जिससे नाले की सफाई नहीं हो पाती और गंदे पानी की निकासी रुक जाती है। मंडी परिसर में छुट्टा पशुओं का भी आतंक है। मंडी के खुले में बने फड़ पर कूड़ा-कचरा पड़ा रहता है तो अवैध रुप से वाहन भी खड़े रहते हैं। इसके साथ ही बेतरतीब ढंग से खड़ी फल-सब्जी की रेहड़ियां भरमार से भी आवागमन बाधित होता है।

> **मंडी** परिसर में अवैध कब्जों के मामले मेरे संज्ञान में अभी तक नहीं आए हैं। जिस दिन इस प्रकार की शिकायत मिलेगी। उस दिन से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **प्रदीप मलिक एसडीएम सोहना**

> **मंडी** परिसर में अवैध कब्जों को लेकर कुछ मामले अदालत में विचाराधीन है। जिनका फैसला आने पर ही उन्हें हटाया जा सकता है। इसके अलावा अन्य प्रकार की अवैध कब्जों का भी सफाया होगा।
>
> **सुनीता देवी मार्केट कमेटी सचिव सोहना**

# राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल की छात्राओं ने मारी बाजी

**सोहना।** प्रथम राष्ट्रीय स्पीड खो-खो प्रतियोगिता में भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल की छात्राओं की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी स्कूल की छात्रों की टीम दूसरे नंबर पर रही। उत्तर प्रदेश के जिला हरदोई में 21 जनवरी से 23 जनवरी के बीच में प्रथम राष्ट्रीय स्पीड खो-खो प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में आरबीएसएम विद्यालय की लड़कियों ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। आरबीएसएम विद्यालय की ही छात्रों को टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में आरबीएसएम विद्यालय के 24 खिलाड़ियों ने हरियाणा प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए हरियाणा और जिला गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता से जीत हासिल करके लौटे खिलाड़ियों को विद्यालय प्रांगण में निदेशक भागीरथ राघव, उपनिदेशक विमला राघव, प्रधानाचार्या मंजू जागिड़ ने विद्यालय चिह्न देकर सम्मानित किया। निदेशक ने सभी विजेता खिलाड़ियों को जीतने पर बधाई दी तथा भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन कर देश व प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में जाने के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

# टाइड ने मेरठ में एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए खर्च प्रबंधन के लिए बिजनेस अकाउंट लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ



**एमएसएमई** के विकास की बाधाओं को दूर करने और पूरे मेरठ में एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए, यूके के प्रमुख एसएमई-केंद्रित व्यावसायिक वित्तीय मंच टाइड ने टाइड ऐप के लॉन्च की घोषणा की। यह फिनटेक का लक्ष्य इस क्षेत्र में 39,000 से अधिक एमएसएमई को समय और पैसा बचाने और उनकी विविध जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है। टाइड के सीईओ डॉ. ओलिवर प्रिल ने कहा, टाइड के पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार भारत में इस उत्पाद को लॉन्च करते हुए, हमें खुशी हो रही है। भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई इसकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो महत्वपूर्ण सेवाएं, नौकरियां और विकास प्रदान करते हैं। भारत में छोटे व्यवसायों के अप्रयुक्त खंड को औपचारिक रूप से शामिल नहीं किया गया है।

टाइड में हम औपचारिक अर्थव्यवस्था में एक बड़े बाजार खंड को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं काले धन और वित्तीय धोखाधड़ी जैसी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए, टाइड छोटे व्यवसायों को केवल अपने ग्राहक को जानने (के.वाई.सी) प्रक्रिया के आधार पर जोड़ेगा। यह पारंपरिक बैंकिंग प्रथाओं के बराबर है। एसएमई पहले दिन से सभी व्यावसायिक खाते का लाभ उठा सकते हैं। टाइड (इंडिया) के सीओ गुरजोधपाल सिंह ने कहा, टाइड में हम उद्यमियों को उनकी विकास यात्रा में समर्थन देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और मानते हैं कि हम ऐसा करने के लिए एक मजबूत स्थिति में हैं। हम उद्यमियों के लिए अपने वित्त को निर्बाध रूप से प्रबंधित करने के लिए उत्पाद की पेशकशों का विस्तार करेंगे और उन्हें एक फ्रीलांसर, एकमात्र व्यापारी, ठेकेदार या छोटे व्यवसाय के मालिक के रूप में शुरू करने का बड़ा कदम उठाने में मदद करेंगे। हम एक ऐसे उत्पाद का निर्माण कर रहे हैं जो व्यवसाय खातों और संबंधित बैंकिंग सेवाओं और अत्यधिक उपयोगी प्रशासनिक समाधानों का एक व्यापक सेट प्रदान करेगा। केवल-डिजिटल सेवा के रूप में, टाइड व्यवसाय खाता कभी भी और कहीं भी खोला जा सकता है। टाइड ऐप अब एंड्रायड उपकरणों के लिए गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। टाइड ऐप अब एंड्रायड उपकरणों के लिए गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

# ग्लेनमार्क ने कीमोथेरेपी के मरीजों के लिए लांच किया एंटीमैटिक कॉम्बिनेशन AKYNZEO®* आई.वी.

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इनोवेशन** ड्रिवेन, ग्लोबल फार्मास्यूटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क) ने, स्विस बायोफार्मा ग्रुप कंपनी- हेलसिन के साथ एक विशेष लाइसेंस एग्रीमेंट के तहत कीमोथेरेपी की वजह से होने वाली मतली और उल्टी (सीआईएनवी) की रोकथाम के लिए भारत में पहली बार अद्वितीय आईवी इंजेक्शन फॉर्म्युलेशन, AKYNZEO® आई.वी. लॉन्च किया है।

AKYNZEO® आई.वी. फोसनेटूपिटेंट (235 मिलीग्राम) और पैलोनोसेट्रॉन (0.25 मिलीग्राम) का एक निश्चित डोज़ कॉम्बिनेशन है, जो कि रेडी-टू-डाइल्यूट आईवी इंजेक्शन के रूप में उपलब्ध है। प्रत्येक कीमोथेरेपी प्रक्रिया की शुरुआत से 30 मिनट पहले इसे एक इंफ्यूज़न के रूप में एडमिनिस्टर किया जाता है, जो सीआईएनवी के तीव्र और विलंबित चरणों की रोकथाम में मदद करता है। यूरोपीय संघ, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में पहले से ही इस दवा की उपलब्धता है।

इस लॉन्च के अवसर पर आलोक मलिक, ईवीपी और बिज़नेस हेड- इंडिया फॉर्म्युलेशन्स, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड

### कैंसर सपोर्टिव केयर थेरेपी में ग्लेनमार्क का नेतृत्व

> यह कीमोथेरेपी की वजह से होने वाली मतली और उल्टी के तीव्र और विलंबित चरणों की रोकथाम में मदद करता है

**नेशनल** कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, देश में कैंसर के मामलों में वर्ष 2025 तक 12.8 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है, जो कि वर्ष 2020 में 13.9 लाख थे। ग्लेनमार्क की पकड़ भारत में कैंसर रोगियों के बीच सीआईएनवी के लिए नए और प्रभावी रोगनिरोधी उपचार विकल्पों की पेशकश करने के रूप में मजबूत रही है। लगभग दो दशक पहले, ग्लेनमार्क ने पहला NKı रिसेप्टर ब्लॉकर- Aprecap® (एप्रेपिटेंट कैप्सूल्स) लॉन्च किया, और इसके कुछ वर्षों के बाद Aprecap® आई.वी. इंजेक्शन की पेशकश की। इसके बाद वर्ष 2018 में, AKYNZEO® ओरल कैप्सूल्स लॉन्च करके ग्लेनमार्क ने देश में कैंसर सपोर्टिव केयर में क्रांति ला दी। KYNZEO® ओरल कैप्सूल्स सिंगल डोज़ के माध्यम से सीआईएनवी के तीव्र और विलंबित चरणों के रोकथाम के लिए पहली और एकमात्र सीआईएनवी रोकथाम चिकित्सा है।

ने कहा, ग्लेनमार्क में हम कैंसर देखभाल में मरीजों और चिकित्सकों की सहायता करने के लिए दृढ़ता से प्रयासरत हैं।

कीमोथेरेपी, कैंसर के उपचार का सबसे सामान्य रूप है, जिसमें मतली और उल्टी को दुष्प्रभाव के रूप में देखा जा सकता है। ऐसे में एक सुविधाजनक, सिंगल-डोज़, रेडी-टू-डाइल्यूट आई.वी. इंजेक्शन- AKYNZEO® आई.वी. सीआईएनवी के तीव्र और विलंबित दोनों चरणों की रोकथाम में मदद करता है, जो मरीजों को कई एंटीमैटिक दवाओं से बचने और कंप्लायंस में सुधार करने में सक्षम बनाता है। जॉर्जियो काल्डेरिरी, सीईओ, हेलसिन ग्रुप, ने कहा, AKYNZEO® आई.वी. भारत में सीआईएनवी के खतरे से जूझ रहे कीमोथेरेपी से गुजरने वाले मरीजों के लिए, एक नया रोगनिरोधी विकल्प होगा। ग्लेनमार्क के पास कैंसर के मरीजों के लिए सर्वोत्तम उपचार विकल्प हैं।

# गणतंत्र दिवस समारोह की हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**गणतंत्र** दिवस समारोह को पूरे हर्षोल्लास से मनाने के लिए मंगलवार को यासीन मेव डिग्री कॉलेज में गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल का शानदार प्रर्दशन किया गया। फाइनल रिहर्सल के अवसर अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण करने उपरांत परेड का निरीक्षण किया। मार्च पास्ट व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बारीकी से अवलोकन व निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस देश की आन-बान शान का प्रतीक समारोह है। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि फाइनल रिहर्सल में विभिन्न स्कूलों के इंचार्ज को जो निर्देश दिए गए है वो उन निर्देशों का पूरा पालन करें। बच्चों को अभ्यास कराकर गणतंत्र दिवस के लिए तैयार करें ताकि 26 जनवरी को बच्चे कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति दे सकें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही सुदंर व गौरवमयी ढंग से यासीन मेव डिग्री कॉलेज में मनाया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले रही विभिन्न टीमों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।


मार्च पास्ट करते पुलिस जवान व छात्र।


फुल ड्रेस रिहर्सल में परेड की सलामी लेतीं अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीमें गठित**

हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हूं ढ़ गिरद्दा, नी मैं नच्चां नच्चां नच्चां, चलो गिद्दा पावंगे, जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा गुजराती गरबा, ढोल बाजे रे द्वारा, कंट्री ग्रामर स्कूल का हरियाणवी नृत्य, हरियाणा बदल रहा है, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपेड़ा,सीना तान खड़ी बॉर्डर पै, जवाहर नवोदय विद्यालय बाई, गुजराती गरबा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंडरी, आटा बारोटा एवं कन्या उजीना द्वारा, हरियाणवी नृत्य की संयुक्त प्रस्तुति दी जाएगी।

**ये होंगी परेड की टुकड़ियां :** परेड इंचार्ज सतीश कुमार डीएसपी फिरोजपुर-झिरका के नेतृत्व में मार्च पास्ट का आयोजन हुआ। इस मार्च पास्ट में पीएसआई सुरज के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस, एएसआई मन्जू के नेतृत्व में हरियाणा महिला पुलिस, मुख्तार सिंह, के नेतृत्व में होम गार्ड, प्रजातंत्र के प्रहरी मोहम्मद मुस्तफा नेतृत्व में, हिंदुस्तान स्काउट जयबीर, डीएवी स्कूल एनएसएस अंस, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह खुशबू, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह एसपीसी गर्ल्स मेकिना शाहिद के नेतृत्व में, एसपीसी राविमावि फिरोजपुर-नमक मुस्तफा के नेतृत्व में, जेएनवीय एनसीसी, ब्याय गर्ल्स अन्सू की टीम ने भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। इसके अलावा स्कूल इंचार्ज व नागरिक भी समारोह को सफल बनाने व समारोह के दौरान अनुशासन बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर पुरुषों व महिलाओं के बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जाए। इसके अलावा पीने के पानी की भी समुचित व्यवस्था की जाए। समारोह स्थल पर दमकल व एम्बुलेंस को तैनात किया जाए और मोबाइल शौचालयों की भी व्यवस्था की जाए। फाइनल रिहर्सल के मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक उषा कुंडू, सीईओ प्रदीप अहलावत, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मोहम्मद कमर, एलएफएलएन की संयोजक कुसुम मलिक, मंच संचालक अशरफ मेवाती सहित अन्य अधिकारी गण व शिक्षा विभाग शिक्षक गण, टीम इंचार्ज भी मौजूद रहे।

### मंडलायुक्त विकास यादव होंगे मुख्य अतिथि

**अतिरिक्त** उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उपायुक्त फरीदाबाद मंडल के आयुक्त विकास यादव ध्वजारोहण करेंगे व परेड की सलामी लेंगे।

### फिरोजपुर झिरका में हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

**फिरोजपुर झिरका।** आगामी 26 जनवरी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर जिले नूंह लोग तैयारी में जुट गए हैं। वहीं शहर फिरोजपुर झिरका में भी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर नबाव शमसुद्दीन स्टेडियम में तैयारी शुरू हो गई है। इस अवसर पर उपमंडल नागरिक अधिकारी रणवीर सिंह ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर होने वाली परेड का निरीक्षण किया। इससे पूर्व उपमंडल नागरिक अधिकारी ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रगान गाया। वहीं पुलिस जवानों की टुकड़ी के साथ दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हरियाणा पब्लिक स्कूल, मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जैन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मार्च पास्ट कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। परेड अभ्यास के उपरांत स्कूली छात्रों ने पीटी शो का अभ्यास हुआ। जिसमें स्कूली छात्रों ने तरह-तरह की पीटी शो दिखाकर रिहर्सल कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम को विशेष रूप देने के लिए स्कूली छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें देश भक्ति गीत, देश भक्ति व सामाजिक नाटक, देशभक्ति नृत्य, हरियाणवी फोक डांस, भाषण व नुक्कड़ नाटक का अभ्यास किया। राष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर नगर पालिका फिरोजपुर झिरका के सफाई कर्मचारी सफाई व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। इसके अलावा पुलिस टीम भी कार्यक्रम के व्यवस्था को लेकर अलर्ट नजर आई।

# ई-टेंडरिंग के विरोध में सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन

## लघु सचिवालय नूंह पहुंचकर ई-टेंडरिंग तथा राइट टू रिकॉल वापस लेने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**ई-टेंडरिंग** तथा राइट टू रिकॉल के कानून को लेकर नूंह जिले के सरपंच भी अब सड़कों पर उतर आए हैं। जिले के सरपंचों ने मंगलवार को लघु सचिवालय नूंह पहुंचकर सरकार की इस पहल की आलोचना की। जिला प्रशासन के अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन भेजकर ई टेंडरिंग तथा राइट टू रिकॉल को वापस लेने की मांग की है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान सरपंचों ने कहा कि एक तो चुनाव 5 साल के बजाय 7 साल में सरकार द्वारा कराए गए। पिछले दो साल से गांव के विकास तेजी से नहीं हो पाए। जब उन्हें सरपंच बनने का अवसर मिला तो उन्होंने गांव के विकास को गति देने की सोची, लेकिन ई टेंडरिंग उनके विकास के कामों में तेजी लाने में सबसे बड़ी रुकावट बन रहा है। इसके अलावा राइट टू रिकॉल के कानून से भी सरपंच नाराज दिख रहे हैं। लघु सचिवालय नूंह परिसर में सरपंचों ने पहले तो सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की और सरकार से इन दोनों मामलों को वापस लेने की मांग की। साथ ही चेतावनी भरे लहजे में भी कह दिया कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर अमल नहीं करती तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। कुल मिलाकर ईटेंडरिंग को लेकर जहां प्रदेश के पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली अड़े हुए हैं तो प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उनके सुर में सुर मिलाते हुए नजर आ रहे हैं, लेकिन ईटेंडरिंग तथा राइट टू रिकॉल का विरोध भी अब पूरे प्रदेश में बढ़ता जा रहा है। हरियाणा के अधिकतर इलाकों में सरपंच इस लड़ाई को लड़ने के लिए आर-पार के मूड में नजर आ रहे हैं। अब देखना यह है कि सरकार सरपंचों की मांगों पर कोई अमल करती है या फिर सरपंचों को कुछ दिन अपनी बात मनवाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को लघु सचिवालय नूंह में बड़ी संख्या में जिले भर से सरपंचों ने भाग लेकर यह दिखाने की भरपूर कोशिश की कि अधिकतर सरपंच सरकार की इन दोनों ही योजनाओं से कतई सहमत नहीं हैं। हथौड़ी सरपंच खेड़ला प्रधान, जिला सरपंच एसोसिएशन नूहं एवं प्रदेश प्रवक्ता सरपंच एसोसिएशन हरियाणा, फिरोजपुर झिरका ब्लॉक प्रधान साबिर सरपंच रानियाला, पुनहाना ब्लॉक प्रधान साकीत सरपंच सिंगार, इंडरी ब्लॉक प्रधान जावेद सरपंच केराका, लियाकत सरपंच सुडाका, वसीम सरपंच चंदैनी, वकील सरपंच मुरादाबास, साजिद सरपंच उंटका, यूनुस सरपंच कोटला, अल्ताफ सरपंच मालब, अरशद सरपंच मछरौली, जमील सरपंच टाइ, इमरान सरपंच फिरोजपुर नमक, नसीम सरपंच बाई, रौनक तेड, इमरान सरपंच घासेड़ा अन्य सैकड़ों सरपंच धरना स्थल में शामिल रहे।

# जिला कारागार में चेयरपर्सन ने सुनीं बंदियों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**हरियाणा** मानव अधिकार आयोग के चेयरपर्सन एवं राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायधीश श्री एसके मित्तल ने मंगलवार को नूंह की जिला कारागार का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चेयरपर्सन एसके मित्तल ने जिला कारागार में सभी बैरकों की साफ-सफाई, रहन-सहन, खान-पान, चिकित्सा सुविधा आदि की गहनता से जांच की।

इस दौरान उनके साथ हरियाणा मानव अधिकार आयोग के सदस्य दीप भाटिया, रजिस्ट्रार कुलदीप जैन, विशेष सचिव गुलशन खुराना, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रतीक जैन, एएसपी उषा कुंडू, जिला जेल अधीक्षक सत्यवान, उप-जेल अधीक्षक रेशम सिंह, सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप जेलपुरिया, सत्यवान सागवान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस एसके मित्तल ने जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान कहा कि सर्दी के मौसम के मद्देनजर सभी बंदियों को जूते, जुर्राब, गर्म स्वेटर आदि की व्यवस्था के लिए सरकार को पॉलिसी बनाने के लिए लिखा जाएगा, ताकि ठंड के मौसम में जरूरमंद बंदियों को इसकी व्यवस्था की जा सके। चेयरपर्सन ने जिला जेल की महिला वार्ड सहित सभी बैरकों का निरीक्षण किया और बंदियों से खाना, पेयजल, रहन-सहन, दवाइयां, सफाई व्यवस्था आदि की जानकारी ली और उनकी समस्याए भी सुनीं। श्रीमित्तल ने बंदियों को दिए जाने वाले खाने की गुणवता को स्वयं चैक किया। उन्होंने पुस्तकालय, छोटे बच्चों के लिए क्रैच रूम, किचन आदि का निरीक्षण किया। जेल निरीक्षण आगमन पर पुलिस की टुकड़ी ने हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस एसके मित्तल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिला कारागार के अधीक्षक सत्यवान ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने महिला कैदियों के वार्ड में सुविधाओं, बच्चों की देखभाल, महिलाओं के लिए चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र का जायजा लिया। चेयरपर्सन ने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा।


जिला कारागार नूंह का निरिक्षण करतेहरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस एसके मित्तल।

### नागरिक के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जाएगा

**हरियाणा** मानव अधिकार आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस एसके मित्तल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा मानव अधिकार आयोग मानव अधिकारों की रक्षा के लिए निरन्तर प्रयासरत है। किसी भी नागरिक के अधिकारों का हनन नही होने दिया जाएगा। मानव अधिकारों की जागरूकता के लिए आयोग द्वारा समय-समय पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। चेयरपर्सन श्रीमित्तल ने कहा कि प्रदेश की सभी जेलों का उन्होंने दौरा कर निरीक्षण किया है।

# दुर्घटना बीमा: एसबीआई ने संरक्षक को दिया बीस लाख का चेक

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**दुर्घटना** बीमा के चलते सिविल लाइन रोड पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने खाता उपभोक्ता के संरक्षक को बीस लाख रुपये का चेक प्रदान किया। आपको बताते चलें कि एसबीआई बैंक की तरफ से दुर्घटना बीमा चला आ रहा है। जिसमें पीएआई के नाम से दुर्घटना बीमा के अंतर्गत हजार रुपये में बीस लाख रुपये का दुर्घटना बीमा किया जाता है।

इसी क्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर हरजीत सिंह ने दुर्घटना बीमा के चलते खाता धारक जयसिंह सैनी पुत्र हरिकिशन निवासी वार्ड-04 फिरोजपुर झिरका के खाता संरक्षक कुंता देवी पत्नी जयसिंह सैनी निवासी वार्ड-04 फिरोजपुर झिरका को बीस लाख रुपये का चेक दिया गया। वहीं पीड़ित परिवार ने फिरोजपुर झिरका एसबीआई बैंक के प्रति खुशी जाहिर की और बैंक मैनेजर और उनके स्टाफ को धन्यवाद दिया। वहीं बैंक मैनेजर हरजीत सिंह ने बताया कि 6 महीने पहले 40 वर्षीय जयसिंह सैनी पुत्र हरीकिशन निवासी वार्ड-04 कि वाहन दुर्घटना में मौत हो गई, लेकिन पीड़ित परिवार ने पहले से ही दुर्घटना बीमा के तहत हजार रुपये का बीमा फिरोजपुर झिरका एसबीआई बैंक से करवाया हुआ था। जिसके चलते एसबीआई बैंक ने अपना फर्ज निभाते हुए दुर्घटना बीमा के तहत पीड़ित को बीस लाख रूपये की राशि का चेक प्रदान किया है। इस मौके पर फील्ड ऑफिसर गोविंद शर्मा, बीड़ीएस प्रताप चंद्र, सुरेंद्र, मयंक सहित एसबीआई बैंक के कर्मचारी मौजूद रहे।


पीड़ित परिवार को बीस लाख रुपये का चेक प्रदान करते एसबीआई के शाखा प्रबंधक व अन्य अधिकारी।

# मधुमक्खी पालन : सहूद व रिजवान ने छह माह में शहद व मोम बेचकर कमाए डेढ़ लाख रुपये

## शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए बागवानी विभाग कर रहा जागरूक

## डा. दीन मोहम्मद ने बताया दूने से अधिक मधुमक्खी के डिब्बे कर लिये

## मधुमक्खी पालन के लिए सरकार दे रही है 85 प्रतिशत अनुदान भी

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**जिले** के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिला बागवानी विभाग की मदद से मधुमक्खी पालन से पढ़े-लिखे बेरोजगार युवा अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं। मधुमक्खी पालन के लिए सरकार 85 प्रतिशत अनुदान भी दे रहा है। मधुमक्खी पालन से हिमाचल तथा उत्तराखंड इत्यादि राज्य के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवा अच्छी खासी आमदनी मधुमक्खी पालन से कर लेते हैं, लेकिन राहत की खबर यह है कि अब नूह जिले के गुबराड़ी गांव के दो सगे भाइयों ने मधुमक्खी पालन व्यवसाय अपनाकर अपनी आमदनी में अच्छा खासा इजाफा ही नहीं कर दिया बल्कि दूसरों के लिए एक मिसाल भी पेश की है।



जिला बागवानी अधिकारी डॉक्टर दीन मोहम्मद ने बताया कि सहूद व रिजवान पुत्र हाजर खान गुबराडी गांव के रहने वाले हैं। दोनों भाई ग्रेजुएट हैं। इन्होंने बीते साल सितंबर माह में मधुमक्खी पालन व्यवसाय शुरू किया था। शुरुआत में दोनों ने 50-50 डिब्बे मधुमक्खी के जिला बागवानी विभाग की मदद से लिए थे, जो अब उन्होंने बढ़ाकर 110-110 डिब्बे कर लिए हैं। दोनों सगे भाई इस व्यवसाय में चंद महीने में लगभग डेढ़ लाख रुपये का शहद व वैक्स तथा पोलन इत्यादि बेच चुके हैं। इन दिनों इलाके में हजारों एकड़ भूमि में सरसों के पीले-पीले फूल खिले हुए हैं। जिससे मधुमक्खी बड़ी आसानी से शहद तैयार कर लेती है। पहले यहां के स्थानीय युवा मधुमक्खी पालन में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे, लेकिन बागवानी विभाग ने लोगों को जागरूक किया तो दो युवाओं ने इस व्यवसाय को अपना लिया है, जो दूसरों के लिए भी मिसाल बन रहे हैं। इन युवाओं को 85 प्रतिशत अनुदान के साथ-साथ रामनगर कुरुक्षेत्र में प्रशिक्षण भी दिलाया जाता है।

प्रशिक्षण के दौरान रहना तथा खाना पूरी तरह से मुफ्त होता है तथा उन किसानों में युवाओं को एक रुपये प्रति किलो कच्चा शहद भी दिया जाता है। दीन मोहम्मद के मुताबिक किसानों व बेरोजगार युवा मधुमक्खी पालन को अपनाकर अपनी आमदनी प्रतिवर्ष दो लाख रुपये तक सिर्फ 50 मधुमक्खी के बॉक्स से ही बढ़ा सकते हैं। कुल मिलाकर मधुमक्खी पालन किसानों की आजीविका में सुधार लाने के लिए एक बड़ा माध्यम हो सकता है। जिले के दो युवाओं ने इसकी शुरुआत कर दी है। अब देखना यह है कि आने वाले समय में मधुमक्खी पालन से जिले के पढ़े- लिखे बेरोजगार युवा कितनी तेजी से कदम बढ़ाते हैं। उनके कदम को साथ देने के लिए जिला बागवानी विभाग पूरी तरह से अनुदान देने के लिए तैयार है। 50 बॉक्स पर सिर्फ युवाओं को 20-22 हजार रुपये अपनी जेब से खर्च करने होते हैं, बाकि सारा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

# मेधावी छात्रों का समारोहपूर्वक होगा सम्मान

**मेवात।** सर्व समाज सेवा समिति पिनगवां द्वारा आगामी पहली फरवरी को हीरो एजेंसी बड़कली-पुनहाना मार्ग पिनगवां के समीप 10-12वीं परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित करेगी। सम्मान समारोह की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सर्व समाज सेवा समिति पिनगवां के तमाम पदाधिकारी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए दिनरात मेहनत कर रहे हैं। यह जानकारी सर्व समाज सेवा समिति पिनगवां के सचिव डॉ आस मोहम्मद ने पत्रकारों को दी।

डा. आस मोहम्मद ने बताया कि उन्होंने सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए कुछ साल पहले सर्व समाज सेवा समिति पिनगवां का गठन किया था। यह समिति अब तक गरीब कन्याओं की शादी का आयोजन कर चुकी है। इसके अलावा आगामी एक फरवरी को सर्व समाज सेवा समिति पिनगवां मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि कुछ मेधावी छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावक उनकी समिति के पदाधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं और कोई भी मेधावी छात्र-छात्रा सर्व समाज सेवा समिति पिनगवां के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि सर्व समाज सेवा समिति पिनगवां के प्रधान हाजी मोहम्मद इसराइल रिटायर्ड सूबेदार मेजर के अलावा उपाध्यक्ष मुस्तफा तथा कोषाध्यक्ष नौरंग हुसैन के अलावा समाजसेवी गुलदीन कुरेशी इत्यादि पदाधिकारी समिति के काम को बेहतर बनाने में भरपूर सहयोग कर रहे हैं। डॉक्टर आस मोहम्मद ने बताया कि जल्दी ही सर्व समाज सेवा समिति पर पिनगवां द्वारा दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्य तरीके से कराया जाएगा। उसके लिए भी जल्दी ही स्थान तथा तिथि निर्धारित की जाएगी। आपको बता दें की सर्व समाज सेवा समिति द्वारा पहला सामूहिक विवाह सम्मेलन कराया गया था।


सर्व समाज सेवा समिति पिनगवां के पदाधिकारी विचार-विमर्श करते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीश्याम सखा मंडल के सहयोग से बाबा श्याम का संकीर्तन



**फिरोजपुर झिरका।** श्रीश्याम सखा मंडल के तत्वावधान में लगातार बाबा खाटू श्याम का कीर्तन आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में श्याम प्रेमियों ने ललित गोयल पुत्र कुंदनलाल गोयल के निवास स्थल पुरानी तहसील के पास बाबा खाटू श्याम का कीर्तन रात्रि 8.00 बजे से लेकर रात्रि 12.00 बजे तक बड़े धूमधाम के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर अलवर राजस्थान के कलाकारों ने सुर मधुर भजनों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित समस्त धर्म प्रेमियों ने बाबा खाटू श्याम के कीर्तन का आनंद उठाया और जमकर झूमे। इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम को छवि का दरबार सजाया गया जिसमें रंग-बिरंगे खुशबूदार पुष्पों से बाबा का श्रृंगार किया गया। बाबा श्याम को रिझाने के लिए 56 तरीके के भोग लगाए गए और धर्म प्रेमियों के ऊपर इत्र वर्षा की गई। इस धार्मिक कार्यक्रम के पावन शुभ अवसर पर श्याम सखा मंडल ब्रजराठ मेवात के अध्यक्ष ललित मोहन आचार्य ने शिरकत की। अपने दिव्य भजनों से लोगों का मन मोह लिया। इसके उपरांत कार्यक्रम के समापन पर समस्त धर्म प्रेमियों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्याम सखा मंडल ब्रजराठ के प्रधान मनोज तायल, दीपक गोयल उर्फ मोनू, चेतन गोयल, हर्षित सोनी, अनमोल सिंगल, सचिन मंगला, निखिल गर्ग, विशाल सोनी सहित काफी संख्या में धर्म प्रेमी महिलाएं व पुरुष इस धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### बीसरू के स्कूल में मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस



**मेवात।** नीति आयोग द्वारा चलाएं जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नूंह जिले के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बीसरू में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन,जिला शिक्षा विभाग नूंह और महिला एव बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से किया गया। कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन टीम से मनीष ने किशोरी छात्राओं को एनीमिया के बारे में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराया व छात्रों को सही पोषण के बारे में भी जानकारी दिया। स्कूलों द्वारा प्रदान किए जा रहे आयरन की गोली को खाने के सही तरीके भी बालिकाओं को बताया। गांधी फेलो दुर्गेश सिंह ने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए इसके महत्व को उन्हें समझाने का प्रयास किया, शिक्षा के माध्यम से ही समाज के बेटियों को बराबर की भागीदारी समाज में मिलेगी। सरकार निरंतर बेटियों की भागीदारी बढ़े ये सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाएं ला रही है, जिससे इनके जीवन स्तर में साकारात्मक परिवर्तन हो सकें। प्राचार्य शुजाउद्दीन ने सभी बालिकाओं से अपने दिनचर्या में कार्यक्रम में बताएं गए सभी अभ्यास को निरंतर करते हुए खुद के स्वास्थ्य को बेहतर रखते हुए आगामी परीक्षाओं में बेहतर करने की अपील किया ।

### रोल मॉडल फिजा खान ने बताया सफलता का राज

**फिरोजपुर झिरका।** गवर्मेंट मॉडल संस्कृति स्कूल रानियला में रोल मॉडल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार सैनी प्रिंसिपल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाठखोरी थे। जिसमें रोल मॉडल रूप में फिजा खान ने अपनी सफलता को बयां किया। ताकि स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं को आगे बढ़ने की ऊर्जा मिले। मंच से रोल मॉडल बनी बेटियां अपनी सफलता की कहानी व परिवार द्वारा जिस प्रकार से मेहनत कर पढ़ाया गया, उस संघर्ष की गाथा सबके सामने बयां की। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद इसके लिए कार्यशालाओं का आयोजन कर रही है। इसके जरिये महिला सशक्तिकरण व महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश समाज को दिया जा सके। कार्यशाला के मंच के जरिये मिडिल विंग व सीनियर सेकेंडरी की 10वीं व 12वीं की कक्षा में टॉपर रही है और फिलहाल कहीं उच्च लेवल के कंपीटीशन की तैयारियां कर रही हैं। वे रोल मॉडल के रूप में मंच पर मौजूद रही। कार्यशाला में रोल मॉडल अपने संघर्ष व प्रगति के सफर को साझा करते हुए बच्चों के सामने अपनी बातें रखी। ताकि स्कूली बालिकाओं की शिक्षा को पूरी करने, कॅरियर संबंधी चुनाव करने में सफलता मिल सके। पूर्व किशोरावस्था में अच्छे व बुरे स्पर्श के बारे में जागरूक किया जाएगा। ड्रग के दुष्परिणामों, भ्रूण हत्या, सामाजिक व शैक्षणिक जागरुकता एवं प्रोत्साहन के अलावा व्यक्तिगत स्वास्थ्य, सफाई की जागरूकता कार्यक्रम भी इसमें शामिल किया गया। जिसमें नर्स किरण बाला ने बच्चियों को समझाया। इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी पाटखोरी स्कूल के प्रिंसिपल प्रवीण कुमार सैनी को दी गई। जिन्होंने बखूबी बच्चों को समझाया।

### छह मनचलों पर महिला थाना सेंटर ने कसा शिकंजा

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार महिला थाना सेंट्रल प्रभारी गीता की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ महिलाओं तथा छात्राओं के साथ भद्दे कमेंट करने वाले 6 मनचलों को काबू किया है। पूछताछ करने पर पता चला कि मनचले युवक छात्र हैं जो कॉलेज में पढ़ाई करते हैं तथा आने जाने वाली छात्राओं तथा महिलाओं पर भद्दे कमेंट पास करते हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए मनचलों में आकाश, कुंदन, राहुल, विवेक, कपिल और पवन का नाम शामिल है। सभी आरोपी फरीदाबाद के आसपास के रहने वाले हैं। आरोपियों को काबू करने के लिए महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मौजूद थी। युवकों ने जब सादी वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ छेड़छाड़ व भद्दे कमेंट करने वाले आरोपी को महिला पुलिस ने उन्हें मौके से काबू कर लिया। भद्दे कमेंट करने वाले युवकों के परिजनो को थाने बुलाया गया तथा उन्हें सख्त हिदायत देते हुए चेतावनी दी गई कि यदि अगली बार वह ऐसी हरकत करते पाए गए तो उन उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी जिसमें उन्हें जेल तक जाना पड़ सकता है। उसके पश्चात महिला थाना प्रभारी गीता ने पार्क में महिलाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पुलिस आयुक्त आदेशानुसार महिला पुलिस सादी वर्दी में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के बीच मौजूद रहती है। हमारा उद्देश्य यही है कि महिलाएं सुरक्षित रहें निडर रहें स्वस्थ रहें।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**◆ नाम परिवर्तन ◆**

मैं, गोरी भाटिया पत्नी श्री. जितेन्द्र भाटिया पुत्री श्री. छत राम भाटिया निवासी मकान नंबर 5-के/113, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा ने ब्यान करती हुं कि मेरी शादी से पहले मेरा नाम पिंकी भाटिया था और शादी के बाद मेरा नाम पिंकी भाटिया से बदलकर गोरी भाटिया कर लिया है।

मै, अनिता गहलावत पत्नी श्री नरेश कुमार निवासी मकान नं 1028/31, गोहाना रोड़, छोटू राम चौक, सोनीपत ने अपना नाम अनिता से बदलकर अनिता गहलावत कर लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए।

मैं, मोहम्मद इलयास पुत्र रूस्तम निवासी ग्राम अहमदबास तहसील फिरोजपुर झिरका जिला नूंह ब्यान करता हूं कि अपना नाम इलयास से बदलकर मोहम्मद इलयास कर लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद इलयास के नाम से जाना जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# बीबीसी प्रकरण

## सुप्रीम कोर्ट का सम्मान

**बीबीसी** द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विवादास्पद भूमिका पर बना दो भाग वाला वृत्त चित्र आजकल मीडिया की सुर्खियों में है। ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन-बीबीसी ने दो भाग में 'इंडिया: द मोदी क्वेशचन' वृत्तचित्र बनाया है जिसमें गुजरात दंगों को लेकर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। केन्द्रीय विधि मंत्री किरन रिजिजू ने बीबीसी से कहा है कि वह भारतीय सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करे। शनिवार को रिजिजू ने ट्वीट किया, 'भारत में कुछ लोग अभी औपनिवेशिक नशे से बाहर नहीं निकले हैं। वे बीबीसी को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के ऊपर समझते हैं ओर देश की गरिमा व छवि को अपने नैतिक आकाओं को खुश रखने के लिए खराब करते हैं।' इसके पहले विदेश मंत्रालय ने वृत्त चित्र की निन्दा करते हुए कहा कि उसमें प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अवांछित टिप्पणियां की गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसे 'प्रचार का हिस्सा' कहा है। इसके बाद 300 से अधिक प्रख्यात नागरिकों ने बीबीसी वृत्त चित्र की निन्दा की। इनमें अनेक सेवानिवृत्त न्यायाधीश, नौकरशाह, सशस्त्र बलों के अधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हैं। केन्द्रीय विधि मंत्री का यह कहना बिल्कुल ठीक है कि गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा 2014 से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सभी अदालतों ने 2002 के दंगों में संलिप्तता के आरोप से बरी कर दिया है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपनी मुहर लगा दी है। इसलिए उन पर पुन: ऐसे आरोप लगाना देश के सर्वोच्च न्यायालय के विवेक व निष्पक्षता पर सवाल उठाना है। नरेन्द्र मोदी को 2012 में ही इस संबंध में सारे आरोपों से मुक्त किया जा चुका था। उस समय भारतीय जनता पार्टी का केन्द्र



में शासन भी नहीं था। उस समय नई दिल्ली में कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार थी और यह सरकार मोदी तथा भाजपा को नीचा दिखाने का एक भी मौका नहीं छोड़ती थी। ऐसे समय नरेन्द्र मोदी को देश की सर्वोच्च न्यायालय समेत अनेक अदालतों से मिला न्याय इस बात की पुष्टि करता है कि 'सत्य' उनके पक्ष में था। इसके बावजूद बीबीसी वृत्त चित्र ने उन पर पुन: निशाना लगाने का कुत्सित प्रयास किया है।

बीबीसी के इस प्रयास से असहमति स्वयं ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने संसद में प्रकट की। उन्होंने भी भारतीय अदालतों व सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों का संदर्भ देते हुए कहा कि वे अपने समकक्ष के बारे की गई टिप्पणियों से सहमत नहीं हैं। ब्रिटेन में रहने वाले अनिवासी भारतीयों व भारतीय मूल के हजारों लोगों ने बीबीसी के इस वृत्त चित्र की निन्दा की है। सवाल उठता है कि आखिरकार इतने साल बाद बीबीसी ने पुराना राग फिर क्यों छेड़ा है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में गुजरात विधानसभा चुनाव में रिकार्डतोड़ विजय के बाद कहा था कि 'यह उनको सहन नहीं होगा। हम पर और आप पर हमले तेज हो जाएंगे।' संभवत: बीबीसी का यह प्रयास देश-दुनिया में 'मोदी-विरोधियों' का नया हथियार है। अतीत में जाकर देखें तो देश-दुनिया के तथाकथित 'उदारवादियों' व 'मानवाधिकार कार्यकर्ताओं' द्वारा मचाए शोर के कारण अनेक देशों ने नरेन्द्र मोदी को वीसा देने पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन भारत में नरेन्द्र मोदी व भाजपा की लगातार बढ़ती लोकप्रियता तथा खासकर 2014 में अभूतपूर्व तरीके से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इन तत्वों को पीछे हटना पड़ा था। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि भाजपा के प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनने के बाद अंग्रेजी के एक प्रख्यात प्रकाशक की एक महिला द्वारा लिखी किताब को बाजार में लाने के बजाय 'लुगदी' में बदलना पड़ा था क्योंकि उसमें मोदी के खिलाफ तथ्यहीन टिप्पणियां की गई थीं। उस समय भी भारत के 'मोदी-विरोधियों' ने प्रकाशक की निन्दा करते हुए कहा था कि उसे ज्यादा साहस दिखाना चाहिए था। बीबीसी ने शायद उनको मौका दे दिया है।

# पर्यटन में अभूतपूर्व प्रगति की उम्मीद

**पर्यटन मंत्रालय आक्रामक रूप से विभिन्न पर्यटन उत्पादों व पर्यटन स्थलों को प्रोत्साहित कर रहा है। इससे अभूतपूर्व प्रगति की उम्मीद है।**



**राजेश कुमार सिंह**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**गंगा** विलास क्रूज़ शिप प्रदेश के पर्यटन में नई संभावनायें तलाशने का केवल एक प्रतीक है। वास्तव में पर्यटन उद्योग की असीम संभावनायें हैं और 2028 तक उससे 50.9 बिलियन डालर आय की उम्मीद है। भारत ने अरब पर्यटन बाजार 'दुबई-2022' में अनेक पर्यटन उत्पाद व संभावनायें प्रकट की हैं क्योंकि मध्य पूर्व हमेशा से भारतीय पर्यटन का प्रमुख लक्षित बाजार रहा है। पर्यटन मंत्रालय ने इस विशाल आयोजन में 'नमस्ते इंडिया' अभियान से अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को भारत की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया है। भारत की अनेक राज्य सरकारों ने इस आयोजन में सहभागिता कर अपने प्रमुख पर्यटन स्थलों को दुनिया के सामने रखा है। भारत ने स्वयं को एक समग्र लक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया है जिसमें अनेक प्रकार के प्रमुख अनुभव शामिल हैं। इनमें आध्यात्मिकता, विरासत, एडवेंचर, संस्कृति, योग, वेलनेस व अनेक चीजों को स्थान मिला है। पर्यटन मंत्रालय आक्रामक ढंग से विभिन्न पर्यटन उत्पादों व लक्ष्यों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसका प्रमुख फोकस 'माइस' संभावनाओं पर है जिसमें फिल्म पर्यटन, वेलनेस पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन, लक्ज़री पर्यटन, वन्यजीव पर्यटन तथा एडवेंचर पर्यटन शामिल हैं। वर्ष 2028 तक भारतीय पर्यटन एवं अतिथि सत्कार उद्योग द्वारा 50.9 बिलियन डालर प्राप्त करने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 27 तक भारत का पर्यटन बाजार 125 बिलियन डालर तक पहुंच जाएगा, जबकि यह वित्त वर्ष 20 में लगभग 75 बिलियन डालर था।


मध्य पूर्व भारतीय पर्यटन उद्योग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि लगभग तीन मिलियन भारतीय दुनिया के इस समृद्ध तेल-क्षेत्र के विभिन्न देशों में रहते हैं। मध्य पूर्व से बड़ी संख्या में भारतीय 'माइस', यानी चिकित्सा, वेलनेस, लक्ज़री पर्यटन, आदि के लिए आते हैं। इसलिए पर्यटन मंत्रालय भारतीय पर्यटन को समग्र रूप से मध्य पूर्व के बाजार में प्रोत्साहित कर रहा है। अरबियन ट्रेवल मार्ट में सहभागिता सरकार की ऐसी ही एक पहल का संकेत है। आयोजन के दौरान विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि भारत अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए खुल गया है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को प्रोत्साहित करने वाले 'नमस्ते इंडिया' अभियान के साथ महामारी-पश्चात युग में विश्वास बहाली रणनीतियों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। फिल्म पर्यटन तथा फिल्म-निर्माण के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य के रूप में भारत का महत्व है। यहां मौजूद सभी भौतिक भौगोलिक तत्वों व भू-दृश्यावली के महत्व पर विस्तार से चर्चा हो रही है। फिल्म निर्माण के संभावित ठिकानों के रूप में पूर्वोत्तर राज्यों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। विदेशों के बाजारों में भारत के प्रचार व प्रोत्साहन में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर भी व्यापक चर्चा हुई है और इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'चलो इंडिया' की अपील करते हुए प्रवासी भारतीयों का आह्वान किया है कि वे कम से कम पांच अनिवासी भारतीय मित्रों को हर साल भारत यात्रा के लिए प्रोत्साहित करें।

प्रवासी भारतीयों को प्रधानमंत्री द्वारा 'राष्ट्रदूत' बताना भी महत्वपूर्ण है। विदेशी बाजारों में भारत को प्रोत्साहित करने में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर भी चर्चा हुई है। विशेषज्ञों ने भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया की भूमिका भी उजागर की है। उनके अनुसार यह पर्यटन उद्योग के लिए 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। बड़ी संख्या में 'मिलीनियल पर्यटक' यात्रा व पर्यटन के लिए प्रमोशनल विषयवस्तु इसमें देखते हैं। सोशल मीडिया बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने वाले 'इन्फ्लूएंसर्स' की भूमिका भी अदा करता है।

सरकार ने भारत के समृद्ध व विविधतापूर्ण पर्यटन संभावनाओं को एक मंच के रूप प्रस्तुत किया है जहां पर्यटन से जुड़े विभिन्न पक्ष विभिन्न पर्यटन स्थलों व उत्पादों का प्रदर्शन कर सकते हैं जिनमें नए स्थल व उत्पाद भी शामिल हैं। इसने भारत को 'अवश्य देखें, अवश्य आएं' लक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया है। भारतीय पैवेलियन ने भारत को '365 दिनों का लक्ष्य' के रूप में प्रस्तुत किया है जिसमें इसकी संस्कृति, एडवेंचर, क्रूज़, गोल्फ, माइस, लक्ज़री, वन्यजीव, वेलनेस व चिकित्सा पर्यटन, आदि शामिल हैं। आयोजन में भारत की विभिन्न पर्यटन संभावनाओं पर विचार हुआ। राज्य सरकारों ने भी इस आयोजन में बहुत उत्साह से भाग लिया। उदाहरणार्थ, उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों का महत्व बताया जिनको एडवेंचर पर्यटन तथा उत्तराखंड राज्य में विवाह पर्यटन आदि के रूप में पेश किया जा सकता है। राज्यों ने विभिन्न सरकारों द्वारा की गई पहलों का उल्लेख भी किया जिनके चलते राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। उत्तराखंड सरकार ने हरिद्वार अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे जैसी विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं के विकास के बारे में भी बताया जो पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत से आयोजन में भाग लेने वालों में राज्य सरकारें, टूर आपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट तथा होटल व रिजार्ट मालिक भी शामिल हैं। भारत के पैवेलियन में विभिन्न पर्यटन उत्पादों व सेवाओं का भी उल्लेख किया गया। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, केरल, नगालैंड जैसे राज्यों ने आयोजन में बहुत उत्साह से भाग लिया। पर्यटन मंत्रालय ने एडवेंचर पर्यटन को एक 'विशिष्ट' पर्यटन उत्पाद के रूप में स्वीकार किया है जिससे भारत को '365 दिनों' के लक्ष्य के रूप में पेश किया जा रहा है और यह विशिष्ट दिलचस्पी रखने वाले पर्यटकों को आकर्षित करता है। मंत्रालय ने एडवेंचर टूर आपरेटर्स के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं जिनमें सभी योग्य एडवेंचर टूर आपरेटरों को शामिल किया गया है। एडवेंचर पर्यटन पर एक कार्यबल भी गठित किया गया है जो देश में एडवेंचर पर्यटन को प्रोत्साहित करने व उसके विकास में एक मंच की तरह काम करेगा। पर्यटन मंत्रालय ने 'इंडियन एडवेंचर टूरिज्म गाइडलाइन्स' का दूसरा संस्करण जारी किया है जिसका संबंध एडवेंचर पर्यटन में सुरक्षा व गुणवत्ता मानकों से है। 31 क्षेत्रों में एडवेंचर पर्यटन के लिए आधारभूत न्यूनतम मानक निर्धारित किए गए हैं जिनमें भूमि, हवा व जल में एडवेंचर गतिविधियां शामिल हैं। पर्यटन स्थलों या केन्द्रों की पहचान संबंधित राज्य सरकारों या संघशासित क्षेत्रों के प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने 2014-15 में 'स्वदेश दर्शन योजना' शुरू की थी ताकि विशिष्ट थीम पर आधारित देश के पर्यटक सर्किटों का समयबद्ध विकास सुनिश्चित हो सके। इस योजना में विकास के लिए 15 थीम सर्किटों का चयन हुआ था। इस परियोजना के अंतर्गत विकास के लिए योजनाओं की पहचान संबंधित राज्य सरकारों व संघशासित क्षेत्रों से विचार विमर्श के बाद की जाती है। इसके लिए फंड की उपलब्धता के आधार पर उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, योजना निर्देशों के पालन तथा पहले एकत्र फंडों के समुचित उपयोग की आवश्यकता होती है।

जनवरी, 2015 में शुरू होने के बाद से भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने 30 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों में 'स्वदेश दर्शन योजना' के अंतर्गत 5,667.39 करोड़ रुपये की 76 परियोजनाओं को अनुमति दी है। भारत के उभरते मध्यम वर्ग व उसके पास खर्च के लिए अतिरिक्त धन ने घरेलू व विदेशी पर्यटन को बढ़ावा दिया है। इंडियन एयरलाइन का बाजार लगभग 20 बिलियन डालर था और वित्त वर्ष 27 में हवाईअड्डों की ढांचागत संरचना तथा पासपोर्ट तक पहुंच बढ़ने से इसके दूने होने की उम्मीद है। भारतीय अतिथि सत्कार बाजार वित्त वर्ष 20 में 32 बिलियन डालर था जिसके वित्त वर्ष 27 तक 52 बिलियन डालर होने की उम्मीद है। 2019 में भारत में 10.93 मिलियन विदेशी पर्यटक आए जिसमें हर साल 3.5 प्रतिशत वृद्धि हो रही थी। मार्च, 2021 में ई-टूरिस्ट वीज़ा की सुविधा का विस्तार 171 देशों के नागरिकों तक कर दिया गया है। अप्रैल, 2021 में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक अमेरिका गए जो कुल का 26.85 प्रतिशत थे इसके बाद बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ब्रिटेन, नेपाल, कनाडा, ईराक, पुर्तगाल, जर्मनी, रूस, माल्दीव, फ्रांस, सूडान व कोरिया व आस्ट्रेलिया का स्थान था। भारत में भी पर्यटन में अभूतपूर्व विकास की आशा है।

# ओछा राजनीतिक प्रयोग है रामचरितमानस पर विषवमन



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक हिन्दी पायनियर लखनऊ के ब्यूरो चीफ़ हैं)

**खुद** को सामाजिक न्याय के चैंपियन की तरह पेश करने वाले मुस्लिम व यादव वोटों के दम पर सत्ताजनित राजनीति करने के अभ्यस्त उत्तर प्रदेश व बिहार के दो प्रमुख राजनीतिक दलों क्रमश: समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय जनता दल में सहसा एक नई अनपेक्षित समानता दृष्टिगोचर हुई है। यह समानता जितनी दिलचस्प है उससे भी ज्यादा यह समझना कि यह मात्र संयोग है या प्रयोग।

बिहार के शिक्षा मंत्री व राजद के नेता चन्द्रशेखर प्रसाद यादव व सपा के विधान परिषद सदस्य और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अत्यंत अल्प अंतराल में गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस पर अमर्यादित टिप्पणियां करते हुए जिस तरह हिन्दू सनातन धर्म की महिमा को नीचा दिखाने की कोशिश है वह राजनीतिक रूप से फायदेमंद है या नुकसान देह यह बहस का विषय हो सकता है लेकिन मौर्य व यादव के अवांछित वक्तव्यों ने सामाजिक सौहार्द व समरसता को अवश्य ठेस पहुंचाई है।

चंद्रशेखर यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य ने बिना किसी परिस्थितिजन्य कारण या उत्तेजना के सहसा रामचरितमानस पर निशाना साधा है। राजनीति दृष्टि से ओत प्रोत दोनों के वक्तव्यों में रामचरितमानस पर दलित या अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े या वंचित तबके को अपमानित करने का आरोप लगाया गया है। यादव ने जहां रामचरितमानस को समाज के लिए विभाजनकारी बताया वहीं मौर्य ने एक कदम आगे बढ़कर रामचरितमानस पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर दी है।

दूसरी ओर स्वामी प्रसाद मौर्य हैं जो लगभग पांच साल भाजपा सरकार में मंत्री रहने के बाद विधान सभा चुनाव के ऐन पहले सपा खेमे में पहुंच गए। उनकी प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचा जब वह विधान सभा का चुनाव हार गए लेकिन गैर यादव पिछड़े समाज को संदेश देने के ध्येय से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें विधान परिषद सदस्य बनवा दिया। राजनीतिक रूप से सपा के लिए असेट बनने गए मौर्य असेट तो नहीं बन सके हां रामचरितमानस पर बेतुकी टिप्पणी कर वह अखिलेश के लिए आने वाले समय में लाइबिल्टी अवश्य बन जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

बिहार में राजद व उत्तर प्रदेश में सपा नेता द्वारा रामचरितमानस पर की गई निंदनीय टिप्पणियों में कुछ व्यवहारिक अंतर हैं जिन्हें




**राजनीतिक रूप से सपा के लिए असेट बनने गए मौर्य असेट तो नहीं बन सके, हां रामचरित मानस पर बेतुकी टिप्पणी कर वह अखिलेश के लिए आने वाले समय में लाइबिल्टी अवश्य बन जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।**

समझना आवश्यक है। बिहार में राजद व जद (यू) की गठबंधन सरकार है और इस लिहाज से वहां के शिक्षा मंत्री ने जो कहा उसने बिहार के सीएम नीतीश कुमार व राजद के कार्यकारी प्रमुख व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के पाले में गेंद डाली है और दोनों ने ही मामले को हल्का करने की कोशिश की है। नीतीश कुमार अब एक कमजोर सीएम हैं और उनसे राजद के मंत्री पर किसी एक्शन की उम्मीद ही बेमानी है और जहां तक राजद की बात है तो उसने तो अप्रत्यक्ष रूप से चंद्रशेखर का समर्थन ही किया है।

राजद के कार्यकारी प्रमुख तेजस्वी यादव की चंद्रशेखर के बयान के प्रति समर्थन वाली ठंडी प्रतिक्रिया व स्वामी प्रसाद मौर्य के बड़बोलेपन पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मौन से यह सवाल प्रमुखता से उभरता है कि क्या यूपी व बिहार में क्रमश: सपा व राजद दोनों ने राजनीतिक प्रयोग किया है, और स्वामी व चंद्रशेखर का रामचरितमानस जैसे हर घर लोकप्रिय धार्मिक ग्रंथ पर अमर्यादित टिप्पणी इसी प्रयोग की धुरी हैं।

सिर्फ यह मानना कि, चंद्रशेखर या मौर्य ने सिर्फ चर्चा में आने के लिए रामचरित मानस पर बेसुरा राग छेड़ा है, दीवार पर लिखी इबारत की अनदेखी करना है। यूपी व बिहार से मिलाकर लोकसभा की 120 सीटें हैं और पीएम नरेंद्र मोदी के विरोधी यहां भाजपा की जबरदस्त बढ़त को नीचे लाकर भाजपा की सूची को बहुमत के आंकड़े से दूर रखना चाहते हैं।

जाहिर है कि लोकसभा चुनाव के लिहाज से यूपी व बिहार का खास महत्व है और इसको देखते हुए यहां नए सिरे से जातीय गोलबंदी की कोशिश होने लगी हैं। इसके लिए सपा व राजद जैसी सामाजिक न्याय की स्वयंभू चैंपियन पार्टियां रामचरितमानस को हथियार बना रही हैं। और यही इस मामले का सबसे दुखद व अप्रिय पहलू है।

यूं तो जातीय गोलबंदी को चुनावी लाभ के लिए हवा देना भी न्यायसंगत नहीं है लेकिन यह भी सच्चाई है कि प्राय: सभी दल इसमें किसी न किसी प्रकार से लिप्त हैं। कोई भी अछूता नहीं है। बेहतर हो कि सत्ता प्राप्ति की अभिलाषा में धर्म विशेष की आस्था पर चोट न पहुंचाई जाए। और इस प्रकरण में धर्म विशेष की धार्मिक आस्था पर चोट के साथ साथ सामाजिक जातीय ताना बाना भी क्षतिग्रस्त हो सकता है। सरकारें बनती बिगड़ती रहती हैं लेकिन सामाजिक सौहार्द राष्ट्र व समाज की ताकत होता है और सुनियोजित सुविचारित योजना के तहत इसे नष्ट करने की इजाजत किसी को नहीं जा सकती।

अमूमन इस तरह की बयानबाजी पर कहीं गुस्सा फूटता है तो कहीं प्रतिक्रिया स्वरूप जवाबी बयानबाजी होती है। कुछ लोग अति उत्साह अथवा नाराजगी के चलते ऐसे बयानों को लेकर सम्बंधित व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज करा देते हैं। इस मामले में भी ऐसा ही सब कुछ होगा या होना शुरू भी हो गया हो। बहरहाल, यह साफ नजर आ रहा है कि यह महज संयोग नहीं कि पहले अनायास बिहार का शिक्षा मंत्री और अब किनारे पड़े स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस पर अमर्यादित टिप्पणी की है। राजनीतिक नफा नुकसान अपनी जगह लेकिन घर घर पूजे जाने वाले रामचरितमानस जैसे ग्रंथ पर ऐसे मामूली लोगों के विषवमन का कोई असर नहीं पड़ने वाला। 'रामचरितमानस अनंत और इसकी महिमा भी अनंत।'

## आप की बात

### प्रकाश प्रदूषण

**वैज्ञानिकों** ने ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण के बाद अब बढ़ते हुए प्रकाश प्रदूषण को लेकर भी विश्व को चेताया है। एक 10 वर्षीय अध्ययन में पाया गया कि धरती पर दिन-ब-दिन तीव्र प्रकाश में बढ़ोतरी के कारण आकाश का नैसर्गिक प्रकाश मध्यम पड़ रहा है । इस कृत्रिम प्रकाश के कारण आकाश में कम प्रकाश वाले व छोटे तारे अब धरती से कम से कम दिखाई दे रहे हैं। और यदि प्रकाश प्रदूषण इसी गति के साथ बढ़ता रहा तो अगले 10 वर्षों में यह 2 गुना हो जाएगा जिसके बाद बिना सितारों वाले आकाश नजर आएंगे। हमारी भावी पीढ़ी को यह पढ़कर आश्चर्य होगा कि कभी आकाश में तारे नंगी आंखों से भी नजर आते थे। अत: ईश्वर की नैसर्गिकता के लिए जनता को गैर जरूरी तीव्र प्रकाश के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए और विभिन्न उत्सवों और समारोहों पर व्यर्थ की चकाचौंध पर पाबंदी लगाई जाना चाहिए। अत्यधिक कृत्रिम प्रकाश के कारण अनेक रात्रिचर जीव-जंतुओं का जीवन व प्रजनन भी संकट में पड़ गया है। अनेक प्रकार की चिड़ियां व कीट-पतंग इस कृत्रिम प्रकाश के प्रति स्वयं को ढाल नहीं पा रहे हैं। इसलिए सड़कों पर जरूरी लाइटों को छोड़ कर अन्य सभी प्रकार की सजावटी लाइटें रात में बंद कर देनी चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### भारत-चीन व्यापार

**चीन** के साथ व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर के पार निकल गया है। 2022 में भारत-चीन का द्विपक्षीय कारोबार 135.9 अरब डॉलर का रहा। कोरोनाकाल के कारण करीब दो साल से खड़ी हुई अर्थव्यवस्था में पिछले साल अचानक मांग बढ़ी, ऐसी परिस्थिति में किसी देश का आयात बढ़ना बहुत नकारात्मक भी नहीं है। लेकिन चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार की पूरी तस्वीर चिंता बढ़ाने वाली है। एक ओर जहां चीन से आयात सालभर पहले के मुकाबले में बढ़ा है वहीं निर्यात में अच्छी-खासी गिरावट देखने को मिली। चीन जिस तरह से भारत के हितों को चोट पहुंचाने के लिए हर मोर्चे पर हर संभव प्रयास करता दिखता है, ऐसे में रणनीतिक रूप से भी यह सवाल अहम है कि आखिर हम चाह कर भी उसी से कारोबार कम क्यों नहीं कर पा रहे हैं? सवाल इसलिए भी गंभीर हैए क्योंकि व्यापार घाटा उस दौर में 100 अरब डॉलर के पार पहुंचा है जब आत्मनिर्भर भारत से लेकर मेक इन इंडिया तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत-चीन व्यापार को संतुलित करना जरूरी है क्योंकि चीन भारत का बड़ा दुश्मन है।

**सदन जी**, पटना

### भ्रामक विदेशी मीडिया

**बेहतर** हो कि विदेशी मीडिया भारत में ना झांके। विदेशी मीडिया दुराग्रहवश भारत के खिलाफ जहर उगल रहा है जिसके तहत बीबीसी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आधारित बनाई डाक्यूमेंट्री फिल्म की विषयवस्तु में दुराग्रह और पक्षपाती होने का पुट दिया है। इसमें पीएम, न्यायपालिका और पुलिस की कार्यशैली के साथ भारतीय लोकतंत्र की कमजोरी उजागर करने का प्रयास किया है। यद्यपि बीबीसी और विदेशी मीडिया पहले भी ऐसे कामों में लिप्त रहकर रेडियो और टेलीविजन पर दुष्प्रचार करते रहेकिंतु वर्तमान की विषयवस्तु में झूठे और मनगढंत तथ्यों का भंडार होना आपत्तिजनक है। अच्छा हो कि विदेशी मीडिया भारत की तुलना अपने देशों से करे तब समझ में आएगा कि उनके देशों की स्थिति भारत की अपेक्षा कैसी है? भारत सरकार, न्यायपालिका, पुलिस और जनता आदि को विदेशी मीडिया बहका नहीं सकता, क्योंकि कोरोनाकाल में भी किए दुष्प्रचार का कोई असर भारतीय नागरिकों पर नहीं हो सका। भारतीय लोकतंत्र की जड़ें काफी गहरी हैं।

**बी एल शर्मा**, उज्जैन

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया




**परीक्षा** पेपर बार-बार आउट हो रहे हैं और कहा जा रहा है कि कोई नेता या अधिकारी इसमें शामिल नहीं है। यह जादूगीरी है।

**- सचिन पायलट**
कांग्रेस नेता



**मैं** बैठकें कर रहा हूं। पहले कोरोना आया फिर बड़ा कोरोना हमारी पार्टी में घुस गया। सरकार ने शानदार प्रदर्शन किया।

**- अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री



**मेरे** बारे में झूठी बातें फैला कर कोई मुझे डरा नहीं सकता। मैं आजीवन संघर्ष करती रहूंगी।

**- स्वाती मालीवाल**
दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष

# शुगर मिल के ताले तभी खुलेंगे, जब सरकार गन्ने का रेट बढ़ाएगी : खानपुर

## मुख्यमंत्री की प्रतीकात्मक अर्थी सजाकर अंतिम संस्कार करेंगे किसान आज

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद

धरना चौथे दिन भी रहा जारी


मंगलवार को शुगर मिल के बाहर धरने पर लंगर छकते और सरकार विरोधी नारेबाजी करते किसान।

**दि-शाहाबाद** सहकारी शुगर मिल के बाहर गन्ने के भाव बढ़ाने की मांग को लेकर चल रहे धरने में दोपहर का खाना खा रहे किसानों में उस समय गुस्सा पनप गया, जब पता चला कि गन्ना रेट समीक्षा कमेटी अपनी रिपोर्ट प्रदेश सरकार के सामने पेश करने में अभी 10 दिनों और लगाएगी तथा उसके बाद मुख्यमंत्री गन्ना मूल्य वृद्धि करने बारे सोचेंगे। किसानो ने खाना खाते वक्त ही सरकार विरोधी नारेबाजी शुरू कर दी। धरने की अध्यक्षता कर रहे भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक प्रधान हरकेश खानपुर ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानो को हलके में ले रही है, तभी गन्ने के मूल्य में वृद्धि नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सोच रही है कि किसान थक हार कर खुद आंदोलन छोड़ कर चले जाएंगे, जबकि ऐसा नहीं है।

उन्होंने कहा कि शुगर मिल के बाहर लगे ताले तभी खुलेंगे, जब सरकार गन्ने का रेट बढ़ाएगी। युवा प्रधान पंकज हबाना ने कहा कि प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल की अध्यक्षता वाली कमेटी बिना किसी किसान नेता के खुद समीक्षा कर रही है और भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) पहले ही इस कमेटी को नकार चुकी है। उन्होंने कहा कि आगामी आंदोलन हेतु बुधवार को शाहाबाद ब्लॉक के किसान ट्रेक्टरो के पीछे गन्ना बांधकर और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अर्थी सजा कर पूरे शाहाबाद में जुलूस निकालेंगे, जिसके लिए यूनियन ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि यह जुलूस शुगर मिल के बाहर से शुरू होगा। वापसी पर शुगर मिल के बाहर मुख्यमंत्री के पुतले का संस्कार किया जाएगा। उधर, मंगलवार को भी पूरा दिन किसान धरने पर डटे रहे। किसानों ने अलग-अलग सम्बोधन में हरियाणा सरकार को जी भर कर कोसा। सोमवार को भी बारिश के बीच में किसानों ने लाडवा रोड पर पंगत में बैठ कर सुबह दोपहर और रात का लंगर छका। आज के धरने में जयपाल सिंह, जागीर सिंह, पलविंदर सिंह, करम सिंह, राजीव रामेश, छत्तर सिंह, साहब सिंह, हर मोहिंदर सिंह, पवन कुमार, संदीप कुमार, जोगिन्दर सिंह, विक्रम दाऊमाजरा और मलकीत उगला सहित सैंकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### सरकार और किसान आए आमने-सामने

किसानों और सरकार का टकराव कम होने की बजाय बढ़ता जा रहा है। धरने पर रोजाना किसानो की गिनती बढ़ रही है। पुलिस द्वारा शुगर मिल के बाहर लाडवा रोड को एक तरफ पूरी तरह बंद रखना पड़ता है। शुगर मिल में रोजाना लाखो का नुक्सान हो रहा हैं। हरियाणा सरकार ने मंगलवार को यह साफ कर दिया है कि कमेटी की रिपोर्ट पर ही गन्ने के भाव बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। धरने पर बैठे किसानों ने कमेटी को नकार दिया है और रेट बढ़ाने के बाद ही आंदोलन वापस लेने की बात कही है। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश बैंस का कहना है कि सरकार रेट बढ़ाएगी, यह तय है। बस देरी करके सरकार खुद का और किसानो का नुक्सान करने पर उतारू है। उन्होंने कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा को कहा कि सरकार रेट बढ़ा दे, किसान ताले खोल देंगे। उन्होंने कहा कि किसान राजनीति नहीं कर रहे है, बस अपना बनता हक मांग रहे है, इसलिए मंत्री किसानो को समझाने की बजाए, अपनी सरकार को समझाए। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को कृषि मंत्री ने मीडिया के माध्यम से किसानों से अपील है कि वह पहले मिलों से ताले खोलें और पिराई शुरू होने दें। मिल बंद करने से किसानों को ही नुकसान है। मंत्री दलाल का कहना है कि गन्ने का रेट बढ़ोतरी को लेकर कुछ लोग राजनीति कर रहे हैं और किसानों को इसका भुगतान करना पड़ रहा है। किसानों को चाहिए वह राजनीति करने वालों से बचें। गन्ना रेट बढ़ाने को लेकर कमेटी 10 दिनों में रिपोर्ट सौंप देगी, जिसके बाद राकेश बैंस ने कृषि मंत्री को यह उतर दिया है।


कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

## लड़कियों आगे बढ़ो और बराबरी करो

# लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त करके राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान प्रदान करें : अहलावत

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**सारथी** जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं बेटी बचाओ जन चेतना अभियान समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बालिका उत्सव के रूप में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा में मनाया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर लड़कियों आगे बढ़ो और बराबरी करो विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा पुलिस के महानिरीक्षक सेवा निवृत्त डा. सुमन मंजरी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. दीपमाला मित्तल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेडक्रॉस के पूर्व सचिव सुभाष वशिष्ठ, राष्ट्रपति अवार्डी कुमारी निहारिका, डॉ डिंपल रानी सहायक प्रोफेसर करनाल, डीपीओ नवीन गुलिया, प्रिंसिपल सुमन बाला मौजूद रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. सुमन मंजरी ने कहा कि देश में लड़कियों को आत्मनिर्भर और अहम दर्जा देना इस दिवस का उद्देश्य है। समाज में बालिका को असमानताओं को मिटाने के लिए लोगों के बीच जागरुकता को बढ़ाना इस दिवस को मनाने का लक्ष्य है।सारथी ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि बेटियों के सम्मान, शिक्षा, सुरक्षा व सशक्तिकरण हेतु हम सदैव प्रतिबद्ध हैं। सारथी ट्रस्ट का उद्देश्य है प्रत्येक लड़की को समाज में उचित सम्मान मिले। सबको पढ़ने के समान अवसर मिले। बाल विवाह और भ्रूण हत्या पर पूर्णत: रोक लगाई जाए। महिला हो या पुरूष सभी को इस लड़ाई में खुलकर लड़कियों का साथ देना चाहिए, लड़कियों आगे बढ़ो और बराबरी करो।

इस अवसर डॉ दीपमाला मित्तल ने छात्राओं को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी प्रदान की और उनके द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए। विशिष्ट अतिथि भारतीय स्टेट बैंक सोनीपत के मुख्य प्रबंधक आंनद पाल अहलावत ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा के एजुकेशन लोन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला परियोजना अधिकारी नवीन गुलिया व राष्ट्रपति अवार्डी निहारिका ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हरयाणवी नृत्य, रागनी, कविताओं के माध्यम से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम से बालिका उत्सव मनाया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन रितु राज ने किया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ योगिता, कांता, ममता शर्मा, दर्शन, सविता, धर्मदत्त, राशु व स्कूल के शिक्षक व अध्यापिकाएं मौजूद रही।

## संक्षिप्त-समाचार

### बम भोले बम...भजन पर जम कर थिरके श्रद्धालु


प्रभात फेरी में आयोजक परिवार को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते सभा के सदस्य।

**शाहाबाद।** श्रीमारकंडेश्वर महादेव शिव मंदिर सभा के तत्वावधान में प्राचीन श्री शिव मंदिर द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष में निकाली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला में मंगलवार की प्रभातफेरी मदन वालिया व राकेश शर्मा के परिवार द्वारा अपने निवास पर आयोजित करवाई गई। शिव मंदिर के विद्वान पंडित सुनील शर्मा द्वारा आयोजक परिवार को पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करवाने के उपरांत प्रभातफेरी का शुभारंभ अजय मोंगा ने महामंत्र ओम नम: शिवाय की मधुर धुन के साथ व अंकुश गोयल ने गणपति वंदना से किया। भजन मंडली में आरती, प्रवीण मेहता, अमित विरमानी, राजीव गुप्ता, गगन आहूजा, गौरव ठुकराल, चारु, नीरज मेहंदीरत्ता, अवशीष शर्मा, गुलशन मयूर व रविराज ने एक के बाद एक सुंदर भजन गाकर श्रद्धालुओं को मस्ती में झूमने पर विवश कर दिया। गुलशन मयूर द्वारा गाए गए भजन बम भोले बम बम यही वो तंत्र है, यही वो मंत्र है प्रेम से जपोगे तो मिटेंगे सारे गम...पर श्रद्धालु जम कर थिरके। मंच संचालन विजय शर्मा ने किया। प्रभातफेरी के आयोजक परिवार को विधायक रामकरण, नपा प्रधान गुलशन कवात्तरा व मंदिर सभा के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रभातफेरी के समापन पर मयंक तुली ने श्रद्धालुओं संग भगवान शंकर की आरती की। इस मौके पर मुलख राज गुम्बर, मदन लाल नारंग, राजू कोहली, नपा उपप्रधान भाविका कवात्तरा, ममता कवात्तरा, प्राची गुप्ता, विनोद बंसल, पार्षद विजय कलसी, प्रभजीत सिंह जीता, राजू कोहली, गौरव कामरा, सनी मुल्तानी, विजय धवन, राज कुमार सलूजा, नरेंदर अरोड़ा, राज मक्कड़, ललित अरोड़ा, विकास सचदेवा, विशाल, व राजन सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### राज्य सरकार बिना किसी देरी के करे गन्ना कीमत में वृद्धि


गांव धन्तोड़ी में किसानों के साथ खड़े प्रेम हिंगाखेड़ी।

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी ने राज्य सरकार से बिना किसी और देरी के गन्ने की कीमतों में वृद्धि की मांग की है। उन्होंने कहा कि गन्ना के लिए एसएपी (राज्य सलाहकार मूल्य) में बढ़ोतरी के लिए आंदोलन करने वाले किसानों की मांग पूरी तरह से उचित है। प्रेम हिंगाखेड़ी ने मंगलवार को गांव धन्तोड़ी में किसानों की एक बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि शुगर मिल के बाहर बैठे किसानों से उन्होंने मुलाकात की। बढ़ती ठण्ड और बारिश के बीच किसान सड़क पर बैठे है, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है। पहले भी कांग्रेस कार्यकाल में समय रहते गन्ने के मूल्य में वृद्धि होती रही है, जबकि भाजपा सरकार ने गन्ने का सीजन समाप्त होने के बावजूद अभी तक वृद्धि नहीं हुई है। इस मौके उनके साथ किसान जय राम सैनी, रामपाल सैनी, डिंपल सैनी, जय सिंह, रजत, अमन, बलजीत सैनी, राजीव कुमार, अंकित कुमार, गोल्डी सैनी और निखिल सैनी सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस ने किए कड़े सुरक्षा बदोबस्त


चैकिंग करते पुलिस कर्मचारी।

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा के सभी प्रकार के इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। सुरक्षा के मध्यनजर शहर में करीब 13 स्थानों पर नाकाबंदी रहेगी। जिनपर करीब 100 ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। नई अनाज मंडी में समारोह स्थल के आसपास व मंडी के सभी गेटों पर भी करीब 200 पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। जिला पुलिस की यह सभी डयूटियां 25 जनवरी की शाम से ही शुरू हो जाएगी। इन सबके अलावा जिला पुलिस की करीब 30 कर्मियों की एक रिजर्व को भी तैयार रखा जाएगा। इसके साथ ही जिला पुलिस द्वारा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के आसपास पड़ने वाले ढ़ाबों और होटलों की चैकिंग की गई। बस स्टैंड चौकी इंचार्ज एएसआई कर्मबीर सिंह द्वारा सभी को हिदायत दी गई कि यदि कोई अज्ञात व्यक्ति आपके होटल में ठहरने के लिए आए या आपके ढ़ाबे पर खाना खाने के लिए आए तो तुरंत उसके संबंध में पुलिस को सुचना दें। उन्होंनें बस स्टैंड क्षेत्र में भी आने जाने वाले संदिग्ध यात्रियों व बसों की भी चैकिंग की। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मध्यनजर उनकी टीम पूरी तरह से तैयार है और यह चैकिंग अभियान गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न होने तक निरंतर जारी रहेगा।

## साइबर सुरक्षा पर कराई पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में भावना ने बाजी मारी


एनएसएस शिविर में छात्रों को जागरुक करती एनएसएस टीम की सदस्य।

### जीवीएम की स्वयंसेविकाओं ने लहराड़ा में साइबर सुरक्षा पर रैली निकालते हुए दिया जागरुकता का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**राष्ट्रीय** सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय आवासीय शिविर के पांचवें दिन जीवीएम गर्ल्ज कालेज की स्वयंसेविकाओं ने लहराड़ा में जागरूकता रैली निकालते हुए साइबर सुरक्षा का संदेश दिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि तकनीकी दौर में साईबर सुरक्षा बेहद जरूरी है, जिसके लिए जागरूकता पहली आवश्यकता है।

जीवीएम की एनएसएस इकाई की प्रभारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में लहराड़ा में आवासीय शिविर का पांचवां दिन साइबर सुरक्षा के नाम रहा। स्वयंसेविकाओं ने गांव में साईबर सुरक्षा हम सबकी रक्षा थीम पर जागरूकता रैली निकालते हुए जोरदार नारे लगाए। साथ ही स्वयंसेविकाओं ने गांव के माध्य में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी साइबर सुरक्षा का संदेश दिया। साइबर सुरक्षा विषय पर आयोजित पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन में मुस्कान ने बाजी मारी। पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में भावना ने प्रथम व तमन्ना ने द्वितीय तथा खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। नारा लेखन स्पर्धा में भावना अव्वल रही तथा खुशी ने द्वितीय और सान्या तृतीय स्थान पर रही। इसके पहले दिन की शुरुआत सूर्य नमस्कार से की गई। एनएसएस प्रभारी रूचिका विरमानी ने कहा कि देश हमें इतना कुछ दे रहा है तो हमारा भी दायित्व बनता है कि हम भी देश के लिए कुछ करें।

## धूमधाम से मनेगा गणतंत्र दिवस : रामकुमार रंबा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा की अध्यक्षता में बैठक सिरसला रोड स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। रामकुमार रंबा ने बताया कि हर वर्ष की भांति 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के कार्यालय के समक्ष प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा, मुख्य संरक्षक हाकम सिंह गुर्जर सहित ध्वज फहराया जाएगा। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र व समाज सेवा करने वाले बच्चे सम्मानित होंगे।

## बुजुर्गों की देखभाल करने के बारे में हुई कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


कार्यशाला में बुजुर्गों को संबोधित करते वक्ता।

**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रंखला में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के खेवड़ा ग्रुप केन्द्र स्थित परिवार कल्याण केन्द्र की तरफ से उप-महानिरीक्षक कोमल सिंह के दिशा-निर्देशन में वृद्धों, बुजुर्गों की देख-भाल करने के संदर्भ में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सीआरपीएफ कैम्प के नजदीकी गांव खेवड़ा के साथ-साथ इस कैम्पस के आवासीय परिसर में रहने वाले वृद्ध, बुजुर्ग भी उपस्थित हुए। इस दौरान उप महानिरीक्षक द्वारा बताया कि इस अवस्था में अपने आपको स्वस्थ कैसे रखें एवं अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान कैसे दें। समय पर खाना खायें, व्यायाम एवं योग का सहारा लें। उन्होंने कहा कि अगर गांव खेवड़ा के किसी भी वृद्ध, बुजुर्ग को स्वास्थ्य सम्बंधी समस्या है तो वह ग्रुप केन्द्र के डॉक्टर से सम्पर्क स्थापित कर मुफ्त में दवाईयां ले सकते हैं ।

## मेयर निखिल मदान ने न्यू ब्रह्म कॉलोनी का किया दौरा

### कॉलोनी में चल रहे गली निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


कालोनी में पहुंचने पर लोगों से मिलते मेयर निखिल मदान।

**नगर** निगम मेयर निखिल मदान मंगलवार को वार्ड नं 12 की न्यू ब्रह्म कॉलोनी में पहुंचे और नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय निवासियों ने पेयजल आपूर्ति से संबंधित कुछ समस्याएं मेयर के सामने रखी। गली के कुछ घरों में पेयजल आपूर्ति न होने की बात बताई।

समस्या का संज्ञान लेते हुए मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता गौरव गुलिया को पेयजल लाइन को नए सिरे से लेवल करके बिछाने के आदेश दिए। मेयर निखिल मदान ने कहा कि न्यू ब्रह्म कॉलोनी के कुछ लोग पेयजल आपूर्ति से जुडी अपनी समस्या को लेकर कल उनसे नगर निगम में मिले थे। आज उसके निवारण के लिए उन्होंने निगम अधिकारियों और संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को आदेश दिए है। इस कार्य को गली बनने से पहले पूरा कर लिया जायेगा।

इस कार्य के पूरा होने के बाद कॉलोनी वासियों की पेयजल आपूर्ति संबंधी सारी समस्याएं दूर हो जाएगी। मौके पर निगम कनिष्ठ अभियंता गौरव गुलिया, केसी बत्रा, प्रेम प्रकाश, जगदीश शर्मा, सोनू, धर्मवीर, अनिल, अरविन्द गुलाटी, वेद प्रकाश, गुलशन, जय गोपाल, जुगल ज्योति आदि लोग मौजूद रहे।

## टेक्नो स्पार्क गो 2023 फोन 5000 एमएएच बैटरी और टाइप-सी चार्जर के साथ 6,999 रुपये में लॉन्च

### टेक्नो स्पार्क गो 2023 में 13 एमपी ड्यूल रियर कैमरा और दी गई है तीन जीबी रैम

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**ग्लोबल** प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो ने भारत में अपनी 'स्पार्क गो सीरीज के तहत स्पार्क गो 2023 स्मार्टफोन को लॉन्च किया है। इस फोन को 6,999 रुपये की कीमत में लॉन्च किया गया है। कंपनी ने सेगमेंट फस्ट अप्रोच के तहत पहली बार 7 हजार से कम के प्राइस में स्पार्क गो 2023 में 5000 एमएएच बैटरी के साथ टाइप सी चार्जर दिया है। फोन में एफ1.85 अपर्चर के साथ 13 एमपी प्राइमरी कैमरा के साथ 3 जीबी रैम दी गई है।

2020 में स्पार्क गो सीरीज की शुरुआत के बाद से ही इस सीरीज में आने वाले प्रॉडक्ट्स अपनी ट्रेंड-सेटिंग क्षमताओं के लिए और बेजोड़ मूल्य-बिंदु पर उन्नत सुविधाओं के साथ बाजार में हलचल मचाने के लिए बेस्टसेलर रहे हैं। नई स्पार्क गो 2023 स्मार्टफोन को 2022 में पेश किए गए स्मार्टफोन के प्राइस पर ही पेश किया गया है, लेकिन इसे फीचर्स के मामले में अपग्रेड किया गया है।

टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने स्पार्क सीरीज स्मार्टफोन के लॉन्च अवसर पर कहा, हम सूचना के युग में रहते हैं, जहां लोग जानकारी इस तरह जुटा रहे हैं, जैसा पहले नहीं जुटाते थे। लोग अब जागरूक हो रहे हैं और इसलिए उनकी आकांक्षाएं विकसित हो रही हैं। इस पृष्ठभूमि के साथ, हम टेक्नो के जरिए प्रतिस्पर्धी कीमतों पर लोगों के लिए हाई-टेक सुविधाओं और विशिष्टताओं को लाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। स्पार्क गो स्मार्टफोन के लॉन्च का उद्देश्य तकनीक को अधिक समावेशी बनाना और शुरुआती स्तर के स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं को हमारी सर्वश्रेष्ठ तकनीक की पेशकश करना है। यह रणनीति हमें पहली बार स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वालों के लिए विशिष्ट विशेषताएं लाने और उनके बीच अपनी स्थिति मजबूत करने की अनुमति देती है। टेक्नो स्पार्क गो 2023 के जरिए हम बजट स्मार्टफोन सेगमेंट की सीमाओं को तोड़ने और उन्हें एक उल्लेखनीय स्मार्टफोन अनुभव देने के लिए तैयार हैं।

## सुखचैन सिंह बने गतका नॉर्थ जोन के मुख्य प्रभारी


सुखचैन सिंह कलसानी को नियुक्ति पत्र देते एनजीएआई के पदाधिकारी हरजीत सिंह ग्रेवाल व अन्य लोग।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**नेशनल** गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनजीएआई) ने सुखचैन सिंह कलसानी को उत्तर क्षेत्रीय जोन का मुख्य प्रभारी नियुक्त किया है। एनजीएआई के पदाधिकारी हरजीत सिंह ग्रेवाल ने बताया कि मार्शल आर्ट गतका के प्रचार के लिए सुखचैन सिंह कलसानी को यह जिम्मेदारी दी गई है।

उन्होंने बताया कि सुखचैन सिंह उत्तर क्षेत्रीय जोन के मुख्य प्रभारी के रूप में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश राज्य के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने सुखचैन सिंह को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। सुखचैन सिंह ने कहा कि वे नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया व वर्ल्ड गतका फेडरेशन द्वारा दी गई इस जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने बताया कि इस टीम में उनके साथ हरप्रीत सिंह उत्तराखंड और अमरजीत सिंह भी अपनी सेवाएं देंगे। सुखचैन सिंह की नियुक्ति पर बरजीत सिंह सैनी, कोच योगराज सिंह, हरजिंदर सिंह, तलविंदर सिंह और नेशनल गतका एसोसिएशन की पूरी टीम ने उन्हें बधाई दी है।

## बिहार में यकुल्ट और एफसी नोनो के सहयोग से अच्छी आदत कैम्पेन का हुआ आयोजन

### हाइजीन की पोषण प्रबंधन के मेल से अच्छी आदतों पर जोर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जापान** इंटरनेशनल कॉपरेशन एजेंसी (जाएका) बिहार में आगामी अप्रैल 2023 के दौरान बच्चों के लिए अच्छी आदत कैम्पेन के आयोजन के मकसद से डैनॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जो कि दुनिया के अग्रणी प्रोबायोटिक फर्मेन्टेड मिल्क ड्रिंक 'यकुल्ट' का उत्पादन करती है, तथा एफसी नोनो, जो कि राज्य में फुटबॉल गतिविधियों के जरिए बच्चों के सशक्तिकरण का समर्थन कर रही है, के साथ गठबंधन की घोषणा की है। यह वित्त वर्ष 2023 में अच्छी आदत कैम्पेन के तहत् पहली गतिविधि होगी। तीनों पक्षों को आशा है कि इसके जरिए ज्यादा से ज्यादा बच्चों को हाइजीन की समुचित आदतों के बारे में जानकारी मिलेगी और वे फुटबॉल खेलते हुए भी तथा अच्छा जीवन गुजर-बसर करते हुए इनका पालन कर सकते हैं। इसके अलावा, यकुल्ट डैनॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और जाएका इंडिया ने यकुल्ट लेडीज़ के मार्फत अपने ग्राहकों के लिए फ्लायर्स बंटवाने की भी योजना बनायी है, जो लोगों को रोज़मर्रा की जिंदगी में हाइजीन की आदतों और पोषण प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी देगी।

जाएका ने कोविड-19 तथा अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के लिए हाइजीन के महत्व के बारे में जागरूक बनाने के लिए जनवरी 2021 में यह कैम्पेन शुरू किया था। कैम्पेन हाथ धोने, नाखूनों की सफाई तथा हाइजीन की अन्य अच्छी आदतों के बारे में आसान तथा व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने पर ज़ोर देता है। इस कैम्पेन ने मार्च 2022 के अंत तक प्रत्यक्ष या ऑनलाइन शैक्षिक सत्रों के जरिए, आपस में बातचीत के जरिए तथा मीडिया प्रचार और पारंपरिक जन माध्यमों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से करीब 6.5 करोड़ लोगों तक पहुंच बनायी। इस मौके पर, हमादा हिरोशी, प्रबंध निदेशक, यकुल्ट डैनॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हम जाएका इंडिया तथा एफसी नोनो के साथ मिलकर 'अच्छी आदत कैम्पेन' में भाग लेते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं। और हम यकुल्ट लेडी होमडिलीवरी सिस्टम के मार्फत अपने महत्वपूर्ण ग्राहकों तक फ्लायर पहुंचाने पर भी प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। इस फ्लायर में लोगों को हाइजीन तथा पोषण संबंधी अच्छी आदतों को दैनिक जीवन में शामिल करने के बारे में बताया गया है।

इस प्रकार की सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से, हम भारत के नागरिकों के स्वास्थ्य में सुधार करने में दिलचस्पी रखते हैं, जो कि दुनियाभर में लोगों की सेहत और उनकी खुशहाली के लिए योगदान करने के हमारे कार्पोरेट दर्शन के अनुरूप है।

# पुरानी पेंशन सरकार तुरंत बहाल करे : प्रमोद ईष्टकान

## देवराज बाल्यान ने चेतावनी दी, हजारों की संख्या में पहुंचेंगे कर्मचारी पंचकूला

### प्रदेश के एमपीएचई के समस्त कर्मचारी पहुंचेंगे पंचकूला : रानी गहलावत

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


संपर्क अभियान के तहत कर्मचारियों से संपर्क करते पेंशन बहाली संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

**दीनबंधु** छोटूराम तकनीकी विश्वविद्यालय मुरथल व सामान्य अस्पताल में सम्पर्क अभियान चलाया। अभियान को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव में पुरानी पेंशन बहाली का वादा करने वाले उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा दिए बयान पर पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री आधारहीन बयानबाजी कर रहे है। संघर्ष समिति के प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को ऐसे बयान देने से पहले एक बार अपना चुनावी घोषणा पत्र पढ़ लेना चाहिए, क्योंकि स्वयं उन्होंने अपने चुनाव में पुरानी पेंशन का वादा किया था। सत्ता में आते ही कर्मचारियों से किया गया वादा भूल गए हैं। प्रदेश का दो लाख कर्मचारी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बैनर तले एनपीएस में बदलाव की नहीं बल्कि पुरानी पेंशन नीति की बहाली की मांग कर रहा है और एनपीएस में किसी बदलाव से मानने वाला नहीं है। दूसरा अगर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को लगता है की एनपीएस और ओपीएस में केवल चार प्रतिशत का ही अंतर है तो गठबंधन सरकार पुरानी पेंशन बहाल क्यों नहीं करती।

प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान ने कहा कि गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। इसके लिए संघर्ष समिति द्वारा 19 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी। जिसमें सोनीपत से हजारों की संख्या में कर्मचारी भाग लेंगे तथा कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारी और अधिकारी लाखों की संख्या में पंचकूला के सेक्टर 5 में एकत्रित होंगे। गठबंधन सरकार को चाहिए कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ झारखंड, पंजाब और हिमाचल की तर्ज पर प्रदेश में पुरानी पेंशन नीति को बहाल करे, अन्यथा प्रदेश का प्रत्येक कर्मचारी सरकार से आरपार के संघर्ष को तैयार है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी गठबंधन सरकार की होगी।

जिला सचिव गीता राजपूत व सह सचिव नीरज ने कहा कि एनपीएस किसी भी तरह से कर्मचारियों और प्रदेश के हित्त में नहीं है। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष (एमपीएचई) रानी गहलावत ने कहा कि हरियाणा में पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा प्रदेश में एक लाख अस्सी हजार कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पुरानी पेंशन की बहाली के लिए संघर्षरत है, जिसका एमपीएचई यूनियन समर्थन करती है तथा पंचकुला में हजारों की संख्या में संगठन के कर्मचारी और नेता भाग लेंगे। सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करेंगे तथा पूर्ण सहयोग इस संघर्ष में करेंगे, क्योंकि नई पेंशन योजना कर्मचारियों के भविष्य को ना तो आर्थिक और ना ही सामाजिक रूप से सुरक्षित करती है। विश्वविद्यालय से जसबीर सिंह, राजेश वशिष्ठ, देवेंद्र दलाल, विनीत, अशोक, संजय, विजेंदर, नवीन सरावत, चंद्र राम, सामान्य अस्पताल की बैठक में सहदेव आर्य, बबीता, संदीप शर्मा, राजवीर, रंजीव राणा, अभिमन्यु आदि ने भी सरकार से पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांग की।


लघु सचिवालय पर धरना प्रदर्शन करते सरपंच

# ई-टेंडरिंग के विरोध में सरपंचों ने भरी हुंकार, लघु सचिवालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** सरपंच एसोसिएशन के आह्वान पर मंगलवार को जिले के सभी सरपंच एसोसिएशनों ने जिला लघु सचिवालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिले से पहुंचे सरपंचों में इस कदर आक्रोश देखा गया कि वे आरपार की लड़ाई के लिए तैयार दिखे। सरपंचों ने सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार अपनी मनमर्जी कर रही है। दो साल के बाद सरपंचों के चुनाव हुए हैं, लेकिन सरकार चुनाव खत्म होते ही काले कानून लेकर आ गई, लेकिन वे इन काले कानूनों के आगे नहीं झुकेंगे। इतना ही नहीं, सरपंचों ने हुंकार भरते हुए कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो अपने पदों से इस्तीफा देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। धरना प्रदर्शन के बाद सरपंचों ने मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त शांतनु शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

जिले की सभी सरपंच ई टेंडरिंग और राईट टू रिकॉल के विरोध में धरना प्रदर्शन करने के लिए लघु सचिवालय पहुंचे। सरपंचों की अगुवाई पिपली ब्लाक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान जितेंद्र खैरा ने की। जिला परिषद के सदस्य दीपक मोरथला और थानेसर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान गौरव जैलदार ने धरने दे रहे सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जानबूझ कर माहौल खराब करना चाहती है। पंचायत समिति पिपली के चेयरमैन विक्रमजीत चीमा ने कहा कि सरपंच गांव की छोटी सरकार हैं। सरपंच अपना कार्य ईमानदारी से करते हैं। अधिकारी ही गलत काम को बढ़ावा देते हैं। सरपंचों को सरपंच एसोसिएशन शाहाबाद ब्लाक के प्रधान सुखदीप मोहड़ी व विक्रम अटवान ने भी संबोधित किया और कहा कि सभी सरपंच सरकार के इस फैसले के खिलाफ हैं। सरकार को अपना फैसला वापिस लेना ही पड़ेगा। लाडवा ब्लाक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सुभाष धनौरा, बाबैन ब्लाक सरपंच एसोसिशन के प्रधान दुनी चंद ने भी सरपंचों को संबोधित किया और कहा कि अगर सरकार अपनी जिद पर अड़ी है, तो सरपंच भी अपनी जिद पर अड़े हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### युवाओं को नाटक के माध्यम से किया जागरुक


कार्यक्रम में अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

**कुरुक्षेत्र।** नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने ग्राम मुनियारपुर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस पर पराक्रम दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरु युवा केन्द्र कुरुक्षेत्र की लेखा एवं कार्यक्रम सुपरवाइजर कांता देवी द्वारा की गई। भारत के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और महान क्रांतिकारियों में से एक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मनाई गई। कांता देवी ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस का पूरा जीवन साहस, पराक्रम की कहानियों से भरा है। उन्होंने ही आजाद हिंद फौज की स्थापना की। भारतीयों से आजादी की जंग में शामिल होने का आह्वान करते हुए नारा दिया, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी विचार और ओजस्वी भाषण जोश से भर देने वाले हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण युवाओं द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं आजादी की लड़ाई में उनके महत्वपूर्ण योगदान विषय पर युवाओं को नाटक के माध्यम से शिक्षाप्रद किया। कार्यक्रम में नेहरु युवा केन्द्र से अमित शर्मा, युवा एवम् खेल विकास विकास मंडल उदारसी की कोषाध्यक्ष विजेता सैनी, सुखचैन, ममता आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जितेंद्र खैरा बने जिला सरपंच एसोसिएशन के प्रधान


जिला सरपंच एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान जितेंद्र खैरा का स्वागत करते एसोसिएशन के सदस्य।

**कुरुक्षेत्र।** जिले की सभी ब्लाक सरपंच एसोसिएशन की मंगलवार को एक निजी होटल में आयोजित बैठक में पिपली ब्लाक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान जितेंद्र खैरा को जिला सरपंच एसोसिएशन का प्रधान चुना गया, जबकि शाहाबाद ब्लाक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सुखदीप सिंह मोहड़ी को जिला प्रवक्ता की जिम्मेवारी सौंपी गई। जिला सरपंच एसोसिएशन का प्रधान चुने जाने पर जितेंद्र खैरा ने सभी ब्लाक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान और पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, वे उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाएंगे। सभी सरपंच एसोसिएशन के सुझाव व सहयोग से एसोसिएशन के कार्य को आगे बढाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरपंचों की मांगों को वे प्रमुखता के साथ सरकार व प्रशासन के समक्ष आगे रखने का काम करेंगे। उन्होंने ऐलान किया कि वे ई टेंडरिंग और राईट टू रिकॉल को लेकर सरपंचों की मांग को सरकार व प्रशासन के समक्ष जोरदार ढंग से उठाने का काम करेंगे। बैठक में सभी ब्लाक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान ने जिला सरपंच एसोसिएशन के प्रधान चुने गए जितेंद्र खैरा व जिला प्रवक्ता सुखदीप मोहड़ी को आश्वासन दिया कि वे उनका हरसंभव सहयोग करेंगे। इस मौके पर शाहाबाद ब्लाक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान विक्रम अटवान, उप प्रधान अमरजीत मनीमाजरा, गुरबख्श सुलखनी, थानेसर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान गौरव जैलदार, प्रदीप सरपंच घराड़सी, इस्माईलाबाद ब्लाक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान गुरलाल बडैच, उप प्रधान बलविंद्र ढोल, लीगल एडवाइजर रविंद्र काजल मलिकपुर, बाबैन सरपंच ब्लाक एसोसिएशन के प्रधान दुनी चंद, रामकरण बरगट, लाडवा ब्लाक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सुभाष धनोरा, जसविंद्र पंजेटा जैनपुर, नरेंद्र नैन सरपंच सिरसमा आदि मौजूद रहे।

# पूनम बनी पांचाल समाज सभा की पहली महिला सदस्य

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


पूनम पांचाल

**श्री**विश्वकर्मा पांचाल समाज सुधार सभा कुरुक्षेत्र के चुनावों में चुनावों में कुल 84 में से 77 कोलेजियम में सदस्यों का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ और 7 वार्डों में सर्वसम्मति न होने की दशा में सदस्यों का चुनाव वोटिंग द्वारा हुआ। इसमें क्लोजियम 7 से पूनम पांचाल पत्नी अमरजीत पांचाल ने अपने प्रतिद्वंदी राजेश कुमार पुत्र जयपाल पांचाल को कड़ी टक्कर देकर विजय प्राप्त की।

काबिले गौर है कि श्रीविश्वकर्मा पांचाल समाज सुधार सभा के इतिहास में पहली बार कोई महिला सदस्य निर्वाचित हुई है। पूनम पांचाल ने बताया कि उनके ससुर कृष्ण चंद पांचाल भी इस सभा के प्रधान रह चुके हैं, उनकी समाज मे स्वच्छ छवि के कारण समाज ने उनका भरपूर सहयोग दिया। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय समस्त समाज को दिया, जिन्होंने उन्हें आशीर्वाद देकर चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। उनके लिए प्रयास और मेहनत की। उन्होंने समस्त पांचाल समाज कुरुक्षेत्र का धन्यवाद किया कि उन्होंने निर्भीक होकर इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अपने विवेक से किया। उनके पति अमरजीत पांचाल (जो एक शिक्षक हैं) भी समाज मे शिक्षा और सहयोग के लिए प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य भी समाज में शिक्षा और सहयोग को बढ़ावा देने का रहेगा।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव रहा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ उत्सव

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव सबसे लम्बा चलने वाला देश का पहला सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ इवेंट घोषित किया गया है। ग्लोबल इंवायरो सेफ्टी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के निदेशक डॉ उमाशंकर ने इस बारे सर्टिफिकेट जारी करके उपायुक्त, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा ग्रीन अर्थ संगठन को सूचित किया है।

डॉ नरेश भारद्वाज ने बताया कि ग्रीन अर्थ वर्ष 2010 से गीता महोत्सव को प्लास्टिक मुक्त-स्वच्छ इवेंट बनाने के लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा जिला प्रशासन के सहयोग से लगातार अभियान चला रहा है। बाकायदा, महोत्सव के दौरान संगठन अपनी टीमें तैनात करके दिनरात कार्य किया।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों ने दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


एसडीओ के खिलाफ धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी।

**आज** दसवें दिन उपमंडल अधिकारी ग्रामीण बिजली बोर्ड पिहोवा के खिलाफ उपमंडल कार्यालय में धरना प्रदर्शन जारी रहा। उपमंडल अधिकारी द्वारा गलत तरीके से कर्मचारी का तबादला किया गया, जिसके विरोध में धरना प्रदर्शन सब अर्बन, सब यूनिट उप प्रधान पंकज पूरी की अध्यक्षता में किया गया। मंच संचालन फकीर चंद ने किया।

इस मौके पर यूनिट प्रधान जोगिंद्र डांडा, सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान बलवान मोर व ब्लॉक सचिव मुकेश गोस्वामी, यूनिट सचिव गुरचरण सिंह संधु ने बताया कि एसडीओ ने ऑडियल रवैया अपनाया हुआ है। एसडीओ यूनियन पधाधिकारियो से बातचीत करके समस्या का समाधान नही कर रहे हैं। एसडीओ ने अपने निजी लाभ के लिए कुछ टेक्निकल कर्मचारियों को ऑफिस में कलेरिकल की सीटों पर बैठा रखा है, जबकि फील्ड में कर्मचारियों की कमी होने के कारण जनता की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि जब तक एसडीओ टेक्निकल कर्मचारियों को फील्ड में नहीं लगाते और एसडीओ ने जो कर्मचारी का गलत तरीके से तबादला किया है, उसको रद्द नही करते, उनके खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने चेताया कि यदि उपमंडल अधिकारी ने यूनियन के पदाधिकारियो को बातचीत करके समस्या का हल नहीं किया, तो धरना और भी ज्यादा बढ़ सकता है। धरने में अनिल कुमार, सुरेंद्र, बलवान, सोनलाल, पंकज, संदीप सिंह, बलदारी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस टुकड़ी के साथ-साथ परेड में छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान परेड करते स्कूली विद्यार्थी।

**गोहाना** उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फूल ड्रैस रिहर्सल में तहसीलदार अजय कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शहीद मदन लाल धिंगड़ा स्टेडियम में तिरंगा फहराया।

उन्होंने परेड की सलामी लेते हुए विद्यार्थियों और उपमंडलवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम बधाई दी। शहीद मदन लाल धिंगड़ा स्टेडियम गोहाना में 26 जनवरी को उपमंडल स्तर पर 74वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रमेश कौशिक तिरंगा फहराएंगे। समारोह के सफल आयोजन के लिए जोरदार तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत ही मंगलवार को फूल ड्रैस रिहर्सल का आयोजन किया गया।

फूल ड्रैस रिहर्सल के मुख्य अतिथि तहसीलदार अजय कुमार ने परेड का निरीक्षण करते हुए परेड की सलामी ली। इसके पश्चात् पीटी-शो का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। तदोपरांत देशभक्ति से ओतप्रोत एवं हरियाणवी संस्कृति को दर्शाते बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

# एक्सरसाइज के साथ-साथ हेल्थ के लिए अलर्ट रहना जरूरी : डा. गायत्री

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


जानकारी देते डा. गायत्री।

**आदेश** मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में विशेष कैंप लगा कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति अलर्ट रहने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं इस कैंप में आदेश में शुरू किए गए हेल्थ चेकअप पैकेज की जानकारी दी गई है।

डा. गायत्री ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिट और स्वस्थ रहने के लिए जितना डाइट और एक्सरसाइज जरूरी है। उतना ही हेल्थ के बारे में अलर्ट रहना भी जरुरी है। डा. गायत्री ने कहा कि किसी भी शरीर में मर्ज का डर नहीं होता बल्कि डर इस बात का रहता है कि मर्ज बढ़ न जाए। इसलिए इन्हीं बातों को ध्यान मे रखते हुए आदेश अस्पताल में हेल्थ चेकअप पैकेजों की शुरुआत की गई है। अस्पताल में बहुत कम दरों पर हेल्थ चेकअप पैकेज शुरू किये गए हैं। डा. गायत्री ने बताया कि जिसमे कम्पलीट हार्ट चेकअप, महिलाओं में कैंसर की जांच का पैकेज, विशेष हेल्थ चेकअप, कम्पलीट हेल्थ चेकअप, बेसिक हेल्थ चेकअप, शुगर के मरीजों के लिए विशेष हेल्थ पैकेज शुरू किया गया है।

# कुरुक्षेत्र से 35 भक्तों का जत्था पटियाला से मां की अखंड जोत लाने को रवाना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


मां की जोत लाने के लिए रवाना होते श्रद्धालु।

**मस्त** फक्कड़ नाथ शिव शक्ति आश्रम ट्रस्ट कुरुक्षेत्र द्वारा निर्माणाधीन महाकाली मंदिर के 35 भक्तों का जत्था अखंड जोत लाने हेतु पटियाला रवाना हुआ।

प्रधान जितेन्द्र बंसल ने बताया कि इस मंदिर के संस्थापक एवं संचालक गुरु सुनील नाथ के सानिध्य में सिरसला रोड पर निर्माणधीन मां महाकाली मंदिर से यह यात्रा शुरु हुई। कुरुक्षेत्र से पटियाला काली मंदिर में मां की अखंड जोत लाने के लिए शहर के मां भद्रकाली मंदिर, स्थानेश्वर मन्दिर, शीतला माता मंदिर, नगर खेड़ा और गोगा माड़ी में पूजा-अर्चना के पश्चात सभी भक्त भजन-कीर्तन करते हुए पटियाला रवाना हुए। उन्होंने बताया कि पटियाला से मां की जोत लाकर मंदिर में स्थापित की जाएगी। वापसी में पटियाला से चल कर देवीगढ़ शिव मंदिर में रात्रि पड़ाव के बाद पिहोवा में ठहराव होगा, जहां श्री श्याम परिवार व मां सरस्वती युवा संगठन इस जत्थे का स्वागत करेंगे। रात्रि पड़ाव के बाद 25 जनवरी को सुबह 7 बजे यह जत्था मां की अखंड जोत लेकर कुरुक्षेत्र की ओर रवाना होंगे।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग को ओरिएंटबेल टाइल्स का मजबूत संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। गुड़गांव

**ओरिएंटबेल** टाइल्स, जो कि देश के टाइल निर्माताओं में से एक प्रतिष्ठित नाम है, ने अपनी फैक्ट्री से 35 किलोमीटर दूर बुलंदशहर के इमलिया गांव में 20 हेक्टेयर तालाब के उद्घाटन के साथ ही पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए वर्षा जल संचयन के कायाकल्प द्वारा सस्टेनेबल बि ?नेस प्रक्टिसेस के प्रति उनके अथक प्रयासों को और अधिक मजबूत किया है।

तालाब का उद्घाटन बुलंदशहर के चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर कुलदीप मीणा के साथ हुआ। इस तीसरे तालाब को ओरिएंटबेल टाइल्स द्वारा रिचार्ज किया जा रहा है, और कंपनी अब 2 लाख किलो लीटर की खपत के मुकाबले 400,000 किलो लीटर पानी की पूर्ति करती है। ओरिएंटबेल टाइल्स का उद्देश्य है कि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के हितों के लिए सस्टेनेबल प्रैक्टिसेस के माध्यम से एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। इस के साथ ही अनिल अग्रवाल, सीओओ- ओरिएंटबेल टाइल्स ने कहा, हमने बुलंदशहर में 25,000 पेड़ लगाए हैं और दो प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प भी किया है।

कंपनी द्वारा कम्युनिटी के सक्रिय विकास की दिशा में कई पहलों में से जिले में 25,000 से अधिक पेड़ों को लगाना तथा कई प्राथमिक स्कूलों का नवीनीकरण भी शामिल है।

# 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान के तहत मुरथल में हुआ सूर्य नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम

## 14 फरवरी तक प्रदेशभर में चलाया जा रहा है 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान : डा. जयदीप आर्य

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते प्रतिभागी।

**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयुष, शिक्षा, खेल विभाग और हरियाणा योग आयोग संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान के तहत डीसीआरयूएसटी में अभ्यर्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाने के लिए अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

आर्य ने कहा कि 14 फरवरी 2023 तक पूरे प्रदेश में 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक जिले में कार्यक्रमों का आयोजन किया किया जा रहा है, ताकि इस अभियान को घर-घर व जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान का समापन 14 फरवरी को महर्षि दयानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर में किया जाएगा। आर्य ने कहा कि शरीर को शारीरिक व मानसिक बीमारियों से मुक्त करने के लिए सूर्य नमस्कार अत्यंत जरूरी है, क्योंकि सूर्य नमस्कार को सभी योगासनों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। सूर्य नमस्कार अपने आप में एक सम्पूर्ण अभ्यास है। सूर्य नमस्कार स्त्री, पुरुष, बाल, युवा और वृद्धों व सभी के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करते हैं, उनकी आयु, प्रज्ञा, बल और तेज बढ़ता है। आर्य ने कहा कि वर्तमान में मानव भौतिकवाद के अंधेरे में मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य को खोता जा रहा है। आधुनिक मानव का चित्त या मन अपने केंद्र से भटक गया है। उसके अंतर्मुखी और बहिर्मुखी होने में संतुलन नहीं रह। इसके परिणामस्वरूप जीवन में तनाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे समय में योग ही मनुष्य के जीवन को व्यवस्थित कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए तीन संकल्प लेने होंगे। प्रथम संकल्प नित्य प्रति 13 सूर्य नमस्कार क्रियाएं मंत्र सहित करना, जिससे हमारा शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक विकास होगा।

आर्य ने कहा कि संस्थागत या व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करवाने के वेबसाइट पर जाकर इंस्टीट्यूशन रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको अपनी जानकारी भरनी होगी। इसमें सबसे पहले इंस्टीट्यूशन नाम भरना होगा इसके बाद देश, ब्रांच सिटी, पता, सूर्य नमस्कार करने वालों की संख्या व मोबाइल नंबर भरना होगा। इसके बाद एक्सेल में योगा करने वालों के नाम की फाइल बनाकर अटैच करनी होगी। इसके बाद व्हाट्सएप नंबर और ईमेल आईडी भरनी होगी यह सब करने के बाद अपना इंस्टीट्यूट का रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।

इस मौके पर डीसीआरयूएसटी के कुलपति डॉ राजेन्द्र कुमार अनायत ने कहा कि स्वस्थ समाज से ही स्वस्थ भारत का निर्माण होगा। इसलिए इस सूर्य नमस्कार अभियान के तहत जन-जन तक यह संदेश पहुंचाया जाएगा कि निरोग रहने का एक ही उपाय है कि योग करें। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी नागरिक सह-परिवार इस अभियान से जरूर जुड़े।

# पठान मूवी : 12 वर्ष से छोटे बच्चों के साथ होना चाहिए कोई वयस्क

## बच्चों को मूवी अपने साथ ले जाने से पहले वयस्क तय करें कि फिल्म बच्चे के देखने के लिए उपयुक्त है या नहीं

एजेंसी। मुंबई



**अभिनेता** शाहरुख खान की फिल्म पठान के रिलीज होने से पहले ब्रिटिश फिल्म वर्गीकरण बोर्ड (बीबीएफसी) ने उसे 12ए रेटिंग दी है। फिल्म दुनियाभर में 25 जनवरी को रिलीज हो रही है। बीबीएफसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर पठान की रेटिंग और उसका विवरण साझा किया। रेटिंग प्रणाली के अनुसार, 12 वर्ष से कम उम्र का कोई भी बच्चा सिनेमाघर में 12ए रेटिंग वाली फिल्म तब तक नहीं देख सकता जब तक कि उसके साथ कोई वयस्क न हो।

12ए रेटिंग की फिल्म देखने के लिए 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को ले जाने की योजना बना रहे वयस्कों को यह विचार करना चाहिए कि क्या फिल्म उस बच्चे के लिए उपयुक्त है या नहीं। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी पठान एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें एक खुफिया अधिकारी और किसी जमाने में ठग रह चुका एक शख्स एक घातक सिंथेटिक वायरस को फैलने से रोकने के लिए मिलकर काम करते हैं। फिल्म निर्माण कंपनी यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में हैं। सुपरस्टार शाहरुख खान आखिरी बार 2018 में आई फिल्म जीरो में मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

यशराज फिल्म्स के अनुसार, फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में 100 से अधिक देशों में रिलीज किया जाएगा।

### शाहरुख खान की फिल्म पठान को बीबीएफसी ने 12ए रेटिंग देकर तय किया दायरा

### इन कारणों से तय हुई फिल्म की 12ए रेटिंग

**बीबीएफसी** की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फिल्म में खून-खराबे, सेक्स के हल्के-फुल्के संदर्भ और बिना विवरण के वेश्यावृत्ति के मौखिक संदर्भ के कारण इसे 12ए रेटिंग दी गई है। फिल्म में गोलीबारी, छुरा घोंपना, गला घोंटना और विस्फोट करने के साथ-साथ हाथापाई के दृश्य भी हैं।

# टेक्सास, अमेरिका के शहरों में लगाए मुस्लिम लव जीसस के होर्डिंग

एजेंसी। ह्यूस्टन

**टेक्सास** समेत अमेरिका के विभिन्न शहरों में इस्लाम और ईसाई धर्म के बीच समानता के संदेश वाले होर्डिंग लगाए गए हैं। इस तरह का एक बोर्ड ह्यूस्टन के एक व्यस्त राजमार्ग पर देखा जा सकता है, जो हजारों चालकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस बोर्ड पर मुस्लिम्स लव जीसस (मुसलमान ईशु से प्रेम करते हैं) के संदेश के नीचे लिखा है, एक ईश्वर और उसकी पैगंबरी का संदेश।

इलिनोइस स्थित इस्लामिक शिक्षा केंद्र गेनपीस शिकागो, डलास और मध्य न्यू जर्सी समेत पूरे अमेरिका में धर्मों की साझा जड़ों को उजागर करने और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए इसी तरह के होर्डिंग लगा रहा है। एक होर्डिंग में मैरी को हिजाब पहने हुए दिखाया गया है और लिखा है, भाग्यशाली मैरी ने हिजाब पहना था। क्या आप इसका सम्मान करेंगे? इसी तरह के होर्डिंग में इस्लाम में सबसे पवित्र स्थल माने जानी जाने वाली एवं सऊदी अरब में स्थित काबा की इमारत की एक तस्वीर लगाई गई है और इस पर संदेश लिखा है। लाखों मुसलमानों की वार्षिक तीर्थयात्रा का स्थल। गेनपीस एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसका मुख्य लक्ष्य आम जनता को इस्लाम की जानकारी देना और इस संबंध में किसी भी संदेह या गलत धारणा को दूर करना है। उसने होर्डिंग लगाने के लिए उन शहरों को चुना।

# राहुल गांधी सद्भाव का संदेश फैला कर लड़ रहे हैं नफरत से : देवेगौड़ा

## श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा समापन कार्यक्रम में शामिल होने पर जताई असमर्थता

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने श्रीनगर में कई समान विचारधारा वाले दलों के नेताओं को किया है आमंत्रित

एजेंसी। बेंगलुरु

**पूर्व** प्रधानमंत्री एचडी. देवेगौड़ा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को उनकी भारत जोड़ो यात्रा के लिए मंगलवार को शुभकामनाएं दीं। लोगों के बीच सद्भाव का संदेश फैलाकर नफरत व हिंसा से लड़ने के लिए उनकी सराहना की। जनता दल (सेक्युलर) के प्रमुख ने 30 जनवरी को श्रीनगर में यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने में असमर्थता भी जताई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने श्रीनगर में समापन समारोह में शामिल होने के लिए कई समान विचारधारा वाले दलों के नेताओं को आमंत्रित किया है। देवेगौड़ा (89) ने खरगे को लिखे पत्र में निमंत्रण के लिए उनका शुक्रिया अदा किया और कहा, राष्ट्रपिता (महात्मा गांधी) की पुण्यतिथि के दिन इस समारोह को आयोजित किया जाना एकदम उचित है। उन्होंने कहा, मैं निजी तौर पर समारोह में शिरकत नहीं कर पाऊंगा, लेकिन मेरी शुभकामनाएं राहुल गांधी के साथ हैं। वह नफरत और हिंसा के खिलाफ लड़ रहे हैं।

लोगों के बीच सद्भाव का संदेश फैलाने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,500 किलोमीटर की यात्रा की है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, कृपया उन्हें (राहुल गांधी को) यह बताएं कि मैं उनकी बहुत सराहना करता हूं।



### अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने भी जम्मू में राहुल गांधी के साथ की पदयात्रा

**जम्मू।** अभिनेत्री से नेता बनी उर्मिला मातोंडकर मंगलवार को सुबह कड़ाके की ठंड में नगरोटा से आगे बढ़ी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। नब्बे के दशक की मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री मातोंडकर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह करीब आठ बजे सैन्य अड्डे के समीप शुरू हुई पदयात्रा में राहुल के साथ शामिल हुईं। उनका स्वागत करने के लिए सड़क के किनारे कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक खड़े थे। मातोंडकर ने सितंबर 2019 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और 2020 में शिवसेना में शामिल हो गई थीं।

### सशस्त्र बलों को सबूत दिखाने की जरूरत नहीं : राहुल गांधी

जम्मू। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि वह और उनकी पार्टी सर्जिकल स्ट्राइक पर दिग्विजय सिंह के बयान से सहमत नहीं हैं और सशस्त्र बलों को कोई सबूत दिखाने की जरूरत नहीं है। सिंह ने सोमवार को सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाया था और सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया था। गांधी ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं दिग्विजय सिंह के बयान से सहमत नहीं हूं। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि हम इससे असहमत हैं। यह कांग्रेस का आधिकारिक रुख है।

### राहुल के साथ यात्रा में दिखे ये लोग

**प्रख्यात** लेखक पेरुमल मुरुगन तथा जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष विकार रसूल वानी, उनके पूर्ववर्ती जी ए मीर और पूर्व मंत्री तारिक हामिद कर्रा भी तिरंगा लेकर सैकड़ों लोगों के साथ पदयात्रा करते नजर आए।

### रैली 30 जनवरी को शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में होगी संपन्न

**पदयात्रा** के श्रीनगर में समाप्त होने से पहले जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन तथा बनिहाल में रात्रि विराम करने का कार्यक्रम है। श्रीनगर में 30 जनवरी को शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में एक विशाल रैली के साथ यह पदयात्रा संपन्न होगी।

# मोरबी नगर पालिका ने नोटिस का जवाब देने को दस्तावेज मांगे

**मोरबी।** मोरबी नगर पालिका ने गुजरात सरकार से अपील की है कि कस्बे में कुछ महीने पहले एक पुल गिरने की घटना की तफ्तीश के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा जब्त किए गए दस्तावेजों को लौटा दिया जाए ताकि वह सरकार के कारण-बताओ नोटिस का जवाब दे सके।

सरकार ने नोटिस में पूछा है कि पुल हादसे को लेकर नगर पालिका को भंग क्यों नहीं कर देना चाहिए। इस दुर्घटना में 135 लोगों की जान चली गई थी। नगर पालिका के एक अधिकारी ने कहा कि सभी दस्तावेज सरकार द्वारा नियुक्त एसआईटी के पास हैं और नगर निकाय के पास कोई कागज नहीं है। मोरबी में मच्छू नदी पर बना ब्रिटिश काल का झूलता हुआ पुल 30 अक्टूबर, 2022 को गिर गया था। इस मामले में राज्य सरकार ने पिछले सप्ताह मोरबी हादसे में कारण-बताओ नोटिस जारी किया था और पूछा था कि जिम्मेदारी निभा नहीं पाने के कारण नगर पालिका को भंग क्यों नहीं किया जाना चाहिए। राज्य के शहरी विकास विभाग ने नोटिस में नगर पालिका को 25 जनवरी तक लिखित स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

## पूर्व मंत्री शिवपाल यादव मौर्य के बयान पर बोले

# हम राम-कृष्ण के आदर्शों पर चलने वाले लोग

### मौर्य ने कहा था, जाति के आधार पर अपमान होता हो तो यह निश्चित रूप से धर्म नहीं बल्कि अधर्म है

एजेंसी। लखनऊ





**समाजवादी** पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने रामचरितमानस पर अपनी पार्टी के विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादास्पद बयान से असहमति जताते हुए मंगलवार को कहा कि यह उनका (मौर्य) निजी बयान है और हम भगवान राम ष्और कृष्ण के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं।

इटावा जिले के जसवंनगर विधानसभा क्षेत्र पहुंचे शिवपाल ने मौर्य के विवादित बयान के बारे में पूछे जाने पर पत्रकारों से कहा, यह उनका व्यक्तिगत बयान है, न कि पार्टी का। हम लोग भगवान राम और कृष्ण के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या मौर्य के बयान से पार्टी को राजनीतिक नुकसान होगा, शिवपाल ने कहा, यह उनका निजी बयान था, न कि पार्टी का। सपा नेता ने खुद ही सवाल किया, क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग भगवान राम के आदर्शों का पालन करते हैं? गौरतलब है कि मौर्य ने रविवार को कहा था, धर्म का वास्तविक अर्थ मानवता के कल्याण और उसकी मजबूती से है। अगर रामचरितमानस की किन्हीं पंक्तियों के कारण समाज के एक वर्ग का जाति, वर्ण और वर्ग के आधार पर अपमान होता हो, तो यह निश्चित रूप से धर्म नहीं, बल्कि अधर्म है। उन्होंने आरोप लगाया था, रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों में कुछ जातियों जैसे कि तेली और कुम्हार का नाम लिया गया है। इससे इन जातियों के लाखों लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। मौर्य ने मांग की थी, रामचरितमानस के आपत्तिजनक अंश, जो जाति, वर्ण और वर्ग के आधार पर समुदायों का अपमान करते हैं, उन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे मौर्य पिछले साल हुए राज्य विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़ सपा में शामिल हो गए थे।

उन्होंने कुशीनगर जिले की फाजिलनगर सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। हालांकि, सपा ने बाद में उन्हें विधान परिषद का सदस्य बना दिया था। शिवपाल ने दावा किया, भाजपा के खिलाफ माहौल है और लोग सपा के साथ आ रहे हैं। भविष्य में हमें भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना है और राज्य में सपा की सरकार वापस लानी है। सपा के खिलाफ मुखर रहने वाले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर शिवपाल ने कहा, वो बड़बोले हैं और अभी मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में आए थे, लेकिन जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया।

### ओकलैंड में गैस स्टेशन पर गोलीबारी में एक व्यक्ति

**ओकलैंड (अमेरिका)।** सैन फ्रांसिस्को बे एरिया में देर रात ओकलैंड गैस स्टेशन पर गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि शाम छह बजे के बाद अधिकारी घटनास्थल पर गए और उन्हें मालूम हुआ कि कई लोगों के बीच गोलीबारी हुई है।

# प्रधानमंत्री के रूप में आखिरी बार जनता के सामने आईं जेसिंडा अर्डर्न

एजेंसी। वेलिंगटन

**जेसिंडा** अर्डर्न न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री के तौर पर मंगलवार को आखिरी बार सार्वजनिक रूप से सामने आईं और कहा कि वह सबसे ज्यादा लोगों को याद करेंगी क्योंकि वे उनके लिए नौकरी में खुश रहने की वजह थे। अर्डर्न ने बृहस्पतिवार को देश को हैरत में डालते हुए घोषणा की थी कि वह अपना पद छोड़ने जा रही हैं।

लेबर पार्टी के सांसदों ने प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के लिए क्रिस हिप्किंस के पक्ष में रविवार को सर्वसम्मति से मतदान किया और वह बुधवार को शपथ ग्रहण करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में आखिरी काम के तौर पर अर्डर्न रातना मैदान में आयोजित एक समारोह में हिप्किंस तथा अन्य सांसदों के साथ शामिल हुईं। कहा कि हिप्किंस से उनकी दोस्ती करीब 20 साल पुरानी है और वह रातना मैदान तक आने के दौरान करीब दो घंटे उनके साथ रहीं। उन्होंने, अपनी घोषणा के बाद से सोशल मीडिया पर उन पर किए जा रहे कटु और महिला विरोधी हमलों के बारे में भी बात की और कहा कि उनके इस्तीफा देने के पीछे यह वजह नहीं है।

### कैलिफोर्निया : गोलीबारी की दो घटनाओं में सात की मौत

**हाफ मून बे (अमेरिका)।** सैन फ्रांसिस्को के पास हाफ मून बे शहर में एक खेत में और एक ट्रक कंपनी में हुई गोलीबारी की घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई। इस सिलसिले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सैन मैटियो काउंटी बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर्स के अध्यक्ष डेव पाइन ने बताया कि सैन फ्रांसिस्को से करीब 48 किलोमीटर दूर हाफ मून बे शहर में एक खेत में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई जबकि ट्रक कंपनी में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की जान गई। पाइन ने बताया कि पुलिस ने गोलीबारी के संबंध में 67 वर्षीय चुनली झाओ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध इनमें से एक जगह काम करता था। उन्होंने संदिग्ध को असंतुष्ट कर्मी बताया।

# कर्पूरी ठाकुर का जीवन है, हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत : सीएम योगी

एजेंसी। लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक और समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री योगी ने कर्पूरी ठाकुर को याद करते हुए ट्वीट किया, महान स्वाधीनता सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा, शोषितों एवं वंचितों के मुखर स्वर, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का सामाजिक समरसता के लिए समर्पित जीवन सभी के लिए प्रेरणास्पद है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट किया, आजीवन शोषितों, पीड़ितों एवं वंचितों के हक के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती पर शत-शत नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि।

केशव प्रसाद ने भी कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्वीट किया, गरीबों एवं वंचितों की सशक्त आवाज, सामाजिक समरसता के प्रतीक एवं कुशल राजनीतिज्ञ, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन। ब्रजेश पाठक ने भी ट्वीट कर कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी समेत कई नेताओं ने कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### योगी ने उत्तर प्रदेश दिवस की बधाई दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने ट्वीट किया, आध्यात्मिकता व आधुनिकता की संगमस्थली, अंत्योदय के साथ सुरक्षा व समृद्धि के स्वप्न को साकार करती क्रांतिधरा उत्तर प्रदेश के सभी निवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की हार्दिक बधाई।

### पीएम ने दीं उत्तर प्रदेश दिवस पर शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, उत्तर प्रदेश दिवस पर वहां के लोगों को ढेरों शुभकामनाएं। बीते कुछ वर्षों में राज्य के विकास ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

# बिजली संकट से निपटने को पाकिस्तान की मदद करने के लिए तैयार अमेरिका

एजेंसी। वाशिंगटन



**अमेरिका** में राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि उनका देश पाकिस्तान के बिजली संकट को खत्म करने में मदद देने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में सोमवार को राष्ट्रीय ग्रिड में खराबी के कारण बड़े पैमाने पर बत्ती गुल रही, जिससे राजधानी इस्लामाबाद और वित्तीय हब कराची समेत मुल्क के बड़े हिस्से में लाखों लोग अंधेरे में रहे।

ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय ग्रिड में सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 34 मिनट पर खराबी आ गई, जिससे बत्ती गुल हो गई। करीब चार महीने में यह दूसरी ऐसी घटना है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, बेशक, हमने देखा है कि पाकिस्तान में क्या हुआ है। बिजली गुल रहने से प्रभावित हुए सभी लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। जाहिर तौर पर अमेरिका ने कई चुनौतियों में हमारे पाकिस्तानी साझेदारों की मदद की है। उन्होंने कहा, हम इस मामले में भी सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन मुझे अभी तक कोई खास अनुरोध मिलने की जानकारी नहीं है। पाकिस्तान लगातार कम होते विदेशी मुद्रा भंडार के बीच हाल के वर्षों में दुनिया के सबसे खराब वित्तीय संकट का सामना करने वाले देशों में से एक बन गया है।

### मुंबई: 19 लाख रुपये मूल्य के नकली नोट जब्त, दो गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर, उनके पास से 19 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किए हैं। मंगलवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए पुलिस ने जाल बिछाया और सोमवार को मालवानी इलाके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी के पास से एक लाख के नकली नोट मिले। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी ने अपने सहयोगी के बारे में जानकारी दी जिसे पुलिस ने पालघर जिले से गिरफ्तार किया। अधिकारी के मुताबिक, दूसरे आरोपी के पास से 18 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए। अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के पास से 500 रुपये के कम से कम 1,796 नकली नोट, 2,000 रुपये के 500 नकली नोट सहित 200 रुपये और 100 रुपये के पांच-पांच नोट जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि आरोपियों को निर्धारित कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# मानवाधिकार समूह ने म्यांमा सेना के खिलाफ जर्मनी में की शिकायत

एजेंसी। बैंकॉक

**एक** मानवाधिकार समूह और म्यांमा के 16 लोगों ने देश के जनरलों को नरसंहार, युद्ध अपराध तथा मानवता के खिलाफ अपराध के लिए सजा दिए जाने की मांग करते हुए जर्मनी में एक आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि ये अपराध मुस्लिम रोहिंग्या पर 2017 की कार्रवाई के दौरान और 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद किए गए।

मानवाधिकार समूह फोर्टिफाई राइट्स ने मंगलवार को बैंकॉक में घोषणा की कि अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों को अभी तक जवाबदेह नहीं ठहराया गया है।

जर्मनी में संघीय अभियोजक कार्यालय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है जहां गत शुक्रवार को यह कानूनी शिकायत दर्ज कराई गई। कार्यालय इस पर फैसला लेगा कि मामले के अदालत में जाने से पहले मुकदमा दर्ज किया जाए या नहीं। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत भी म्यांमा के जनरलों की जांच कर रही है और अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में भी नरसंहार का मामला चल रहा है।


# भ्रष्टाचार के जड़ से खात्मे को मैं सतर्कता विभाग में तैनाती को तैयार : खेमका

एजेंसी। चंडीगढ़

**भारतीय** प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी अशोक खेमका ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए उन्हें सतर्कता विभाग में तैनात करने की मांग की है। खेमका को उनके तीन दशक लंबे करियर में 50 से अधिक तैनातियां मिल चुकी हैं। वह एक बेहद ईमानदार अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। हालांकि, खेमका का पेशेवर जीवन में विवादों से घिरा रहा है और उन्हें कई बार ऐसे पदों पर नियुक्त किया गया, जिन्हें ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं माना जाता है।

खट्टर को लिखे पत्र में खेमका ने कहा है कि उन्होंने भ्रष्टाचार को खत्म करने की धुन के चलते अपने सेवा करियर की कुर्बानी दे दी। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने लिखा है कि उनकी मौजूदा तैनाती (अभिलेखागार विभाग) में जहां ज्यादा काम नहीं है, वहीं कुछ अधिकारियों पर कई प्रभार और विभागों का बोझ है, जिसके चलते उन्हें हमेशा युद्ध स्तर पर काम करते रहना होता है। उन्होंने 23 जनवरी को लिखे पत्र में कहा है कि काम का एकतरफा आवंटन जनहित में नहीं होता। हरियाणा सरकार ने नौ जनवरी को खेमका का तबादला कर दिया था। खट्टर को लिखे पत्र में खेमका ने भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सतर्कता विभाग में अपनी सेवाएं देने की पेशकश की है। उन्होंने लिखा है, जैसा कि आप जानते हैं, भ्रष्टाचार सभी जगह मौजूद है। जब मैं भ्रष्टाचार देखता हूं तो मेरी आत्मा दुखी हो जाती है। इस कैंसर को जड़ से खत्म करने की धुन में मैंने अपने सेवा करियर की कुर्बानी दे दी। खेमका ने कहा है, कथित सरकारी नीति के अनुसार, भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किए बिना एक नागरिक के अपनी वास्तविक क्षमता को हासिल करने के सपने को कभी भी साकार नहीं किया जा सकता। वह रोजाना अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने तक सिमटकर रह जाएगा। उन्होंने उल्लेख किया है कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहे हैं और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सतर्कता विभाग सरकार का मुख्य हथियार है। खेमका ने कहा, अपने सेवा करियर के अंत में मैं भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सतर्कता विभाग के प्रमुख के रूप में सेवाएं देने की पेशकश करता हूं। उन्होंने लिखा है, अगर मौका दिया जाता है, तो मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ वास्तविक लड़ाई होगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, फिर चाहे वह कितना ही ताकतवर और रसूखदार क्यों न हो।

### कहा, मैंने भ्रष्टाचार को खत्म करने की धुन के चलते अपने सेवा कॅरियर की कुर्बानी दे दी



### 31 साल के करियर में हुई 56वीं तैनाती

**अशोक** खेमका को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद से हटाकर अभिलेखागार विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव बना दिया गया था। यह लगभग 31 साल के करियर में उनकी 56वीं तैनाती थी।

### वाड्रा की जमीन के म्यूटेशन को रद्द करने पर आए थे सुर्खियों में

**1991** बैच के हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारी खेमका वर्ष 2012 में राष्ट्रीय स्तर पर तब सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने गुरुग्राम में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े एक जमीन सौदे के म्यूटेशन (दाखिल खारिज) को रद्द कर दिया था। म्यूटेशन किसी जमीन या संपत्ति के मलिकाना हक के स्थानांतरण से जुड़ी प्रक्रिया का हिस्सा है।

### सीधे पेड़ों को पहले काटा जाता है : जताई निराशा

**बीते** साल अक्टूबर में कुछ अधिकारियों को मिली पदोन्नति के बाद खेमका ने ट्वीट किया था, भारत सरकार के सचिवों के रूप में नवनियुक्त मेरे बैच के साथियों को बधाई, हालांकि, यह एक खुशी का पल है, लेकिन मेरे करियर में पीछे रह जाने के कारण यह साथ में उतनी ही निराशा भी लेकर आया है। उन्होंने लिखा था, सीधे पेड़ों को पहले काटा जाता है। कोई मलाल नहीं। नए संकल्प के साथ, मैं अडिग रहूंगा।

### एफबीआई और सीबीआई के अधिकारियों ने की बैठक

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका की शीर्ष आंतरिक जांच एजेंसियों केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) तथा संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के अधिकारियों और अमेरिकी न्याय मंत्रालय के अधिकारियों ने विकसित प्रौद्योगिकी आधारित अपराधों से निपटने में निरंतर सहयोग बनाए रखने पर चर्चा की। अमेरिकी न्याय मंत्रालय ने बताया कि एफबीआई और सीबीआई के अधिकारियों ने पिछले सप्ताह नई दिल्ली में बैठक की।

# निगम में हंगामा: आप-भाजपा में खींचतान, दिल्ली खाली हाथ

## देर रात तक सदन में जमे रहे आप पार्षद, भाजपा पर लगाया लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप

● बहुमत होने के बावजूद आप चुनाव में डाल रही बाधा : हर्ष मल्होत्रा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** नगर निगम चुनाव के बाद सबकी निगाहें मेयर चुनाव पर टिकी हुई हैं। लेकिन मंगलवार को भी दिल्ली को नई महापौर नहीं मिली। मेयर चुनाव को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में खींचतान जारी है। सदन की कार्यवाही के दौरान हंगामे के चलते मेयर चुनाव नहीं हो सका। हंगामे के बाद बैठक फिर स्थगित कर दी गई। जब तक नए मेयर का चुनाव नहीं हो जाता तब तक एमसीडी पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ही कार्य देखेंगी। इससे पहले 6 जनवरी को चुनाव होना था, लेकिन दोनों दलों के भारी हंगामे के चलते उस दिन भी चुनाव नहीं हो पाया था। दोनों पक्षों के हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप का नुकसान दिल्ली के लोगों को उठाना पड़ रहा है।

इस बीच मेयर चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा में जुबानी जंग और तेज हो गई है। आप नेताओं का कहना है कि एमसीडी चुनाव में बुरी तरह हारने के बाद अब भाजपा जब मेयर चुनाव में भी अपना सूपड़ा साफ होते देख रही है तो बेईमानी और गुंडागर्दी कर रही है और सदन छोड़ के भागने लगी है।

मेयर चुनाव के दौरान मंगलवार को बार फिर भाजपा के पार्षदों ने सदन में हंगामा किया और भाजपा की प्रोटेम स्पीकर ने सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा को चुनौती दी है कि अगर भाजपा की हिम्मत है तो वो अपनी हार स्वीकार करें। अगर भाजपा नेता लोकतंत्र और संविधान में थोडा भी यकीन रखते है तो इस बात को स्वीकार करें कि दिल्ली वालों ने उन्हें नकार दिया है और वे महापौर और उपमहापौर का चुनाव होने दें।

उन्होंने कहा कि पहले तो हार के डर से भाजपा नेता एमसीडी चुनावों को टालती रही। जब चुनाव हुआ और जनता ने इन्हें हरा दिया तो अब मेयर के चुनाव से भाग रहे हैं।

भाजपा नेता लोकतंत्र का सम्मान करें और उनमें हिम्मत है तो मेयर का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से होने दें। आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद, विधायक और सांसद सदस्य सदन में देर रात तक डटे रहे।

वहीं भाजपा सांसद मनोज तिवारी एवं प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा है कि आम आदमी पार्टी के पार्षदों द्वारा मेयर चुनाव को एक बार फिर से बाधित किया गया है जिसके बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

तिवारी ने कहा 6 जनवरी को निगम सदन में जो कुछ भी हुआ उसे दिल्ली वालों ने देखा और आज भी सवाल यही है कि आखिर दिल्ली को मेयर देने के लिए आम आदमी पार्टी इतनी डर क्यों रही है। मनोज तिवारी ने आरोप लगाया आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जो सदन के अंदर और बाहर थे। सभी ने मिलकर भाजपा के पार्षदों और सांसदों के साथ अभद्र व्यवहार किया है।

लोकतंत्र और देश के संविधान का आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा मजाक बनाया जा रहा है। शपथ प्रक्रिया तक आम आदमी पार्टी के पार्षद चुप रहे लेकिन जैसे मेयर का चुनाव होना था एक बार फिर से हंगामा शुरु कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तो कभी दावा नहीं किया कि उसका मेयर जीत रहा है। भाजपा सिर्फ चुनाव लड़ रही है लेकिन आम आदमी पार्टी चुनाव से भाग रही है और उसके लिए तरह-तरह के बहाने ढूंढ रही है।

हर्ष मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सवाल पूछा कि बहुमत होने के बाद भी आम आदमी पार्टी मेयर के चुनाव में बाधा क्यों डाल रही है।

6 जनवरी को जिस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने हंगामा किया था मंगलवार को उस पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं थी लेकिन जैसे ही मेयर चुनाव की बात शुरु हुई तुरंत हंगामा करने लगे। आप के इस दुर्व्यहार से एमसीडी चुनाव के करीब एक महीने बाद भी दिल्ली को मेयर नहीं मिला है। दिल्ली नगर निगम का काम बंद है।

### सत्ता के लालच में रोका गया मेयर चुनाव : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव के करीब एक महीने बाद भी महापौर का चुनाव नहीं होने पर प्रदेश कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा दोनों पार्टियां सत्ता के लालच में मेयर का चुनाव नहीं होने दे रही हैं। पहले 6 जनवरी और फिर 24 जनवरी को मेयर के चुनाव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि सदन में भाजपा और आप नेताओं में मारपीट, बदसलूकी व सदन में हंगामें को दिल्ली के लोग आहत हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले ही साफ कर चुकी है कि वह मेयर चुनाव प्रक्रिया से दूर रहेगी। कुमार ने कहा कि भाजपा और आप दिल्ली नगर निगम में संवैधानिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर मेयर चुनाव के दौरान जो प्रक्रिया अपना रही उससे सदन में लोकतंत्र की हत्या हो गई है। मेयर चुनाव पर भाजपा और आम आदमी की आम सहमति नहीं बनने से साफ हो गया है कि विकास और जनता से जुड़े गंभीर मुद्दों से कोई लेना देना नहीं है। चुनाव होने के बाद निर्वाचित निकाय के बिना, एमसीडी को अधिकारियों द्वारा चलाया जा रहा है।

## चुनी हुई सरकार को रहे दरकिनार एलजी : सिसोदिया

● मुख्यमंत्री-मंत्री की मंजूरी के बिना अवैध रूप से अभियोजन मंजूर कर रहे उपराज्यपाल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी की सरकार और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कई मुद्दों को लेकर एक बार फिर एलजी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एलजी लगातार चुनी हुई सरकार को दरकिनार कर रहे हैं। जिसके कारण भारी कानूनी संकट खड़ा हो गया है। इतना ही नहीं उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों की खिंचाई करते हुए कहा कि वह एलजी के इशारे पर अवैध काम कर रहे हैं। एलजी के निर्वाचित सरकार की अनदेखी करने से अपराधियों को अदालतों से छूटने में मदद मिलेगी।

मनीष सिसोदिया ने आईपीसी की धारा-196 का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य के खिलाफ किए गए अपराधों के मामले में कोई भी कोर्ट राज्य सरकार के अनुमोदन या मंजूरी के बिना ऐसे किसी भी मामले का संज्ञान नहीं लेगी। कई जघन्य अपराध इसी श्रेणी में आते हैं। दिल्ली सरकार के विधि विभाग के अनुसार, इस कानून में राज्य सरकार का मतलब निर्वाचित सरकार है।

इसका मतलब यह है कि प्रभारी मंत्री ही सक्षम प्राधिकारी हैं और इन सभी मामलों में मंत्री की मंजूरी जरूरी है। मंत्री की मंजूरी के बाद फाइल एलजी के पास यह तय करने के लिए भेजी जाएगी कि क्या वे मंत्री के फैसले से अलग हैं या वे इसे राष्ट्रपति को भेजना चाहते हैं। उपमुख्यमंत्री के अनुसार कुछ महीने पहले तक यही प्रक्रिया अपनाई जा रही थी लेकिन पिछले कुछ महीने से मुख्य सचिव ने मंत्री को दरकिनार करते हुए इन सभी फाइलों को सीधे उपराज्यपाल को भेजना शुरू कर दिया।

**क्या है सीआरपीसी की धारा-196**

*सीआरपीसी की धारा 196 (1) के तहत, कुछ अपराधों के मामले में राज्य सरकार से अभियोजन के लिए कानूनी मंजूरी एक आवश्यक शर्त है। इसमें अभद्र भाषा, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना, जघन्य अपराध, राजद्रोह, राज्य के खिलाफ विद्रोह करना, दुश्मनी को बढ़ावा देने जैसे अपराध शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार, निर्वाचित सरकार सीआरपीसी की धारा-196 (1) के तहत मुकदमा चलाने हेतु कानूनी मंजूरी देने के लिए कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करेगी और एलजी मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बंधे होंगे।*

# उत्तर प्रदेश दिवस: गौतम बुद्ध नगर में 258.70 करोड़ की विकास योजना शुरू

● तीन दिवसीय चलने वाले शिल्प हाट में 85 स्टाल लगाकर लोगों को किया जाएगा जागरूक



शिल्प हॉट के उद्घाटन के मौके पर सीईओ ऋतु माहेश्वरी, जिलाधिकारी सुहास एलवाई, विधायक और अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मंगलवार को जनपद गौतम बुद्ध नगर में नोएडा के शिल्प हाट में 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस 2023 का दादरी विधायक तेजपाल नागर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा, ग्रेटर नोएडा ऋतु माहेश्वरी एवं जिलाधिकारी सुहास एलवाई के द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस 2023 के शुभारंभ अवसर पर ही जनपद की प्राधिकरणों के द्वारा नोएडा दादरी विधानसभा क्षेत्र में कराए गए कुल 258.70 करोड रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया, जिसमें नोएडा विधानसभा की 32.15 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 159.92 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास तथा दादरी विधानसभा क्षेत्र की 4.30 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 62.33 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है।

उत्तर प्रदेश दिवस 2023 का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम शास्त्रीय नृत्य शिव आराधना, अन्नदाता संवाद, उत्तर प्रदेश में निवेश बेरोजगार पर बौद्धिक परिचर्चा एवं महानुभावों का सम्मान, जनपद के स्थानीय कलाकारों द्वारा रागनी तथा शासकीय कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र, पुरस्कार वितरण, लोकार्पण से किया गया। नोएडा विकास यात्रा से संबंधित प्रदर्शनी मुख्य बृज द्वार एवं निवेश द्वार पर लगाई गई।

तीन दिवसों तक चलने वाले उत्तर प्रदेश दिवस 2023 के अवसर पर प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के द्वारा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार.प्रसार तथा योजनाओं के संबंध में कार्यक्रम में आने वाले आगंतुकों को अधिक से अधिक जानकारी एवं जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के द्वारा 85 स्टाल लगाए गए, ताकि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी का जो संकल्प है कि प्रत्येक पात्र लाभार्थियों तक संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके उसको मूर्त रूप प्रदान किया जा सके।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर समाज कल्याण, खेल विभाग,तथा मुद्रा लोन के 60 लाभार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## हमलावर ने रोका- एक मिनट बातचीत फिर चाकू से किए तीन वार, मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 56 साल के जगदीश की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी देवी जागरण से लौट रहे जगदीश को रास्ते में एक शख्स ने रोका। शराब पिलाने के लिए कहा। मना करने पर चाकू से उन पर तीन वार कर दिए।

पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है। खोड़ा के वंदना एन्क्लेव निवासी जगदीश रविवार रात पड़ोस में देवी जागरण में गए थे। फुटेज में दिख रहा है कि रास्ते में एक कार खड़ी है। वहीं, उस शख्स ने जगदीश को रोक लिया, उन्हें कार की आड़ में ले गया। फिर कार के आगे ले आया और करीब एक मिनट तक बातचीत की। इसके बाद हमलावर ने गले में डाला हुआ मफलर कार के बोनट पर रखा। फिर अचानक जेब से चाकू निकाला और जगदीश पर एक के बाद एक 3 वार किए। लहूलुहान हालत में जैसे.तैसे भागते हुए जगदीश घर पहुंचा। इसके बाद परिजन उसे लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल ले गए। जहां जगदीश ने दम तोड़ दिया।

## गाजियाबाद इनवेस्टर्स समिट में शामिल होंगे केन्द्र व राज्य सरकार के कई मंत्री

● जिले में 89 हजार करोड़ का निवेश की संभावना


पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कौशांबी के होटल में आयोजित होने वाले गाजियाबाद इन्वेस्टर्स समिट में कई केन्द्रीय व राज्यमंत्री शामिल होंगे। इसके अलावा मंडलायुक्त, जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी भी इस समिट में सम्मिलित होंगे।

बता दें कि लखनऊ में दस से 12 फरवरी को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट.2023 का आयोजन होगा जिसमें गाजियाबाद जिले में निवशेक करीब 89 हजार करोड़ का निवेश करेंगे। निवेशकों से उनके निवेश, यूपी सरकार की नई पॉलिसी की जानकारी देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा। समिट का मिनट टू मिनट कार्यक्रम भी जारी किया गया है जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे से किया जाएगा तो वहीं नौ बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा।

इस दौरान प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद वीके सिंह द्वारा किया जाएगा। इस समिट में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप्प, कैबीनेट मंत्री राकेश सचान निवेशकों को सम्बोधित करेंगे। इसके अलावा मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे, पर्यटन विभाग की प्रतिनिधि अंजू चौधरी मौजूद रहीं।

## 25 व 26 जनवरी को गाजियाबाद से दिल्ली नहीं जाएंगे व्यावसायिक वाहन



**गाजियाबाद।** गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में राजपथ पर परेड होगी। सुरक्षा व यातायात के लिहाज से गाजियाबाद से भारी व्यावसायिक वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर बुधवार रात नौ बजे से ही पाबंदी लगा दी जाएगी। 26 जनवरी को दोपहर बाद दो बजे तक ये वाहन दिल्ली नहीं जा पाएंगे। एडीसीपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि एनएच-नौ व दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे से यूपी गेट होते हुए सभी प्रकार के भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह डाबर तिराहा से महाराजपुर होते हुए, मोहननगर से सीमापुरी होते हुए, भोपुरा बार्डर से और लोनी बार्डर से भी भारी व्यावसायिक वाहन दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### भाकियू ने प्राधिकरण के अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर आगामी 7 फरवरी को होने वाली किसानों की महापंचायत को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा के किसानों की समस्याओं का प्राधिकरण ने निस्तारण नहीं किया। जिसके लिए किसानों को प्राधिकरण के दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। किसानों की बैंक लीज, आवासीय भूखंड और स्थानीय उद्योगों में युवाओं को नौकरी सहित कई मांगों को लेकर आगामी 7 फरवरी को प्राधिकरण पर महापंचायत की जाएगी। दरअसल, ग्रेटर नोएडा में किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अंबावता ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर 7 फरवरी को महापंचायत करेगी।

## यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण को 63,000 करोड़ के प्रस्ताव मिले



● नागपुर में आयोजित 72 वीं इंडियन फार्मास्युटिकल कांग्रेस में इनवेस्ट यूपी को सफलता

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नागपुर** में आयोजित 72 वीं इंडियन फार्मास्युटिकल कांग्रेस में इनवेस्ट यूपी के तहत यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के स्टॉल पर निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है।

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को 1110 करोड़ रुपये निवेश प्रस्ताव सहित कुल 6300 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इंडियन फार्मास्युटिकल कांग्रेस का उद्घाटन नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के स्टॉल पर नन्दकिशोर सुंदरियाल, स्टाफ ऑफिसर एवं इनवेस्ट यूपी आदि ने नितिन गडकरी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश हेतु रुपए 300 करोड़ का एमओयू भी हस्ताक्षरित किया गया। बैठक में यमुना प्राधिकरण की तरफ से मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुण वीर सिंह के साथ साथ शैलेंद्र भाटिया विशेष कार्याधिकारी, नंदकिशोर सुन्दरियाल, एसओ, मेडिकल डाइवाइसेज पार्क के ई एंड वाई सलाहकार शिवम् आनंद एवं आशुतोष ने प्रतिभाग किया। मेडिकल पार्क को 1110 करोड़ निवेश प्रस्ताव पास हुए।

# दूसरे दोस्त से मिलने पर पूनावाला ने की श्रद्धा की हत्या

श्रद्धा हत्याकांड





● दिल्ली पुलिस ने दाखिल किया 6,629 पन्नों का आरोप पत्र, न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस ने मंगलवार को कहा कि श्रद्धा वालकर किसी अन्य दोस्त से मिलने गई थी, जो आफताब पूनावाला को पसंद नहीं आया और वह हिंसक हो गया।

पुलिस ने मंगलवार को यहां साकेत अदालत में श्रद्धा हत्याकांड में पूनावाला के खिलाफ 6,629 पन्नों का आरोप पत्र दायर किया, जिसने उसकी न्यायिक हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ाकर सात फरवरी तक कर दी। संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिण) मीनू चौधरी ने कहा, घटना वाले दिन वालकर अपने एक दोस्त से मिलने गई थी, जो पूनावाला को पसंद नहीं आया, जिसके बाद वह हिंसक हो गया और उसने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 और 201 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया।

उन्होंने कहा कि 150 से अधिक गवाहों के बयान दर्ज किए गए। आफताब पर अपनी लिव-इन-पार्टनर श्रद्धा की गला घोंटकर हत्या करने और उसके शव के 35 टुकड़े कर उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में अलग-अलग हिस्सों में फेंकने का आरोप है।

जब मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला ने पूछा कि आरोप पत्र कितने पन्नों का है, तो जांच अधिकारी ने कहा कि इसमें 6,629 पन्ने हैं। इस पर न्यायाधीश ने कहा, यह बहुत बड़ा है। आखिरकार आज अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया। अदालत ने आफताब की न्यायिक हिरासत की अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ाकर सात फरवरी तक कर दी। मंगलवार को न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर आफताब को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। इस दौरान, आफताब ने अदालत से कहा कि वह अपने वकील एमएस खान को बदलना चाहता है।

## प्लॉट दिलाने के नाम पर 16 लाख की ठगी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में प्लॉट दिलाने के नाम पर खतौली निवासी आरपीएफ के जवान से 16 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित बताए गए प्लॉट पर कब्जा लेने के लिए गए तो उन्हें अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। जिला मुजफ्फरनगर के खतौली की तिलकनगर कॉलोनी निवासी उस्मान परिवार के साथ रहते हैं। वह आरपीएफ में तैनात हैं। इन दिनों उनकी ड्यूटी विशाखापटनम में चल रही है। उनकी ससुराल मुरादनगर में ही है। साल 2020 में उनके रिश्ते के साले ने जलालपुर मार्ग पर एक प्लॉट दिखाया था। प्लॉट रावली कलां निवासी एक व्यक्ति का था। प्लॉट पसंद आने पर उस्मान ने प्लॉट स्वामी में एडवांस दे दिया और कुछ दिन बाद मोदीनगर तहसील जाकर बैनामा भी कर लिया। उन्होंने 340 गज प्लॉट 16 लाख रुपये से अधिक की कीमत पर लिया था।



# तमिलनाडु के कई जिलों में बारिश की वजह से छोटी प्याज की कीमत में आई उछाल

**किसानों का कहना है कि नवंबर माह में भारी बारिश के कारण उनकी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई, अब यहां छोटे प्याज की बीज भी उपलब्ध नहीं है।**

**तमिलनाडु** के धमर्पुरी सहित छह जिलों में छोटी प्याज की खेती भारी बारिश के कारण खराब हो गई है। हालांकि, अब तक राज्य सरकार की ओर से फसल के खराब होने बाद होने वाला सर्वेक्षण अब तक नहीं शुरू हुआ है। इससे प्याज की फसल के नुकसान होने का सही अनुमान नहीं लगाया जा सका है। वहीं दूसरी ओर किसानों की बातों से इस बात को बल मिलता है कि लगभग अस्सी प्रतिशत छोटी प्याज की फसल बर्बाद हो चुकी है।

इस बार इन जिलों के किसानों ने प्याज का रकबा भी बढ़ा दिया था क्योंकि पिछले साल (2022) राज्य सरकार ने इस बात की घोषणा की थी कि छोटी प्याज की खेती करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर बीस हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी।

साथ ही भंडारण (कोल्ड स्टोरेज) में भी सब्सिडी देने की घोषणा की थी। यही कारण है कि इस बार किसानों ने प्याज की खेती का रकबा बढ़ा लिया था। लेकिन, अब पिछले तीन महीने से लगातार जारी बारिश के कारण छोटी प्याज खेतों में ही सड़ने लगी है। इसके अलावा जितनी फसल ठीक है, उसमें भी बहुत अधिक नमी आ गई है। ऐसे में उसके भी खराब होने की संभावना बहुत अधिक बढ़ गई है। इसका असर सीधे खुदरा बाजार पर पड़ा है। खुदरा बाजार में प्याज की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। वर्तमान में इन जिलों में प्याज की कीमत सौ रुपए किलो पार कर गई है। अकेले धर्मपुरी जिले की बात करें तो यहां मुख्य रूप से जिले के सोगाथुर, अधागपदी, इंदूर, कृष्णापुरम, पप्पारापट्टी और नल्लमपल्ली क्षेत्रों में प्याज की खेती की जाती है। इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण छोटी प्याज की खेती पूरी तरह से खराब हो गई है।

साथ ही नमी के कारण अब तक संग्रहित की गई प्याज भी खराब हो रही है। इससे बाजार में प्याज की आवक कम हो गई है। यही कारण है कि यहां प्याज अधिक मात्रा में पैदा होने के बावजूद खुदरा बाजार में सौ रुपए से अधिक में बिक रही है। इस संबंध में जिले के किसान एस राघवन ने बताया कि यहां नवंबर की शुरुआत से ही जिले में भारी बारिश होने के कारण खेतों में पानी भर गया था। इससे छोटी प्याज सड़ने लगी है। किसानों का कहना है कि भारी बारिश के कारण छोटे पौधों को बचाना बेहद मुश्किल हो जाता है। प्याज भी छोटे पौधों की श्रेणी में ही आता है।

इस संबंध में जिले के कृषि विपणन विभाग का कहना है कि भारी बारिश धीरे-धीरे थमती जा रही है। जहां तक कीमतों में उछाल की बात है तो इसमें धीरे-धीरे सुधार अवश्य होगा। विभाग ने यह माना है कि वर्तमान में छोटी प्याज 66 से 100 रुपए किलो तक में बेची जा रही है। पिछले एक वर्ष से राज्य के आधा दर्जन से अधिक जिलों में प्याज की खेती के लिए बड़ी संख्या में किसान आगे आए हैं।

इसका प्रमुख कारण है कि राज्य सरकार के बागवानी विभाग ने प्याज की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 20,000 रुपए की सब्सिडी दी है। इसके अलावा एक मीट्रिक टन प्याज के भंडारण की सुविधाओं के लिए भी सब्सिडी के रूप में 3,500 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं।

हालांकि सेंथमंगीलम गांव के किसान आर सेल्वन ने कहा कि अधिक अच्छा होता है राज्य सरकार सब्सिडी प्रदान करने के बजाय न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी करे। ध्यान रहे कि प्याज की उत्पादन लागत बहुत अधिक होती है, वहीं मुनाफा बहुत कम है।

अरियागाउंडमपट्टी गांव के एक किसान एच कृष्णन का कहना है कि राज्य और केंद्र सरकारें क्षेत्र के कवरेज के आधार पर सब्सिडी देती हैं। इसके बजाय अगर उत्पादन के आधार पर सब्सिडी दी जा सकती है, तो यह किसानों के लिए अधिक फायदेमंद साबित होगी।

तमिलनाडु के अन्य जिले जैसे पेरंबदूर, त्रिची और तिर्वालूर के वेल्लोर, चतिरमनी, वामनापाडी, मनगुन, अन्नापालयम, कालारमपटटी, चेट्टिटकुलम, ईरुर, आलाथुरगेट, पडलुर, श्रीदेवी मंगलम आदि कुछ ऐसे गांव हैं जहां बारिश के कारण छोटी प्याज की फसल सबसे अधिक प्रभावित हुई है। पेरंबदूर जिले के अनूकुर गांव के किसान कादिल बेग का कहना है कि वह अपने तीन एकड़ की जमीन में छोटी प्याज लगाई थी लेकिन नवंबर माह में भारी बारिश के कारण उनकी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। अब यहां छोटे प्याज की बीज भी उपलब्ध नहीं है और जो उपलब्ध हैं, वह 90 से 100 रुपये प्रति किलो है।

इतना महंगा हम कैसे खरीद सकते हैं। इसी प्रकार त्रिची जिले के पालपट्टी गांव के किसान एन राजेंद्रन जो 10 एकड़ की जमीन में छोटे प्याज लगाई थी, वह भी खराब हो गई। वह कहते हैं कि अब वह दूसरी फसल बोने को मजबूर हैं। इसका कारण वह बताते हैं कि बीते दिनों हुई बारिश के कारण जमीन काफी गीली है और यह यहां प्याज की बुवाई नहीं कर सकते हैं। वह बताते हैं कि प्याज की फसल खराब होने से आज की तारीख में बाजार में 70 से 90 प्रति केजी प्याज बिक रही है। वहीं तिर्वालूर जिले के मन्नारगुडी गांव के किसान सुब्रमण्यम बताते हैं कि वह एक एकड़ की जमीन में छोटे प्याज की खेती करते हैं लेकिन पिछले साल भी और अब इस साल भी भारी बारिश के कारण वह प्याज की फसल नहीं बो रहे हैं।

वह बताते हैं कि प्याज की फसल बोने के बाद जमीन ज्यादा गीली या सूखी होने की वजह से फसल बर्बाद हो जाती है। वह कहते हैं कि गत नौ दिसंबर 2022 में प्याज बोने का सोचा था लेकिन भारी बारिश के कारण उन्होंने अपनी योजना स्थगित कर दी। मार्च में फिर से प्याज बोने की योजना है लेकिन अगर गर्मी ज्यादा पड़ती है और जमीन में पानी नहीं रहता है तो तब भी फसल के प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है।

वह कहते हैं कि अब तो हालात ऐसे हो गए हैं कि जब पानी चाहिए तो बारिश नहीं होती है और जब नहीं चाहिए तो बारिश हो जाती है। यह सब कितना बदल गया है हमारी समझ से यह सब परे की बात है।

## एयर क्वालिटी ट्रैकर

# दिल्ली-फरीदाबाद में एक बार फिर बेहद खराब हुई हवा, 30 शहरों में बनी जानलेवा



**दिल्ली-फरीदाबाद सहित देश के 24 शहरों में हवा की गुणवत्ता बहुत बुरी स्थिति में रिकॉर्ड की गई, वहीं 32 शहरों में भी हवा खराब रही**

**केंद्रीय** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 23 जनवरी 2023 को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के 181 शहरों में से 24 शहरों में वायु गुणवत्ता का स्तर बेहद खराब रहा। वहीं केवल 14 शहरों में हवा बेहतर रही, जबकि 31 शहरों की श्रेणी संतोषजनक, 74 में मध्यम रही। वहीं 32 शहरों में वायु गुणवत्ता का स्तर खराब दर्ज किया गया, जबकि बेगूसराय (415), बेतिया (446), भागलपुर (409), कटिहार (465), पूर्णिया (435) और सहरसा (425) में वायु गुणवत्ता का स्तर गंभीर दर्ज किया गया।
यदि दिल्ली-एनसीआर की बात करें तो यहां की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में है। दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 335 दर्ज किया गया है। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद में एयर क्वालिटी इंडेक्स 328, गाजियाबाद में 265, गुरुग्राम में 296, नोएडा में 293, ग्रेटर नोएडा में 311 पर पहुंच गया है। देश के अन्य प्रमुख शहरों से जुड़े आंकड़ों को देखें तो मुंबई में वायु गुणवत्ता सूचकांक 170 दर्ज किया गया, जो प्रदूषण के मध्यम स्तर को दर्शाता है। जबकि कोलकाता में यह इंडेक्स 242, चेन्नई में 97, बैंगलोर में 68, हैदराबाद में 112, जयपुर में 178 और पटना में 366 दर्ज किया गया। देश के जिन 14 शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 50 या उससे नीचे यानी बेहतर रहा, उनमें आइजोल 44, अनंतपुर 50, बागलकोट 49, चामराजनगर 38, चिक्कामगलुरु 48, गडग 48, मदिकेरी 46, मैसूर 46, ऊटी 50, पंचकुला 43, शिवमोगा 47, शिवसागर 42, श्रीनगर 41 और विजयपुरा 46 शामिल रहे।
वहीं आगरा, अंबाला, अरियालुर, बेंगलुरु, भिलाई, बीदर, चेन्नई, कोयंबटूर, दमोह, हुबली, झांसी, कलबुर्गी, कांचीपुरम, कन्नूक, कानपुर, खन्ना, कोझिकोड, मैहर, प्रयागराज, पुदुचेरी, रायपुर, रामनगर, रामनाथपुरम, सतना, सिरसा, तिरुवनंतपुरम, तिरुपति, तिरुपुर, वाराणसी, वृंदावन और यादगीर आदि 31 शहरों में हवा की गुणवत्ता संतोषजनक रही, जहां सूचकांक 51 से 100 के बीच दर्ज किया गया।
क्या दर्शाता है यह वायु गुणवत्ता सूचकांक, इसे कैसे जा सकता है समझा?

देश में वायु प्रदूषण के स्तर और वायु गुणवत्ता की स्थिति को आप इस सूचकांक से समझ सकते हैं जिसके अनुसार यदि हवा साफ है तो उसे इंडेक्स में 0 से 50 के बीच दर्शाया जाता है। इसके बाद वायु गुणवत्ता के संतोषजनक होने की स्थिति तब होती है जब सूचकांक 51 से 100 के बीच होती है। इसी तरह 101-200 का मतलब है कि वायु प्रदूषण का स्तर माध्यम श्रेणी का है, जबकि 201 से 300 की बीच की स्थिति वायु गुणवत्ता की खराब स्थिति को दर्शाती है।
वहीं यदि सूचकांक 301 से 400 के बीच दर्ज किया जाता है जैसा दिल्ली में अक्सर होता है तो वायु गुणवत्ता को बेहद खराब की श्रेणी में रखा जाता है। यह वो स्थिति है जब वायु प्रदूषण का यह स्तर स्वास्थ्य को गंभीर और लम्बे समय के लिए नुकसान पहुंचा सकता है।
इसके बाद 401 से 500 की केटेगरी आती है जिसमें वायु गुणवत्ता की स्थिति गंभीर बन जाती है। ऐसी स्थिति होने पर वायु गुणवत्ता इतनी खराब हो जाती है कि वो स्वस्थ इंसान को भी नुकसान पहुंचा सकती है, जबकि पहले से ही बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए तो यह जानलेवा हो सकती है।

# वनवासियों के कितने काम आ रहा है वनाधिकार अधिनियम ?

**कुछ समय से वन समुदायों द्वारा अपने आवास के संसाधनों तक पहुंच बनाने और अपना स्वामित्व स्थापित करने की मांग में भी वृद्धि हुई है।**

**पिछले** कुछ समय से वन समुदायों द्वारा न केवल अपने आवास के संसाधनों तक पहुंच बनाने, बल्कि वनों पर अपना स्वामित्व स्थापित करने की मांग में भी वृद्धि हुई है। वे वन अधिकार अधिनियम के एक कम उपयोग में लाए गए प्रावधान का इस्तेमाल करके ऐसा कर रहे हैं। हालांकि वन विभाग अपने स्वामित्व से कोई समझौता नहीं करना चाहता। इस कानून के माध्यम से समुदायों को कैसे लाभ हुआ है, यह समझने के लिए शुचिता झा और जुम्बिश ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ की यात्रा की। इसके साथ ही उन्होंने वन संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए जा रहे तंत्रों की भी पड़ताल की

छत्तीसगढ़ के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के 18 गांवों के निवासियों ने 20 जून को व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग 130 सी को अवरुद्ध कर दिया। गरियाबंद जिले के 18 गांवों में से एक नागेश के अर्जुन नायक कहते हैं, हमें जीवनयापन के लिए वन संसाधनों की आवश्यकता है। टाइगर रिजर्व होने के कारण हम पहले से ही कई प्रतिबंधों के साथ जीवन जी रहे हैं। बिजली की आपूर्ति न होने के साथ ही चारागाह भूमि भी न के बराबर है। इसके अलावा हम कोई निर्माण कार्य भी नहीं कर सकते। गांव के निवासी अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 की धारा 3(1)(i) के तहत अपने गांवों के आसपास के वन संसाधनों पर अधिकार की मांग कर रहे थे, जिसे वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के नाम से जाना जाता है।

एफआरए के तहत, जंगलों में रहने वाले समुदाय दो प्रकार के अधिकारों के हकदार हैं। पहला, वनभूमि पर बसने और खेती का व्यक्तिगत अधिकार और दूसरा अधिकारों का एक व्यापक समूह है जिसे सामुदायिक वन अधिकार (सीएफआरआर) कहा जाता है। इसके अंतर्गत समुदाय बांस और तेंदूपत्ता जैसे लघु वनोपज का प्रबंधन, संग्रह और विक्रय कर सकते हैं। धारा 3(1)(i) के प्रावधान, जिन्हें सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफआरआर) कहा जाता है, का दायरा और भी व्यापक है। वे समुदायों की वन उत्पादों तक पहुंच और उनका उपयोग करने के अधिकारों को मान्यता देने के अलावा किसी भी सामुदायिक वन संसाधन की रक्षा, पुनरुत्पादन, संरक्षण या प्रबंधन करने के अधिकारों को भी मान्यता देते हैं, जिसे वे पारंपरिक रूप से स्थायी उपयोग के लिए संरक्षित करते रहे हैं।

एक बार किसी समुदाय के लिए सीएफआरआर को मान्यता मिलने के बाद जंगल का स्वामित्व वन विभाग के बजाय ग्राम सभा (ग्राम परिषद, जिसमें सभी मतदाता शामिल हैं) के हाथों में चला जाता है। ग्राम सभा प्रबंधन, उपयोग और संरक्षण के लिए अपने नियम और कानून बनाने के लिए स्वतंत्र रहती है। इसकी सहमति



के बिना, जंगल को वन्यजीव संरक्षण सहित किसी भी उपयोग के लिए डायवर्ट नहीं किया जा सकता है। अत: प्रभावी रूप से देखें तो ग्राम सभा वनों के प्रबंधन के लिए नोडल बॉडी बन जाती है। भुवनेश्वर स्थित एक गैर-लाभकारी संस्था वसुंधरा ने कई राज्यों में एफआरए कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संस्था के कार्यकारी निदेशक वाई गिरि राव के अनुसार, सीएफआरआर को अधिकारों के एक ओपन एंडेड और सांकेतिक समूह के रूप में देखा जा सकता है।

वह कहते हैं, अगर किसी अधिकार का उल्लेख एफआरए में नहीं किया गया है, फिर भी आदिवासी और वनवासी इस प्रावधान का उपयोग करके अपनी मांग रख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, सीएफआरआर के तहत अधिकारों में वैसी वन उपज भी शामिल है जो उनकी प्रथागत सीमा में नहीं आती है, लेकिन जिसका समुदायों द्वारा सदियों से उपयोग किया जाता रहा है। इस तरह, सीएफआरआर उन समुदायों को भी अधिकार देता है जो खानाबदोश हैं और जिनका मुख्य पेशा पशुपालन है।

हालांकि धारा 3(1)(i) हमेशा से ही एफआरए के अंतर्गत आती थी, लेकिन शुरुआत में समुदाय इसके तहत अधिकारों का दावा नहीं कर सकते थे। एफआरए के तहत अधिकारों का दावा करने के लिए समुदायों को केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए फॉर्मों के माध्यम से आवेदन करना होता है। 2012 तक इसके दो स्वरूप थे। व्यक्तिगत अधिकारों के लिए फॉर्म ए और सीएफआर के लिए फॉर्म बी। लेकिन फॉर्म बी में धारा 3(1)(i) के तहत दिए गए अधिकार शामिल नहीं थे। 2012 में सरकार ने धारा 3(1)(i) के तहत अधिकार प्रदान करने के लिए एक अन्य फॉर्म सी को पेश करने के लिए एफआरए नियमों में संशोधन किया। 2012 के बाद से वैसे वन समुदायों और गांवों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो सीएफआरआर की मांग कर रहे हैं। धारा 3(1)(i) के तहत अधिकार प्रदान करने वाली राज्य सरकारों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। डाउन टू अर्थ के विश्लेषण के अनुसार, मार्च 2022 तक भारत के 28 राज्यों में से नौ (ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड, झारखंड, कर्नाटक, केरल और हिमाचल प्रदेश) सीएफआरआर प्रदान कर रहे हैं, जबकि चार राज्यों (राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश) में आवेदनों की प्रक्रिया जारी है। तमिलनाडु, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, बिहार, असम और त्रिपुरा में कोई दावा दायर नहीं किया गया है। नागालैंड और सिक्किम में पहले से ही विशेष कानून हैं जो सामुदायिक अधिकारों को सुरक्षित करते हैं, जबकि मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम ने अधिनियम को लागू नहीं किया है। पंजाब और हरियाणा में कोई महत्वपूर्ण आदिवासी आबादी नहीं हैं।

छत्तीसगढ़ ने विशेष रूप से बड़ी संख्या में सीएफआरआर दावों का निस्तारण किया है। इस राज्य ने 2019 में अपना पहला सीएफआरआर दावा (धमतरी जिले का जबरा गांव) स्वीकार किया। कुल मिलाकर, पिछले चार वर्षों में इसने अपने 33 में से 25 जिलों से 3,903 गांवों और चार नगर पंचायतों से सीएफआरआर दावे प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग के एक आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, मार्च 2022 तक 3,782 आवेदन स्वीकार किए हैं। एक सरकारी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि राज्य ने अपने 20,000 गांवों में से 12,500 को सीएफआरआर प्रदान करने के लिए चिन्हित किया है।

छत्तीसगढ़ के वन अधिकार कार्यकर्ता आलोक शुक्ला कहते हैं, हाल के वर्षों में सीएफआरआर पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जब एक गांव के दावे स्वीकार कर लिए जाते हैं, तो पड़ोसी गांव भी दिलचस्पी लेने लगते हैं। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में चल रहा विरोध भी राज्य सरकार द्वारा 2021 में रिजर्व में स्थित पांच गांवों के सीएफआरआर दावों को स्वीकार करने के बाद ही शुरू हुआ था।

# सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची



एजेंसी। मेलबर्न

**सानिया** मिर्जा और रोहन बोपन्ना की भारतीय जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। दोनों खिलाड़ियों को क्वार्टर फाइनल में वॉकओवर मिला। भारतीय जोड़ी को लातविया की येलेना ओस्टापेंको और स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज की जोड़ी के खिलाफ खेलना था, उन्हें वॉकओवर मिल गया।

ओस्टापेंको और हर्नांडेज ने मैच से अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की जोड़ी खिताब के और ज्यादा करीब पहुंच गई है।

### दोनों खिलाड़ियों को क्वार्टर फाइनल में वॉकओवर मिला

इससे पहले सानिया और बोपन्ना की जोड़ी ने उरुग्वे के एरियल बेहर और जापान के मकाटो निनोमिया की जोड़ी को कोर्ट 7 पर 6-4, 7-6 (11-9) से हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई थी।

टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले सानिया ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका अंतिम ग्रैंड स्लैम होगा।

सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद शीर्ष भारतीय टेनिस स्टार का सपना होगा कि एक और ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम करे।

सानिया अपनी महिला युगल स्पर्धा में कमाल नहीं कर सकीं। वह दूसरे दौर में बाहर हो गई थीं। मिर्जा और कजाखस्तान की उनकी जोड़ीदार अन्ना डेनिलिना को बेल्जियम की एलिसन वान उइतवैंक और यूक्रेन की एंहेलिना कलिनिना के खिलाफ तीन सेटों तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

### खाचानोव और रायबाकीना सेमीफाइनल में

**पुरुष** एकल में रूस के करेन खाचानोव सेमीफाइनल में पहुंच गए। क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा के खिलाफ उन्हें वॉकओवर मिला। कोर्डा तीसरे सेट में बाहर हो गए। उस समय खाचानोव मैच में 7-6 (7-5), 6-3, 3-0 से आगे थे। दूसरी ओर, महिला एकल में कजाखस्तना की एलेना रायबाकिना ने लातविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हरा दिया। इस मैच के तुरंत बाद ओस्टापेंको को मिश्रित युगल में सानिया और बोपन्ना की जोड़ी से खेलना था, लेकिन उन्होंने थकान के कारण अपना नाम वापस ले लिया।

# कोहली के दो दृष्टिबाधित दीवानों को सहायकों संग स्टेडियम में रोका

एजेंसी। इंदौर

**भारत** और न्यूजीलैंड के बीच इंदौर में मंगलवार को खेले गए एक दिवसीय मैच के गवाह बनने पहुंचे दो दृष्टिबाधितों को पुलिसकर्मियों ने पर्याप्त टिकटों के अभाव में उनके सहायकों के साथ प्रवेश करने से रोक दिया। हालांकि, धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली के दीवाने दोनों दृष्टिबाधितों को उनके सहायकों के साथ प्रवेश की अनुमति मानवीय आधार पर कुछ देर बाद दे दी गई।

चश्मदीदों ने बताया कि भारत-न्यूजीलैंड मैच के दौरान आशीष चौहान और अभिषेक नामदेव अपने दो सहायकों के साथ होलकर स्टेडियम पहुंचे थे।

चौहान की बहन अंजलि ने बताया, मेरे भाई ने बाकायदा मैच का टिकट खरीदा था, लेकिन स्टेडियम में मुझे उसके साथ जाने से यह कहते हुए रोक दिया गया कि एक टिकट पर एक व्यक्ति को ही प्रवेश मिलेगा। चश्मदीदों के मुताबिक, दोनों दृष्टिबाधितों के सहायकों ने मौके पर मौजूद पुलिस के आला अफसरों को अपनी परेशानी बताई जिसके बाद इन सभी को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दे दी गई।

# मंधाना और हरमनप्रीत के अर्धशतक से भारतीय महिला टीम जीती

## भारतीय टीम ने 20 ओवर में दो विकेट पर 167 रन बनाए

एजेंसी। ईस्ट लंदन

**स्मृति** मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद अर्धशतकों की मदद से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी-20 श्रृंखला के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 56 रन से हराया। टीम इंडिया अपने पहले मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 27 रन से जीती थी। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज की लगातार दूसरी हार है।

उसे पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 44 रन से हराया था। अंक तालिका में भारत (आठ अंक) पहले, दक्षिण अफ्रीका (चार अंक) दूसरे और वेस्टइंडीज (शून्य) तीसरे स्थान पर है।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम इंडिया ने 20 ओवर में दो विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में चार विकेट पर 111 रन ही बना सकी। भारत की ओपनर स्मृति मंधाना और यास्तिका भाटिया ने 5.5 ओवर में पहले विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी की। यास्तिका 23 गेंद पर 18 रन बनाकर रैमहेरेक की गेंद पर आउट हुईं। यास्तिका के बाद क्रीज पर आईं हरलीन देओल भी लंबी पारी नहीं खेल पाईं। वह नौवें ओवर की दूसरी गेंद पर शनिका ब्रूस का शिकार बन गईं। हरलीन ने 11 गेंद पर 12 रन बनाए। दो विकेट गिर जाने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर क्रीज पर आईं। उन्होंने फिर स्मृति मंधाना के साथ मिलकर मोर्चा संभाला। दोनों ने मिलकर वेस्टइंडीज की गेंदबाजों की जमकर धुनाई की।



### मंधाना और हरमनप्रीत ने की शतकीय साझेदारी

**मंधाना** ने टी-20 में 20वां अर्धशतक लगाया। वहीं, हरमनप्रीत कौर ने आखिरी ओवर में अपने करियर का नौवां अर्धशतक पूरा किया। हरमनप्रीत और स्मृति ने तीसरे विकेट के लिए 70 गेंदों पर नाबाद 115 रन की साझेदारी की। दोनों की साझेदारी के 107 रन आखिरी 10 ओवर में आए। स्मृति मंधाना 51 गेंद पर 74 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने 10 चौके लगाए। इसके अलावा एक छक्का भी लगाया। उनका स्ट्राइक रेट 145.10 का रहा। हरमनप्रीत ने 35 गेंद पर नाबाद 56 रन बनाए। उन्होंने आठ चौके लगाए। हरमनप्रीत का स्ट्राइक रेट 160 का रहा।

### शेमाइन कैम्पबेल ने वेस्टइंडीज के लिए बनाए सर्वाधिक रन

**वेस्टइंडीज** की पारी की बात करें तो शेमाइन कैम्पबेल ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए। कप्तान हेली मैथ्यूज 34 रन बनाकर नाबाद रहीं। इन दोनों के अलावा एफी फ्लेचर ही दहाई का आंकड़ा छू सकीं। एफी ने नाबाद 10 रन बनाए। विकेटकीपर रशादा विलियम्स आठ और शबिका गजनबी तीन रन बनाकर आउट हुईं। ब्रिटनी कूपर खाता भी नहीं खोल पाईं। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड़ और राधा यादव को एक-एक सफलता मिली।

## इंडोनेशिया मास्टर्स

### प्रियांशु मुख्य ड्रॉ में प्रणीत का संघर्ष जारी

**जकार्ता।** प्रियांशु राजावत दो शानदार जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में पहुंच गए जबकि बी साइ प्रणीत समेत बाकी भारतीय क्वालीफाइंग दौर में हार गए। ओडिशा ओपन सुपर 100 टूर्नामेंट 2022 में फाइनल में पहुंचे प्रियांशु ने डेनमार्क के विक्टर स्वेंडसेन को 21-10, 13-21, 21-13 से मात दी। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव को 21-17, 21-19 से हराया था।

थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे प्रियांशु का सामना इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वार्डोयो से होगा। वहीं प्रणीत को मलेशिया के चिएम जून वेइ ने 21-18, 21-19 से हराया। सिंगापुर ओपन में पूर्व चैम्पियन रहे वेइ ने इससे पहले इंडोनेशिया के इखसान लियोनार्डो इमैनुअल रूंबे को 21-18, 9-21, 21-15 से मात दी थी। किरण जॉर्ज और मिथुन मंजूनाथ भी क्वालीफायर के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। कार्तिकेय गुलशन कुमार ने मलेशिया के यो सैंग जो को 21-8, 21-14 से हराया लेकिन लिन चुन यि से 16-21, 17-21 से हार गए। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी ने चीनी ताइपै के पो लि वेइ और चांग चिंग हुइ को 21-15, 21-18 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। बी सुमीत रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा हालांकि इंडोनेशिया के जफर हिदायतुल्लाह और एएस पुत्री प्रनाता से 20-22, 17-21 से हार गए। कृष्णा प्रसाद और विष्णुवर्धन गोड़ पंजाला को मलेशिया के तान कियान मेंग और तान वी कियोंग ने 21-17, 21-9 से मात दी।

# वनडे में नंबर-1 बना भारत, तीसरे मैच में न्यूजीलैंड को 90 रन से हराया

### कीवियों पर भारतीयों ने किया तीसरी बार क्लीन स्वीप

एजेंसी। इंदौर

**कप्तान** रोहित शर्मा के तीन साल में पहले एकदिवसीय शतक के अलावा शुभमन गिल के आक्रामक शतक से भारत ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मैच में न्यूजीलैंड को 90 रन से हराकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया जिससे वह आईसीसी टीम रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया।

भारत के 386 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम डेवोन कॉनवे की 100 गेंद में 12 चौकों और आठ छक्कों से करियर की सर्वश्रेष्ठ 138 रन की पारी और हेनरी निकोल्स (42) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 106 रन की साझेदारी के बावजूद 41.2 ओवर में 295 रन पर ढेर हो गई। भारत ने एकदिवसीय श्रृंखला में तीसरी बार न्यूजीलैंड का क्लीनस्वीप किया है। भारत की ओर से शारदुल ठाकुर (45 रन पर तीन विकेट) ने मध्यक्रम को ध्वस्त किया जबकि कुलदीप यादव (62 रन पर तीन विकेट) ने निचले क्रम को परेशान किया।

26 ओवर में भारत का स्कोर बिना विकेट खोए 212 रन था। तभी रोहित आउट हुए। इसके कुछ देर बाद शुभमन गिल भी पवेलियन लौट गए। विराट कोहली (36), ईशान किशन (17) और सूर्यकुमार यादव (14) ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके। हार्दिक और शार्दूल ठाकुर ने सातवें विकेट के लिए 54 रन जोड़कर भारत को फिर ट्रैक पर वापस लौटाया। यह वनडे क्रिकेट में भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। टीम इंडिया ने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर आठ मार्च 2009 को क्राइस्टचर्च में बनाया था। तब भारत ने 50 ओवर में चार विकेट पर 392 रन बनाए थे। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों 157 गेंदों पर 212 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। रोहित ने अपने वनडे करियर का 30वां शतक बनाया। तो गिल ने छठी सेंचुरी पूरी की। कप्तान रोहित के बल्ले से तीन साल बाद वनडे शतक आया है। तो गिल ने पिछले चार मैचों में तीसरी सेंचुरी जमाई है।



### शमी-सिराज को आराम, मलिक-चहल को मौका

**रोहित** शर्मा ने अपनी टीम में दो बदलाव किए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की जगह उमरान मलिक और चहल को मौका दिया गया है। वहीं, कीवी कप्तान टॉम लॉथम ने शिप्ले की जगह डफी को प्लेइंग में शामिल किया है।



# दिग्गज खिलाड़ियों ने कहा, विश्व कप में भारतीयों ने औसत हॉकी खेली

### कहा कि भारतीयों में स्तरीय खेल की कमी खेल के सभी विभागों में शीर्ष देशों से नीचे हैं

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** हॉकी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने मंगलवार को विश्व कप में औसत प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय टीम की आलोचना की जिसमें टीम क्रॉसओवर में न्यूजीलैंड से हारकर क्वार्टरफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई। पूर्व दिग्गजों ने कहा कि इस लचर प्रदर्शन से तोक्यो ओलंपिक में एतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद देश ने जो लय हासिल की थी वह रुक गई।

भारत 1975 में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार विश्व कप में पोडियम पर जगह बनाने के इरादे से इस बार टूर्नामेंट में उतरा था लेकिन क्रॉसओवर मैच में सडन डेथ में न्यूजीलैंड से हार गया। मेजबान टीम गुरुवार और शनिवार को राउरकेला में नौवें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच खेलेगी। विश्व कप 1975 की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य अशोक कुमार ने कहा कि भारतीयों में स्तरीय खेल की कमी है और वे खेल के सभी विभागों में शीर्ष देशों से बहुत नीचे हैं।



उन्होंने कहा, टीम को हर तरह का सहयोग दिया गया, छह से सात महीने का शिविर, विदेशी अनुभव, शीर्ष स्तर का बुनियादी ढांचा, सर्वश्रेष्ठ खानपान, और क्या किया जा सकता था? और उन्होंने क्या प्रदर्शन किया? आप घरेलू विश्व कप में अपने प्रशंसकों के सामने क्वार्टर फाइनल में भी नहीं पहुंचे। अशोक कुमार ने कहा, खिलाड़ियों के स्तर के साथ इसका बहुत कुछ लेना-देना है, आखिरकार हार औसत खिलाड़ियों के औसत खेल खेलने के कारण हुई। इससे आप विश्व कप में पदक नहीं जीत सकते।

# पता नहीं भारत दौरे पर अभ्यास मैच क्यो नहीं रखा गया : क्लार्क

एजेंसी। मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का कहना है कि नौ फरवरी से भारत में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले अभ्यास मैच नहीं रखना समझ से परे है। आस्ट्रेलियाई टीम भारत में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी। क्लार्क ने कहा कि अभ्यास मैच नहीं खेलने का श्रृंखला के नतीजे पर काफी असर पड़ सकता है।



उन्होंने बिग स्पोटर्स ब्रेकफास्ट पर कहा, अभ्यास मैच नहीं होना समझ से परे है। भारत में पहले टेस्ट से पूर्व कोई अभ्यास मैच नहीं है। इसका काफी असर पड़ सकता है। आस्ट्रेलिया के लिए 115 टेस्ट खेल चुके क्लार्क ने कहा, आस्ट्रेलिया में खेलने की तुलना में भारत में खेलना बिल्कुल अलग है। स्पिन गेंदबाजों को कैसे खेलना है, रिवर्स स्विंग का सामना कैसे करना है, इसके लिए अलग रणनीति बनानी होती है। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने हालांकि कहा कि टीम काफी दौरों पर अभ्यास मैच के बिना खेल चुकी है।

### बोले, आस्ट्रेलिया में खेलने की तुलना में भारत में खेलना बिल्कुल अलग

उन्होंने कहा, पिछली कुछ श्रृंखलाओं में हमने अभ्यास मैच नहीं खेले। हमें लगता है कि उसकी जरूरत नहीं है। हम पहले टेस्ट से एक सप्ताह पूर्व भारत जा रहे हैं। तैयारियों को लेकर हम उतना दबाव नहीं बनाना चाहते।

## पंत 2022 की आईसीसी टेस्ट टीम में शामिल एकमात्र भारतीय

**दुबई।** पिछले साल के आखिर में कार दुर्घटना में घायल होने के बाद अब उपचार करा रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 2022 की आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम में शामिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने टेस्ट मैचों में बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने 12 पारियों में 61.81 की औसत और 90.90 की स्ट्राइक रेट से 680 रन बनाए। उन्होंने 2022 में दो शतक और चार अर्धशतक भी लगाए।

पंत ने 2022 में टेस्ट मैचों में 21 छक्के लगाए तथा विकेटकीपर के रूप में 23 कैच लेने के अलावा उन्होंने छह स्टंप आउट भी किए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को आईसीसी टेस्ट एकादश का भी कप्तान नियुक्त किया गया है। उनके अलावा इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन को भी इस टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी टेस्ट एकादश में ऑस्ट्रेलिया के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिनमें कप्तान पैट कमिंस भी शामिल हैं। कमिंस और एंडरसन के अलावा एक अन्य तेज गेंदबाज दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा को भी टीम में लिया गया है।


## संक्षिप्त समाचार

### एमबाप्पे के पांच गोल से पीएसजी की शानदार जीत



**पेरिस।** फ्रांस के विश्व कप स्टार काइलियान एमबाप्पे के पांच गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने फ्रेंच कप फुटबॉल में पेस डे कासेल को 7-0 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना मार्सेले से होगा। फ्रांस को 18 दिसंबर को विश्व कप फाइनल में अर्जेंटीना ने हराया था। एमबाप्पे के इस सत्र में 24 मैचों में 25 गोल हो गए हैं और पीएसजी के लिए उनके कुल 196 गोल हो चुके हैं। वह एडिंसन कावानी के क्लब रिकॉर्ड से चार गोल पीछे हैं। पीएसजी चैम्पियंस लीग अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में 14 फरवरी को बायर्न म्युनिख की मेजबानी

### खाचानोव आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में



**मेलबर्न।** सेबेस्टियन कोरडा की कलाई में चोट के कारण तीसरे सेट में कोर्ट छोड़ देने के बाद 18वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव ने आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। खाचानोव का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास या गैर वरीय जिरि लेहेका से होगा। वह उस समय 7-6, 6-3, 3-0 से आगे थे जब कोरडा को कोर्ट छोड़ना पड़ा। तीसरे दौर में अमेरिकी ओपन चैम्पियन और दो बार के आस्ट्रेलियाई ओपन उपविजेता दानिल मेदवेदेव को हराने वाले कोरडा को दूसरे सेट में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी। विम्लबडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना ने फ्रेंच ओपन चैम्पियन एलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना जेसिका पेगुला या विक्टोरिया अजारेंका से होगा।

# महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा को फायदा

एजेंसी। दुबई

**कप्तान** हरमनप्रीत कौर दक्षिण अफ्रीका में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत वेस्टइंडीज के खिलाफ 35 गेंद में नाबाद 56 रन की पारी की बदौलत शीर्ष 10 बल्लेबाजों में जगह बनाने के करीब हैं।

ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 रन की पारी से करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें पायदान पर पहुंच गई हैं। नवीनतम रैंकिंग में दीप्ति ऑलराउंडरों की सूची में भी एक स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं।

### दीप्ति 33 रन की पारी से करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें पायदान पर पहुंची

वेस्टइंडीज के खिलाफ 51 गेंद में नाबाद 74 रन की पारी खेलकर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं स्मृति मंधाना तीसरे स्थान के साथ भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। उन्हें इस पारी से नौ रेटिंग अंक का फायदा हुआ और उनके कुल 736 अंक हो गए हैं। स्मृति पिछले साल सितंबर में रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज थी। वह दूसरे स्थान पर चल रही बेथ मूनी से 24 अंक पीछे हैं। ताहलिया मैकग्रा 814 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान सुने लुस दो मैच में 29 और 30 रन के साथ 47वें से 45वें स्थान पर पहुंच गई हैं। क्लो टायरन और मारिजेन कैप को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय गेंबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर नोनकुलुलेको मलाबा चार स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने दो मैच में दो विकेट चटकाए।





## मंधाना, हरमनप्रीत, रेणुका आईसीसी की वर्ष की महिला वनडे टीम में

एजेंसी। दुबई

**भारत** की स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को आईसीसी वर्ष की महिला एक दिवसीय क्रिकेट टीम में चुना गया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ महिला टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में नाबाद 74 रन बनाने वाली मंधाना ने 2022 में एक शतक और छह अर्धशतक बनाए। उन्होंने न्यूजीलैंड में विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 123 रन की पारी खेली। इसके बाद सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ होव में 91 रन बनाए और फिर 40 तथा 50 रन की पारियां खेली।



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने दो शतक और पांच अर्धशतक बनाए। तेज गेंदबाज रेणुका ने 2022 में सात मैचों में 18 विकेट लिए। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पल्लेकेले में 28 रन पर चार विकेट चटकाए। दक्षिण अफ्रीका की तीन क्रिकेटरों को भी आईसीसी वनडे टीम में जगह मिली है। इनमें बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट, तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका और शबनम इस्माइल शामिल हैं।

### आईसीसी वर्ष की महिला वनडे टीम

**एलिसा** हीली (विकेटकीपर), बेथ मूनी (आस्ट्रेलिया), स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, रेणुका सिंह (भारत), लौरा वोल्वार्ट, अयाबोंगा खाका, शबनम इस्माइल (दक्षिण अफ्रीका), नेट स्किवेर , सोफी एक्सेलेटोन (इंग्लैंड), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड)।

## कर्नाटक ने झारखंड को 164 रन पर समेटा

**जमशेदपुर।** के गौतम (61 रन देकर चार विकेट) और श्रेयस गोपाल (18 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में मंगलवार को यहां मेजबान झारखंड को पहली पारी में 164 रन पर आउट कर दिया।

ग्रुप सी में शीर्ष पर चल रहे कर्नाटक ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 80 रन बनाए थे। वह अभी झारखंड से 84 रन पीछे है। कर्नाटक के आउट होने वाले बल्लेबाजों में मयंक अग्रवाल (20) और आर समर्थ (31) शामिल हैं। झारखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसका कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। उसकी तरफ से कुमार कुशाग्र ने सर्वाधिक 37 रन बनाए।